CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम: 13°C

मुरादाबाद, रविवार 30 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 106 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 8 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




जिहाद जैसे शब्दों पर मौलाना महमूद मदनी ने जताई आपत्ति पेज 2



सुल्तान अजलान शाह कप: कनाडा को 14-3 से रौंदकर भारत फाइनल में खेल टाइम्स



लंदन में भारत-पाकिस्तान की डिबेट कैंसिल, पाक ने भारत पर लगाया पीछे हटने का आरोप पेज 11



रणवीर नहीं दीपिका को पड़ी रणबीर की जरूरत बॉलीवुड

# नेशनल हेराल्ड केस पर फैसला तीसरी बार टला

## ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान ले या नहीं, कोर्ट को तय करना है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला तीसरी बार टल गया है। कोर्ट को यह तय करना है कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान ले या नहीं। चार्जशीट में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा, सुमन दुबे और दूसरे कई सीनियर कांग्रेसी नेताओं के नाम हैं।

जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुड़ी फाइनेंशियल गड़बड़ियों का आरोप लगाया है। यह कंपनी ही असल में नेशनल हेराल्ड अखबार पब्लिश करती थी। कोर्ट ने 14 जुलाई को बहस पूरी होने के बाद फैसला 29 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रखा था। इसके बाद 8 अगस्त और 29 नवम्बर को फैसला टला। अब कोर्ट 16 दिसम्बर को फैसला सुनाएगी। अप्रैल में ईडी ने 661 करोड़ की संपत्तियां जब्त करने का नोटिस जारी किया था। ईडी ने अप्रैल में एक बयान में कहा कि उसने 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया है। ईडी ने पीएमएलए एक्ट की धारा 8 और नियम 5(1) के अनुसार संबंधित संपत्ति रजिस्ट्रार को दस्तावेज सौंपे थे। ईडी ने कब्जे में लिए जाने वाली संपत्तियां खाली करने की मांग की थी। इन अचल संपत्तियों के अलावा ईडी ने एजेएल के 90.2 करोड़ रुपये के शेयरों को नवम्बर 2023 में अपराध की आय को सुरक्षित करने और आरोपी को इसे नष्ट करने से रोकने के लिए कुर्क किया था। ईडी ने मुंबई के बांद्रा में हेराल्ड हाउस की 7वीं, 8वीं और 9वीं मंजिल पर स्थित जिंदल साउथ वेस्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को भी नोटिस दिया गया, कि वह हर महीने किराया ईडी के निदेशक के पक्ष में ट्रांसफर करे। जून 2022 में नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी से 5 दिनों में 50 घंटे पूछताछ हुई थी। फिर 21 जुलाई 2022 में नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी से 3 दिन में 12 घंटे सवाल हुए थे। इस दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए। ईडी ने राहुल गांधी से भी जून में पांच दिनों में 50 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में एक याचिका दाखिल करते हुए सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के ही मोतीलाल वोरा, आस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे पर घाटे में चल रहे नेशनल हेराल्ड अखबार को धोखाधड़ी और पैसों की हेराफेरी के जरिये हड़पने का आरोप लगाया था।



■ आरोपियों में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नाम शामिल

# एनआईए ने हल्द्वानी से इमाम समेत दो लोगों को लिया हिरासत में

## दिल्ली ब्लास्ट के तार उत्तराखंड से जुड़े, हल्द्वानी पहुंची आंच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** दिल्ली बम ब्लास्ट की आंच उत्तराखंड पहुंच गई है। मामले के तार उत्तराखंड से जुड़ते हुए महानगर हल्द्वानी के बनभूलपुरा तक पहुंच गए हैं। यहां राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने नैनीताल जिले में ताबड़तोड़ छापेमारी की है। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से एक इमाम और एक इलेक्ट्रीशियन को हिरासत में लिया गया है। जबकि नैनीताल की तल्लीताल मस्जिद के मौलाना मोहम्मद नईम से करीब तीन घंटे तक गहन पूछताछ की गई है। फिलहाल, इस मामले पर लोकल पुलिस कुछ भी खुलकर बोलने से बच रही है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार भोर में एनआईए ने एसटीएफ और स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया। जिस वक्त यह कार्रवाई हुई दोनों आरोपी अपने घर में सो रहे थे। दोनों को पूछताछ के लिए एनआईए गोपनीय स्थान पर ले गई है। विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि दिल्ली ब्लास्ट का मुख्य आरोपी डा. मुज़म्मिल शकील गनई, जिस अल फलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता और रिसर्च करता था, उसका कनेक्शन अब नैनीताल में मिल रहा है। ज्ञात हो कि इससे पहले इस आतंकी घटना के तार देहरादून और पिथौरागढ़ में खंगाले जा चुके हैं। इसी घटना की कड़ी से कड़ी जोड़ती एनआईए ने उत्तराखंड -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ एसटीएफ और लोकल पुलिस के साथ भोर में दिया कार्रवाई को अंजाम

### डा. शाहीन के फ्लैट से मिले 18.5 लाख, सोने के बिस्किट व विदेशी करेंसी

**फरीदाबाद।** गुरुवार रात डा. शाहीन को निशानदेही के लिए लेकर पहुंची, तो टीम ने उससे ये डिजिटल लॉकर खुलवाया। लॉकर खोला गया, तो उसमें कई सारे पैकेट दिखे, जिसमें खाकी रंग की टेप भी लगी थी। शाहीन से उनके बारे में पूछा तो बोली कि इन पैकेट में सामान है। पैकेट खोलकर चेक किया, तो उसमें 500 के नोट भरे थे। सभी पैकेट खोलकर चेक किए तो इनमें 18.50 लाख रुपये नकद, सोने के दो बिस्किट, गहने मिले। सोने के बिस्किट व जूलरी का कुल वजन 300 ग्राम पाया गया। इसके साथ ही सऊदी अरब की करेंसी भी लॉकर से टीम को मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा में प्रेमी ने प्रेमिका की गोली मारकर की हत्या

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेंट्रल फेस-दो थाना क्षेत्र में देर रात एक सिरफिरे आशिक ने अपनी प्रेमिका की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश के लिए पुलिस ने तीन टीमें गठित की हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि नोएडा के याकूबपुर गांव के एक पीजी में किराए पर रह रही एक युवती का आरोपी के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। प्रेमी युवक शुक्रवार देर रात प्रेमिका के कमरे में पहुंचा और दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के क्रम में उसने युवती को गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। हत्या की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस घायल युवती को नजदीकी अस्पताल लेकर गई जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या के कारणों का पता लगाया जाएगा।

### इंडिगो व एयर इंडिया ग्रुप की 338 फ्लाइट्स प्रभावित

**नई दिल्ली।** दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाले एयरबस के ए320 सीरीज के एयरक्राफ्ट्स पर तेज सोलर रेडिएशन का खतरा मंडरा रहा है। यह फ्लाइट कंट्रोल डेटा को खराब कर सकता है, जिससे एयरक्राफ्ट्स की ऊंचाई, डायरेक्शन, कंट्रोल जैसी बेहद अहम जानकारी गलत हो सकती है। इस तकनीकी खराबी से बचने के लिए फ्रांस की विमानन कंपनी एयरबस ने सभी एयरलाइन कंपनियों से उनके बेड़े में शामिल ए320 सीरीज के विमानों के सॉफ्टवेयर अपडेट करने के निर्देश दिए हैं।

# बंगाल में आठ महीने बाद वक्फ संशोधन कानून लागू

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ममता सरकार 8 महीने के विरोध के बाद नए वक्फ संशोधन कानून को लागू करने पर राजी हो गई है। राज्य सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि राज्य की 8063 वक्फ संपत्तियों की जानकारी 6 दिसम्बर 2025 तक केंद्र सरकार की यूएमआईडी वेबसाइट पर अपलोड करें।

वक्फ संशोधन कानून इस साल 4 अप्रैल को संसद के दोनों सदनों से पास हुआ था। तब पश्चिम बंगाल ने इसे अपने राज्य में लागू करने से मना कर दिया था। सीएम ममता बनर्जी ने 8 अप्रैल को एक रैली में कहा था कि जब तक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी है, मुस्लिम समुदाय की संपत्ति की रक्षा करेगी। चाहे कोई गोली मार दे, मुझे एकता से अलग नहीं किया जा सकता। बंगाल में धर्म के नाम पर बंटवारा नहीं होगा। कानून को अदालत में चुनौती दी गई है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नए प्रावधानों के लागू होने पर कोई रोक नहीं लगाई। इसलिए कानूनी रूप से राज्य सरकार पर इसे लागू करने की बाध्यता है। केंद्र सरकार का साफ निर्देश है कि सभी अविवादित वक्फ संपत्तियों का रिकॉर्ड डेडलाइन -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ ममता बोली थीं- गोली मार दो, लेकिन धर्म के आधार पर बंटवारा नहीं होगा

# शीतकालीन सत्र में भी सुनाई देगी SIR की गूंज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्ष के मौजूदा तेवरों को देखते हुए संसद के शीतकालीन सत्र में भी इसके छाए रहने की संभावना है। इस सत्र में विपक्ष दिल्ली कार विस्फोट, राजधानी दिल्ली में प्रदूषण की समस्या और नए श्रम कानूनों जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाएगा।

विपक्ष और सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संक्षिप्त सत्र के लिए कमर कस ली है और दोनों पक्ष अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटे हैं। शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक चलेगा और इस दौरान केवल 15 बैठकें होंगी। विपक्ष सत्र को संक्षिप्त रखे जाने पर भी सरकार पर हमलावर है। सरकार ने जहां इस सत्र में कॉरपोरेट कानून, परमाणु ऊर्जा और शिक्षा सहित दस विधेयकों को पारित कराने का एजेंडा तैयार किया है, वहीं विपक्ष एसआईआर, ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगातार किए जा रहे दावों, चीन के साथ संबंधों, आतंकवाद, प्रदूषण और अन्य मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, समाजवादी पार्टी और कुछ अन्य दलों ने एसआईआर के मुद्दे पर सरकार और चुनाव आयोग के बीच साठगांठ का आरोप लगाते हुए इसे संसद में जोर शोर से उठाने का संकेत दिया है। एसआईआर के मुद्दे पर तृणमूल के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात भी की है।



■ दिल्ली कार विस्फोट,
■ दिल्ली में प्रदूषण और नए श्रम कानूनों जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाएगा विपक्ष

मिरगी

घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण

- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता

मार्शल चिकित्सा केन्द्र

निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट
जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।



## संक्षिप्त समाचार

### विवेक चतुर्वेदी सीबीआईसी के अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को वर्तमान में केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य विवेक चतुर्वेदी को बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। यह नियुक्ति कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा अनुमोदित की गई तथा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा जारी आदेश में इसकी घोषणा की गई। श्री चतुर्वेदी 1990 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर) अधिकारी हैं। वह 28 नवम्बर 2025 को सीबीआईसी के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए संजय कुमार अग्रवाल की जगह लेंगे। सीबीआईसी में सदस्य बनने से पहले श्री चतुर्वेदी ने सीबीआईसी में सतर्कता के प्रधान महानिदेशक तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपनी सेवार दी। वह कर प्रशासन, सतर्कता एवं अनुपालन के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव के साथ शीर्ष पद पर पहुंचे हैं।

### अग्निवीरों ने गीता पर हाथ रखकर ली राष्ट्र रक्षा की शपथ

**वाराणसी।** छावनी स्थित 39 गोरखा ट्रेनिंग सेंटर (जीटीसी) में शनिवार को सैन्य परम्पराओं के अनुरूप अग्निवीरों की भव्य शपथ-परेड सम्पन्न हुई। अग्निपथ योजना के 06/25 बैच के कुल 353 अग्निवीरों ने पवित्र भगवद्गीता पर हाथ रखकर राष्ट्रध्वज की मर्यादा बनाए रखने और देश की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने का संकल्प लिया। समारोह में सैन्य अनुशासन, उत्साह और गौरव का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। समारोह के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर जयदीप चंदा, कमांडेंट, 39 जीटीसी ने परेड की सलामी ली

# एसआईआर पर चुनाव आयोग-भाजपा में मिलीभगत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अखिलेश ने कहा: शादियों के इस मौसम में सभी लोग व्यस्त हैं, ऐसे समय में ईसी एसआईआर करवा रहा है

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। अखिलेश ने शनिवार को कहा कि एसआईआर को लेकर इतनी जल्दबाजी में क्यों हैं।


श्री यादव ने पत्रकारों से कहा कि शादियों के मौसम में सभी लोग व्यस्त हैं। इसी समय आयोग एसआईआर करवा रहा है। आखिर भाजपा और आयोग के बीच क्या शेटिंग है। एसआईआर को लेकर कोई बड़ी साजिश रची जा रही है। अखिलेश ने कहा है कि प्रदेश में लगातार शादियां हो रही हैं और शादियों के समय पर लोगों का एक दूसरे के यहां आना-जाना, शादी की तैयारी करना सब व्यस्त हैं। इतने कम समय में एसआईआर कराना पूरे प्रदेश का और किस-किस को आपने जिम्मेदारी दी हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी दोनों मिले हुए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एसआईआर कराने की जल्दी क्यों है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को सहायक बनाया गया है। अखिलेश ने मलिहाबाद के मृतक बीएलओ विजय कुमार वर्मा की पत्नी और बेटे को 2 लाख रुपये का चेक सौंपा और कहा कि बीएलओ विजय कुमार की मौत ड्यूटी के दौरान ही हुई। अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा है कि वह ड्यूटी पर ना दिखाएं। बहुत सारे बीएलओ को जानकारी नहीं है। बिना ट्रेनिंग के एसआईआर की का काम कराया जा रहा है।

### आत्महत्या मामले को लोकसभा में उठाएंगे

**फतेहपुर।** अखिलेश यादव ने कहा है कि दलित लेखपाल के आत्महत्या के मामले को लोकसभा में उठाया जाएगा। श्री यादव शुक्रवार देर शाम मृतक लेखपाल के आवास पहुंचे और उनके परिजनो का ढांढस बंधाया। इस अवसर पर उन्होंने मृतक के परिजनो को दो लाख रुपये का चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि मृतक दलित बीएलओ का मुद्दा लोकसभा में उठाया जाएगा। दलित लेखपाल की आत्महत्या के लिए जो भी दोषी अधिकारी हैं उन पर अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। एसआईआर के लिए बिना प्रशिक्षण के ही बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है, वह दबाव में काम कर रहे हैं।

# युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और रोजगार दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता: कपिल देव

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रयास कर रही है।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय में विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और प्रशिक्षण केंद्रों की वास्तविक समय आधारित निगरानी सुनिश्चित की जाए, प्रशिक्षकों की उपस्थिति और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को प्रोत्साहित किया जाए, जबकि कमजोर प्रदर्शन वाले संस्थानों से लिखित स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि उद्योगों की मांग और युवाओं की रुचि के अनुरूप नए व्यवसाय आरम्भ किए जाएं और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार क्षेत्रों का उन्नयन किया जाए, ताकि युवाओं को उनके जनपद में ही बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें। बैठक में आईटीओटी लखनऊ/ सुल्तानपुर के प्रशिक्षण आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि प्रशिक्षण सत्र 2015-16 से 2024-25 तक कुल 3181 प्रशिक्षार्थियों में से 3064 ने सीआईटीएस (शिल्प प्रशिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा) उत्तीर्ण की है। संस्थान में प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों, अनुदेशकों, कार्यदेशकों व अन्य कर्मचारियों के प्रशिक्षण की भी प्रभावी व्यवस्था की गई है। बैठक में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना की प्रगति भी प्रस्तुत की गई।

# बिना चिंता के नागरिक कराएं इलाज, सरकार मदद देगी: योगी

गोरखपुर, वार्ता



**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वह बिना चिता किए उच्चीकृत अस्पतालों में इलाज कराए, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी।

योगी ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की और कहा कि उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपना कर उसकी समस्या का समाधान किया जाए।

## देश की वर्तमान स्थिति अत्यंत संवेदनशील और चिंताजनक

# जिहाद जैसे शब्दों पर मदनी ने जताई आपत्ति

भोपाल, वार्ता



■ कहा: इस्लाम और मुसलमानों के दुश्मनों ने जिहाद जैसी इस्लाम की पवित्र अवधारणा को दुर्व्यवहार, अव्यवस्था और हिंसा से जुड़े शब्दों में बदल दिया है

**भोपाल में** जमीयत उलेमा-ए-हिंद की नेशनल गवर्निंग बाडी मीटिंग में इस्लामी विद्वान मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि इस्लाम और मुसलमानों के दुश्मनों ने जिहाद जैसी इस्लाम की पवित्र अवधारणा को दुर्व्यवहार, अव्यवस्था और हिंसा से जुड़े शब्दों में बदल दिया है।

लव जिहाद, भूमि जिहाद, शिक्षा जिहाद जैसे शब्दों का इस्तेमाल करके मुसलमानों को गहरी ठेस पहुंचाई गई है। इससे धर्म का अपमान होता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार और मीडिया में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग भी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने में कोई शर्म महसूस नहीं करते है। मदनी ने कहा कि देश की वर्तमान स्थिति अत्यंत संवेदनशील और चिंताजनक है। दु:ख की बात है कि एक विशेष समुदाय को जबरन निशाना बनाया जा रहा है, जबकि अन्य समुदायों को कानूनी रूप से शक्तिहीन, सामाजिक रूप से अलग-थलग और आर्थिक रूप से अपमानित किया जा रहा है। भीड़ द्वारा हत्या, बुलडोजर कार्रवाई, वक्फ संपत्तियों पर कब्जा और धार्मिक मदरसों व सुधारों के विरुद्ध नकारात्मक अभियान जैसे व्यवस्थित और संगठित प्रयास उनके धर्म, पहचान और अस्तित्व को कमजोर करने के लिए किए जा रहे हैं। एसआईआर भी किया जा रहा है, और यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है, अगर हम इस पर कड़ी नजर रखें, तो हम निराशा से बच सकते हैं, क्योंकि निराशा किसी भी समुदाय के लिए जहर है और अगर कोई समुदाय जीवित है, तो इससे बचने की और भी ज्यादा जरूरत है। मदनी ने कहा कि इस देश में मुसलमानों के अनुकूल लगभग 10 फीसदी लोग हैं, जो अलग-अलग वजहों से हमारे पक्ष में हैं। इसी तरह लगभग 30 फीसदी लोग समुदाय के विरोध में हैं, जबकि एक अनुमान के अनुसार 60 फीसदी लोग ऐसे हैं, जो न हमारे अनुकूल हैं और न ही विरोध में। यह जो खामोश बहुमत है, उसे फिरका-परस्त लोग अपनी ओर झुकाने की कोशिश कर रहे हैं, यदि यह वर्ग उनके प्रभाव में आ गया, तो ये देश व मुसलमानों दोनों के लिए एक गंभीर खतरे की घंटी होगी। मदनी ने कहा कि बहुत अफसोस के साथ ये कहना पड़ रहा है कि बीते कुछ अरसे से बाबरी मस्जिद, तीन तलाक और कई अन्य मामलों में फैसलों के बाद ऐसा लगता है कि पिछले कुछ वर्षों से अदालतें सरकार के दबाव में काम कर रही हैं। यदि हम चाहते हैं कि फिरकापरस्त कामयाब न हों, तो समुदाय को मानवता की चिंता करने वाला रवैया अपनाना होगा।

### महमूद मदनी पर भाजपा का पलटवार

**भुवनेश्वर।** जमीयत उलेमा -ए-हिंद प्रमुख मौलाना महमूद मदनी के बयान पर भाजपा की तरफ से पलटवार किया गया है। संबित पात्रा ने कहा कि उनकी तरफ से भोपाल में दिया गया बयान भड़काऊ और देश को बांटने वाला है। जिहाद के नाम पर जिस प्रकार से लोगों ने भारत में ही नहीं, बल्कि भारत के बाहर भी आतंक फैलाया है, वह हमने देखा है। उन्होंने आगे कहा कि मौलाना मदनी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट को सुप्रीम कहलाने का कोई अधिकार नहीं है। मौलाना मदनी के इस बयान को सुप्रीम कोर्ट को स्वत: संज्ञान में लेकर इसकी सुनवाई करनी चाहिए। संबित पात्रा ने कहा कि मौलाना मदनी ने अपने भाषण में जिहाद शब्द का इस्तेमाल करते हुए कहा कि जहां भी अत्याचार हो, वहां जिहाद होना चाहिए। उन्होंने इस पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि ऐसे शब्द देश को बांटने का काम करते हैं। जिहाद के नाम पर दुनिया के कई हिस्सों में आतंकवाद फैला है।



सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40



सोना रु. 125770
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 155000
प्रति किलो



# अक्टूबर में हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर अक्टूबर में हवाई यात्रा की मांग में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मांग 8.5 प्रतिशत और घरेलू यात्रा की मांग 3.4 प्रतिशत बढ़ी है। हवाई यात्रा की मांग को राजस्व यात्री किलोमीटर के रूप में मापा जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आयटा) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में 2024 के मुकाबले अक्टूबर 2025 में कुल मांग 6.6 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, कुल क्षमता (उपलब्ध सीट किलोमीटर) 5.8 प्रतिशत और लोड फैक्टर (भरी सीटों का अनुपात) 84.6 प्रतिशत पर पहुंच गया जो एक साल पहले के मुकाबले 0.7 प्रतिशत अधिक है। विमान सेवा कंपनियों ने अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के लिए क्षमता में 7.1 प्रतिशत की और घरेलू यात्रा के लिए 3.6 प्रतिशत की वृद्धि की। आयटा के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि अक्टूबर के महीने में अच्छा प्रदर्शन रहा। कई महीने के सपाट प्रदर्शन के बाद उत्तरी अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय यातायात में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि साल के अंतिम दो महीने के लिए ट्रेंड उत्साहजनक है। शिड्यूल के अनुसार नवम्बर में सीट क्षमता 3.6 प्रतिशत और दिसम्बर में 4.7 प्रतिशत बढ़ेगी। जारी आंकड़ों के अनुसार तीसरी तिमाही में पश्चिम एशिया में हवाई यात्रा की मांग सबसे अधिक 10.5 प्रतिशत बढ़ी। अफ्रीका में इसमें 8.8 फीसदी, एशिया प्रशांत क्षेत्र में 8.1 फीसदी, यूरोप में 6.7 फीसदी, लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों में 6.1 प्रतिशत और उत्तरी अमेरिका में 2.5 प्रतिशत बढ़ी है। आयटा ने अक्टूबर के हवाई माल परिवहन के भी आंकड़े जारी किए हैं। माल परिवहन की मांग, जिसे कार्गो टन.किलोमीटर के रूप में मापा जाता है, अक्टूबर में 4.1 प्रतिशत बढ़ी। यह लगातार आठवां महीना है जब इसमें वृद्धि दर्ज की गई है।

### अनंत गोयंका बने फिक्की के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** आरपीजी समूह के उपाध्यक्ष अनंत गोयंका ने 2025-26 के लिए उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष का पद भार संभाल लिया है, सनमार समूह के अध्यक्ष विजय शंकर नए वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने हैं। फिक्की की 98वीं आम सभा के दौरान दोनों ने पदभार ग्रहण किए। डालमिया भारत लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत डालमिया ने उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली है। श्री गोयंका टायर, बुनियादी ढांचा, फार्मा और आईटी तथा अन्य क्षेत्रों में कारोबार करने वाली 4.8 अरब डॉलर के आरपीजी समूह के उपाध्यक्ष हैं। वह सिएट के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी रहे थे। उनके कार्यकाल में कंपनी का बाजार पूंजीकरण 25 गुना बढ़ा था। रसायन, इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी और शिपिंग क्षेत्रों के लिए विनिर्माण करने वाली सनमार समूह के अध्यक्ष शंकर टीवीएस मोटर, भारतीय परिवहन निगम, ऑरिएंटल होटल्स और कावेरी रिट्रीट्स एंड रिजॉर्ट्स के निदेशकमंडलों में स्वतंत्र निदेशक हैं।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमतों में नरमी रही। गेहूं के दाम भी घट गए। चीनी में तेजी रही, जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 21 रुपये टूटकर 3,822.15 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई। गेहूं भी 14 रुपये की गिरावट के साथ 2,838.46 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत चार रुपये बढ़ी। दाल.दलहनों में उड़द दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई।

तुअर दाल 60 रुपये और मसूर दाल 53 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। चना दाल 32 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 159 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सरसों तेल की कीमत 39 रुपये और पाम ऑयल की 21 प्रति क्विंटल टूट गई। वनस्पति 20 रुपये और सोया तेल 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ जबकि सूरजमुखी तेल चार रुपये महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ 21 रुपये प्रति क्विंटल ऊपर बोली गई। चीनी भी दो रुपये महंगा हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल.दलहन : दाल चना 7831.94 रुपये, मसूर काली 8108.01 रुपये, मूंग दाल 10103.30 रुपये, उड़द दाल 10359.29 रुपये, तुअर दाल 10539.50 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2838.46 रुपये और चावल 3822.15 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3302.14 प्रति क्विंटल। चीनी. गुड़ : चीनी एस 4325.87 रुपये और गुड़ 4996.60 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17661.95 रुपये, मूंगफली तेल 17571.59 रुपये, सूरजमुखी तेल 15686.46 रुपये, सोया तेल 13772.87 रुपये, पाम ऑयल 12443.01 रुपये और वनस्पति 14465.02 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**एनआईए ने...**पुलिस से संपर्क साधा। शनिवार दोपहर इसी मामले को लेकर पुलिस बहुउद्देशीय पहुंचे लोगों का कहना है कि एनआईए ने एसटीएफ और हल्द्वानी पुलिस के साथ मिलकर बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के लाइन नंबर आठ और खिचड़ी मोहल्ला में दबिश दी। लाइन नंबर आठ में बिलाली मस्जिद के इमाम मोहम्मद आसिम कासमी को उस वक्त हिरासत में लिया, जब वह बिलाली मस्जिद के पास किराए के घर में सो रहा था। इसी समय पर खिचड़ी मोहल्ले से एक इलेक्ट्रीशियन नजर कमाल को उसके घर से हिरासत में लिया गया। सूत्र बताते हैं कि हजारों की संख्या में कॉल डिटेल खंगाल रही एजेंसियों को कुछ संदिग्ध मोबाइल नंबर मिले थे, जो उत्तराखंड में संचालित थे। हिरासत में लिए गए इमाम मौलाना मोहम्मद आसिम कासमी रामपुर जिले के टांडा दड़ियाल का रहने वाला है और विगत चार साल से यहां इमामत कर रहा है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है। सुरक्षा एंजेसियों के साथ रात एसटीएफ और लोकल पुलिस ने कार्रवाई की।

**बंगाल में...**(6 दिसम्बर) तक यूएमआईडी पोर्टल पर अपलोड होना चाहिए। ममता सरकार इस निर्देश का पालन न करके कानूनी विवाद में नहीं फंसना चाहती। केंद्र ने नए नियमों में वक्फ बोर्डों और मुतवल्लियों की जवाबदेही बढ़ाई है। राज्यों के लिए डेटा अपलोड करना अनिवार्य प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा बन गया है। वक्फ संशोधन कानून 8 अप्रैल से देशभर में लागू कर दिया गया था। वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को लोकसभा से और 3 अप्रैल को राज्यसभा से पास हुआ था। 5 अप्रैल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बना था। हालांकि नए वक्फ कानून की संवैधानिकता के खिलाफ 12 याचिकाएं दाखिल की गईं थीं। 15 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने संशोधन कानून पर रोक से इन्कार कर दिया था।

### वायु प्रदूषण से बचाव के गंभीर प्रयास करे सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण अत्यंत चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है और धीमा जहर बनकर जीवन के लिए खतरा बन गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस समस्या के निदान के लिए सरकार इस पर संसद में चर्चा कराए और राष्ट्रीय स्तर पर संकट के समाधान के लिए सख्त कदम उठाए। श्री दीक्षित ने इस मुद्दे पर सरकार तीखा हमला किया और कहा कि सरकार प्रदूषण को कंट्रोल करे और अगर वे यह काम नहीं कर पा रहे हैं, तो उन्हें सरकार कहलाने का हक नहीं है। मेरा यही कहना है -जनता को गुमराह करना बंद करिए, क्योंकि एयर पॉल्यूशन के चलते यह शहर अब रहने लायक नहीं बचा है।

# नोएडा और ग्रेटर नोएडा में जल्द बढ़ेंगी जमीन अधिग्रहण की दरें, निर्देश जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा में ज़मीन अधिग्रहण की दरों में वृद्धि के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

यह फैसला किसानों की लगातार उठ रही उस मांग के बाद आया है, जिसमें उन्होंने वर्तमान दरों को बाज़ार मूल्य से काफी कम बताते हुए संशोधन की बात कही थी। फिलहाल गौतमबुद्ध नगर में सरकार द्वारा तय दरें नोएडा में 5,100 रुपये प्रति वर्गमीटर, ग्रेटर नोएडा में 4,100 रुपये प्रति वर्गमीटर और यमुना सिटी में 4,300 रुपये प्रति वर्गमीटर हैं। लंबे समय से इन दरों में बदलाव न होने के कारण किसानों में असंतोष बढ़ रहा था। सरकार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, सरकार नोएडा में दरों को बढ़ाकर 9,000 रुपये प्रति वर्गमीटर और ग्रेटर नोएडा में 7,000 रुपये प्रति वर्गमीटर करने पर विचार कर रही है। वहीं यमुना सिटी की दरें वर्ष 2024 में ही संशोधित की गई थीं, इसलिए यहां तत्काल बढ़ोतरी की संभावना कम है। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश गुरुवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) के निरीक्षण के दौरान दिए थे। इस मौके पर उन्होंने ज़मीन अधिग्रहण से जुड़ी लंबित समस्याओं और किसानों के विरोध से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की।

जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के सामने सीधे यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने बताया कि किसानों की मांग को लेकर पहले भी राज्य सरकार और औद्योगिक विकास विभाग से वार्ता की गई थी। उन्होंने कहा कि, गुरुवार को हवाईअड्डे के निरीक्षण के दौरान हमने पुन: इसे उठाया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ट्रांसफार्मर बदलने पहुंचे बिजलीकर्मियों का विरोध

## दो महिलाओं ने खुद पर उड़ेला डीजल, आत्मदाह का प्रयास, पांच के विरुद्ध शांतिभंग में कार्रवाई





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव कूकड़ा इस्लामपुर में पिछले सात माह से फुंके पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने को लेकर ग्रामीणों और विद्युत विभाग के बीच शनिवार को माहौल तनावपूर्ण हो गया। मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के जेई और टीम से ट्रांसफार्मर दोबारा खंभों पर न रखने को लेकर ग्रामीणों के दूसरे पक्ष ने कड़ा विरोध जताया, जिसके चलते जमकर नोकझोंक हुई। इसी बीच दो महिलाओं ने डीजल से भरी कनस्तरी अपने ऊपर उड़ेल कर आत्मदाह का प्रयास कर दिया, जिससे हड़कंप मच गया। पुलिस और विभागीय कर्मचारियों ने किसी तरह कनस्तरी छीनकर स्थिति को नियंत्रित किया।

ग्रामीणों के अनुसार गांव निवासी ओमप्रकाश, धर्मवीर सिंह और लक्ष्मण सिंह सगे भाई हैं, जिनके खेत में दो खंभों पर क्षमता से अधिक तीन 63 केवी के ट्रांसफार्मर लगे हैं। इनमें से दो ट्रांसफार्मर सात माह पूर्व फुंक गए थे, जिनसे लगभग 12 किसानों के नलकूप संचालित होते हैं। ट्रांसफार्मर खराब होने से किसानों की फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। इसी परेशानी को लेकर किसान पिछले छह दिनों से नगर के बिजलीघर पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले धरने पर बैठे थे।

शनिवार को निगम के जेई गौतम कुमार पुलिस बल और टीम के साथ ट्रांसफार्मर बदलने पहुंचे तो गांव के ही दूसरे पक्ष के लोग-आशा, संतोष, मेघराज सिंह, ऋषिपाल सिंह, प्रेमलता, सुजाता, प्रशांत चौहान आदि विरोध में पहुंच गए। विरोधियों का आरोप था कि विभाग पहले ही ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग का स्टीमेट तैयार कर चुका है, लेकिन कार्रवाई लंबित है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि आठ माह पहले पुराने ट्रांसफार्मर उतारते समय वाहन का कर्मचारी कल्लू सिंह ट्रांसफार्मर के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके अलावा कई बार विद्युत करंट लगने की घटनाएं भी हो चुकी हैं, जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है। इसी वजह से किसान पुरानी जगह पर दोबारा ट्रांसफार्मर रखने को तैयार नहीं हैं।

विभाग द्वारा जबरन ट्रांसफार्मर रखने की कार्रवाई का विरोध करते हुए दो महिलाओं ने आत्मदाह का प्रयास किया, जिससे विभागीय टीम में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय पुलिस और जेई ने सतर्कता दिखाते हुए महिलाओं से कनस्तरी छीनकर मामला शांत कराया। जेई ने बताया कि ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग व स्थापना का स्टीमेट विभाग को भेज दिया गया है और जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। वहीं कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को पकड़कर थाने ले गई। पुलिस ने पकड़ें गए धर्मवीर सिंह, लक्ष्मण सिंह, ओमप्रकाश सिंह, ऋषिपाल व सुमित कुमार के खिलाफ शांति व्यवस्था भंग करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

उधर हल्दौर बिजलीघर पर उक्त ट्रांसफार्मर बदलने जाने पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा चल रहा धरना- प्रदर्शन शनिवार को समाप्त हो गया। इस अवसर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव कैलाश लांबा, युवा जिलाध्यक्ष हरगोविंद सिंह उर्फ बिट्टू चौधरी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह, संजीव कुमार, आशाराम आदि मौजूद रहे।

# डीएम कंपाउंड के पास कार ने युवक को उड़ाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हादसों में सड़कें खून से लाल हो रही है। ज्यादातर हादसों में नौजवानों की मौत हो रही है। देर रात डीएम कंपाउंड के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार रामलीला ग्राउंड निवासी राहुल सैनी (26 वर्ष) पुत्र अरुण देर रात लगभग साढ़े 11 बजे बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह डीएम कंपाउंड के पास चर्च के नजदीक पहुंचा, तो अचानक सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राहुल सड़क पर गिरते ही गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि राहुल कोरियर कंपनी में कार्य करता था। वह दो बहन-भाइयों में सबसे बड़ा था और उसने पॉलिटेक्निक की पढ़ाई की थी। पूरी कॉलोनी में उसकी मौत से शोक का माहौल है।



शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### बैराज मार्ग पर हादसे में भी युवक की मौत

उधर बीती रात ग्राम दीपावाला निवासी हरवीर सिंह राठी (50 वर्ष) पुत्र मेहर सिंह बीती रात मीरापुर से घर वापस लौट रहा था। वह मीरापुर में उधार के रुपए वापस लेने गया। बैराज मार्ग पर मेरिटा स्कूल के पास ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी चालक ट्रक मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने लाश को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन नगीना और कादराबाद ने जीते मैच

## कादराबाद की टीम ने हरिद्वार को 2 गोल से पराजित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगीना फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राकेश कर्णवाल की देखरेख में स्थानीय हिन्दू इंटर कॉलेज के पास मैदान में करवाए जा रहे 7 दिवसीय स्व. शेख खलीलुर्हमान मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 'याद-ए-खलील' के दूसरे दिन दो शानदार मैच खेले गए।

दोनों मैचों के उदघाट्न करते हुए गणमान्यों ने खिलाड़ियों से जान-पहचान की और उन्हें आशीर्वाद देते हुए खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही चेयरपर्सन व फुटबॉल क्लब द्वारा युवाओं को खेलों की तरफ आकर्षित करने के प्रयासों की भी सराहना की। नगीना फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राकेश कर्णवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पहला मैच हरिद्वार व कादराबाद के मध्य हुआ।

इस रोमांचक मुकाबले में कादराबाद की टीम ने हरिद्वार को 2 गोल से पराजित किया। दूसरा मैच नगीना और धामपुर के मध्य खेला गया, जिसमें नगीना फुटबॉल टीम के कप्तान मौहम्मद फैजान ने एक गोल दाग कर नगीना की टीम को जीत दिला दी। आज के मैचों में रेफरी मौहम्मद आरिफ रहे। वहीं मौहम्मद शमशाद व सुभाष कपूर उर्फ पप्पी लाइनमैन रहे।

इस अवसर पर पूर्व सभासद गफ्फार, नौशाद अप्पा, अजीम सीनियर, निसार अहमद, शमशाद, शाकिर, जहांगीर, आबिद, शेख जमशेद आदि लोग मौजूद रहे।

# बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी सौगात बकाया बिल पर ब्याज पूरी तरह माफ

### एकमुश्त भुगतान पर 25 प्रतिशत तक की छूट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (UPPCL) ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए "बिजली बिल राहत योजना 2025-26" की घोषणा कर दी है। योजना के तहत घरेलू और छोटे व्यावसायिक उपभोक्ताओं को बकाया बिल चुकाने पर भारी छूट दी जाएगी। यह विशेष अभियान 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा।

बिजली विभाग के मुताबिक जिन उपभोक्ताओं के बिल लंबे समय से बकाया हैं, वे ऑनलाइन पंजीकरण कराकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। पंजीकरण के बाद बकाया पर लगा लेट-फी/सरचार्ज 100 प्रतिशत माफ कर दिया जाएगा। यदि उपभोक्ता बकाया राशि का एकमुश्त भुगतान करते हैं, तो उन्हें मूल धनराशि में भी 25 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। पहले महीने 25 परसेंट है। दूसरे महीने 15परसेंट है और तीसरे महीने में 10 परसेंट है। सर चार्ज 100 प्रतिशत परसेंट छूट वहीं ऐसे उपभोक्ताओं के लिए जो पूरा भुगतान एक बार में नहीं कर सकते, विभाग ने किश्तों में भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई है। यह योजना स्डट-1 (घरेलू—2kW तक) और स्डट-2 (छोटा व्यावसायिक—1 kW तक) उपभोक्ताओं पर लागू होगी। जनपद बिजनौर के उपभोक्ताओं को इससे सीधी राहत मिलने की संभावना जनपद बिजनौर के अधीक्षण अभियंता उदय प्रताप, ने बताया कि बिजली बिल राहत योजना का 80 हजार उपभोक्ता लाभ ले सकते हैं वहीं उपभोक्ताओं पर है 130 करोड़ रुपये विभाग के बिजली बिल बकाया है। उन्होंने बताया कि चोरी, विवादित और अन्य मामलों में भी उपभोक्ताओं को जुर्माने तथा बकाया पर राहत प्रदान की जाएगी। योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत देना और लंबित बकाया की वसूली को आसान बनाना है।



# ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण

### सभी व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज पूर्वाहन 10:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों सहित ईवीएम सुरक्षा,अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं।

तत्पश्चात जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम की गैलरी में डेस्क और कुर्सी की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं ताकि यहां बैठकर अभिलेखों का अवलोकन एवं निरीक्षण पंजिका में हस्ताक्षर किए जा सकें। सीसीटीवी कंट्रोल रूम में एक एलइडी खराब पाए जाने पर उन्होंने निर्देश दिए की तत्काल उसे ठीक कराकर अवगत कराएं एवं कंट्रोल रूम में अपेक्षित सफाई की व्यवस्था भी अद्यतन रखें। इसके अलावा उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के मानकों के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा व्यवस्था के प्रति अपना संतोष व्यक्त किया।



निरीक्षण के दौरान अपर जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि बसपा से मुहम्मद सिद्दीक, सपा से अखलाक पप्पू, कांग्रेस से काजी आतिफ सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## राजकीय बालिका इंटर कॉलेज साहनपुर में कैरियर मेला महोत्सव

**साहनपुर।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज साहनपुर में आयोजित कैरियर मेला आज उत्साह और जोश के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने ने छात्राओं द्वारा लगाए गए विभिन्न विषयों के स्टॉल का निरीक्षण किया। बच्चों ने अपने सपनों और भविष्य की दिशा को ध्यान में रखते हुए साइंस, आर्ट, साहित्य, तकनीक जैसे विषयों पर आकर्षक प्रदर्शनी लगाई, जिसमें उनकी प्रतिभा और मेहनत साफ झलक रही थी। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर संदीप कारला अपने स्टाफ के साथ मौजूद रहे और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कॉलेज की प्रिंसिपल वंदना मैडम तथा सभी शिक्षकों ने मेले को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कड़ी मेहनत की। गौरतलब है कि यह कालेज चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के प्रयासों से स्थापित हुआ था, जो आज शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए क्षेत्र की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। कैरियर मेले में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी और उनकी रचनात्मक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

# विवेक विश्वविद्यालय में शपथ ग्रहण समारोह

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग के छात्राओं ने शपथ ग्रहण समारोह का शानदार आयोजन किया।

नसिंग विभाग कि छात्राओं के कार्यक्रम का प्रारम्भ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल, प्रतिकुलाधिपति दिपक मित्तल, डीके अग्रवाल, कोषागार अध्यक्ष अनिल शर्मा, उपकुलपति डॉ. एनके गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ. हितेश शर्मा, नसिंग विभाग के प्राचार्य डॉ. रणनाथ, एमजी संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

शपथ ग्रहण समारोह में बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर, जीएनएम प्रथम वर्ष, एएनएम प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने शपथ ग्रहण के साथ-साथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन किया। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन अमित गोयल एवं सचिव दीपक मित्तल ने छात्राओं से कहा कि जीवन में सफल होने के लिये कड़ी मेहनत व ईमानदारी की अति आवश्यकता है और छात्राओं को उज्जवल भविष्य का आर्शिवाद देते हुये बताया कि महाविद्यालय में दी गयी शिक्षा भविष्य में आपकी सफलता का आधार बनेगी।

कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य डॉ. रणनाथ एमजी ने सभी अतिथियों को धन्यवाद किया तथा सभी छात्राओं को उनके भविष्य में अच्छे चरित्र, ईमानदारी व मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभ कामनायें दी।

कार्यक्रम का संचालन नसिंग विभाग के शिक्षकों/शिक्षिकाओं ने किया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### दहेज हत्यारोपी सास को भेजा जेल

**नगीना।** गांव हरगांव चांदन में ब्याही नवविवाहिता गर्भवती महिला की 28 नवंबर को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। इसमें पीड़ित भाई की ओर से छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शनिवार को पुलिस ने मृतका की सास को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सीओ डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि थाना धामपुर क्षेत्र के ग्राम तीबड़ी निवासी सीताराम सैनी पुत्र अमर सिंह ने अपनी बहन की मौत के बाद थाना क्षेत्र नगीना के गांव हरगांव चांदन निवासी भीम सिंह समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने सास रानी देवी को गिरफ्तार कर लिया, जिसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच



**नगीना।** एमएम इंटर कॉलेज में एक दिवसीय हेल्थ मेडिकल चेकअप शिविर लगाया गया। प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने बताया कि इस शिविर में कक्षा छठी से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों को शामिल किया गया। शिविर में 60 से अधिक विद्यार्थियों की आंखें, रक्त, बीपी के स्वास्थ्य संबंधित जांच की गई। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से अपनी सेहत का ध्यान रखने एवं संतुलित आहार का उपयोग करने पर जोर दिया। इस शिविर में कॉलेज के अध्यापक व अध्यापिकाओं ने भी हेल्थ टेस्ट कराए।

### हादसे में गंभीर घायल



**अफजलगढ़।** ग्राम शेरगढ़ तिराहे के समीप दो बाइकों की आपस की भिड़ंत में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम बन्दे वाली मंडयो, थाना ठाकुरद्वारा निवासी अजब सिंह पुत्र खेम सिंह के पुत्र पकज ने बताया कि वह अपने घर से पापा की बाइक पर बैठ कर ग्राम वादीगढ़ में एक शादी के कार्यक्रम में काम करने जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक ग्राम शेरगढ़ तिराहे के समीप पहुंची, अचानक सामने से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिस कारण अजब सिंह व उसका बेटा पंकज बाइक से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। अजब सिंह की हालत को नाजुक देखते हुए डॉक्टर खालिद ने हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जबकि पंकज को घर भेज दिया है।

### हमलावर की गिरफ्तारी की मांग



**नूरपुर।** क्षेत्रीय अधिवक्ता संघ ने थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने व जेल भेजने की मांग की है। मुरादाबाद रोड स्थित डायमंड सिटी निवासी संजीव कुमार पुत्र दल सिंह पर विकास निवासी चेलापुर ने पांच-सात अज्ञात लोगों के साथ मिलकर जानलेवा हमला किया था। जिससे संजीव कुमार के शरीर पर काफी चोटें आई और वह इस समय कोसमोस हॉस्पिटल मुरादाबाद में भर्ती हैं। जिसकी ईलाज गंभीर हालत में चल रहा है। आरोपी बैखौफ होकर घूम रहे हैं। उन्हें किसी का कोई डर व खौफ नहीं है। अधिवक्ताओं ने कहा कि पुलिस ने अभी तक किसी भी मुल्जिमों की गिरफ्तारी नहीं की है। किसी भी मुल्जिम की गिरफ्तारी न होने से क्षेत्रीय के दो दर्जन से ज्यादा अधिवक्ता ने थाना प्रभारी से मिलकर उनको एक ज्ञापन सौंपा। थाना प्रभारी ने अधिवक्ताओ को मुल्जिमों की जल्दी गिरफ्तारी करके जेल भेजने व संजीव कुमार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी विकास कुमार ने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने इजाजत नहीं है। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष देशराज सिंह एड., महासचिव नईम अहमद एड., चौधरी अजयवीर एड., शमीम अहमद एड., जयकांत कृष्ण, राजा राम सिंह, नफीस जाफरी एड., फहीम चौधरी, सोहन, रविन्द्र कुमार, शाहबाज एड., जाहिद, मोहित, शेखर यादव, सतवीर चौधरी, प्रियांशु कुमार, दीपक यादव आदि मौजूद थे।

### ट्राली पलटने से लगा जाम



**अफजलगढ़।** ग्राम रसूलपुर आबाद निवासी अंसर खान पुत्र शौकीन खान अपने खेत से अफजलगढ़ शुगर मिल में गन्ना तुलवाने जा रहे थे। जैसे ही वह पुराने क्रेशर के पास पहुंचे, तभी सामने से तेज रफ्तार से आ रही रोडवेज बस ने अचानक ओवरटेक कर लिया। बस को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे के बाद हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात घंटों बाधित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर ट्राली को हटवाकर सड़क को खाली कराया और जाम खुलवाया।

### मारपीट में पिता-पुत्र का चालान

**नहटौर।** मौहल्ला अफगनान निवासी राकेश पुत्र शंभू सिंह व महेंद्र पुत्र नाथू सिंह, कोमल पुत्र महेंद्र सिंह के बीच तार को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि महेंद्र व कोमल ने राकेश को पीट कर घायल कर दिया था। जिसमें राकेश ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर महेंद्र व कोमल को पुलिस ने हिरासत में लेकर संबंधित धारा में चालान कर दिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## जहरीला पदार्थ निगलने की आशंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 21 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों के अनुसार युवक प्रेम-प्रसंग के चलते मानसिक तनाव में था और इसी वजह से उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया होगा। हालांकि मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक हिमाचल प्रदेश के पोंटा साहिब में प्राइवेट नौकरी करता था। वह कुछ दिन पूर्व स्योहारा क्षेत्र के एक गांव में शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर आया था।

शुक्रवार की रात युवक घर नहीं लौटा। शनिवार सुबह ग्रामीणों से परि. जनों को सूचना मिली कि युवक गांव के बाहर अर्धचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में बिजनौर रेफर किया गया। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक का शव जब गांव लाया गया तो परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस को घटना की जानकारी होने पर टीम गांव पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में लेने का प्रयास किया। लेकिन परिजनों और ग्रामीणों ने एकजुट होकर पोस्टमार्टम न कराने का अनुरोध किया। आखिरकार पुलिस ने शव परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया, जिसके बाद गांव के श्मशान में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने बताया कि घटना में फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

# खाद्य सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम सराहनीय

## फूड इंस्पेक्टर का व्यवहार सहयोग की जगह धौंस-धमकी जैसा

शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन द्वारा अनाज मंडी में एक जागरूकता कैंप आयोजित किया गया, जिसमें तहसील नजीबाबाद से आए खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेश कुमार ने खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और फूड सेफ्टी एक्ट 2006 से जुड़े नियमों की जानकारी दी।

उन्होंने बाजार परिसर का निरीक्षण करते हुए दुकानों, रसोई घरों तथा खाद्य सामग्री की स्वच्छता का अवलोकन किया। कैंप में खाद्य सुरक्षा परीक्षण किट का प्रदर्शन किया गया और बच्चों को हेल्दी फूड के बारे में जानकारी दी गई। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को दुकानों व कैंटीन में सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।



दूसरी ओर कार्यक्रम के दौरान कई व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी पर अनियमितता, मनमानी व दुकानदारों को अनावश्यक रूप से डराने के आरोप लगाए। व्यापारियों का कहना है कि नरेश कुमार द्वारा अचानक निरीक्षण तो किए गए, लेकिन दुकानदारों की समस्याएं नहीं सुनी गईं। लाइसेंस और स्वच्छता संबंधी निर्देश बिना स्पष्ट जानकारी के थोपे गए तथा कई दुकानदारों से दस्तावेज दिखाने में अनुचित दबाव बनाया गया। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि फूड इंस्पेक्टर नियमित रूप से बाजार में आते भी नहीं हैं, और एक ही दिन में सभी कमियों का ठीकरा व्यापारियों पर फोड़ना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले मार्गदर्शन और समय दिया जाना चाहिए, उसके बाद कार्रवाई की जाए।

कैंप में मौजूद व्यापारियों ने कहा कि खाद्य सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम सराहनीय पहल है, लेकिन फूड इंस्पेक्टर का व्यवहार सहयोग की जगह धौंस-धमकी जैसा रहा। उन्होंने कहा कि व्यापारी हमेशा स्वच्छता व खाद्य सुरक्षा का पालन करना चाहते हैं, लेकिन अधिकारियों को भी सकारात्मक रवैये से काम लेना चाहिए।

हम किसी भी प्रकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं करेंगे। कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष मौ. आबिद, प्रदीप अग्रवाल, दीपक अरोड़ा, तलहा मकरानी, अबरार अंसारी, विवेक अग्रवाल, मुकुल, अनुप, हारिस मकरानी, सुरेश यादव, संजय जैन सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि फूड इंस्पेक्टर की कार्यशैली की जांच की जाए और भविष्य में दुकानदारों को सम्मानजनक व्यवहार के साथ उचित मार्गदर्शन दिया जाए।

# एसआईआर अभियान में झालू की विशेष उपलब्धि

## एसडीएम रितु रानी की निगरानी में सफलता

शाह टाइम्स संवाददाता

**झालू।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत झालू नगर में बूथ कार्यों की प्रगति संतोषजनक रही। नगर के बूथ संख्या 380, 386 तथा 388 ने निर्धारित समय से पूर्व अपने सभी कार्य पूरी तरह 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार बूथ संख्या 380 के बीएलओ मौहम्मद शुमाईल, 386 की संगीता राय तथा 388 के अमित राठी ने अभियान के प्रति गंभीरता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए लक्ष्य को समय से पहले पूरा किया। प्रशासन ने उनकी कार्यशैली की सराहना की है। अभियान की सफलता में उप जिलाधिकारी सदर रितु रानी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उपजिलाधिकारी ने अभियान अवधि में लगातार निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति की समीक्षा की तथा बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उनकी सक्रियता और निगरानी को सफलता की प्रमुख वजह बताया जा रहा है।

नगर पंचायत झालू के अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल तथा लेखपाल विवेक कुमार सहित अन्य कर्मचारियों का सहयोग भी अभियान में उपयोगी रहा। प्रशासन ने शेष बूथ लेवल अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों का कहना है कि इन बूथों की उपलब्धि एसआईआर अभियान के लिए प्रेरक है और इससे कार्य की गति और सुदृढ़ होगी।

# सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट ने आईआईसी रीजनल मीट में किया प्रतिभाग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट को यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि कॉलेज के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (IIC) को 28 नवम्बर 2025 को डीआईटी विश्वविद्यालय, नॉर्दर्न रीजनल सेंटर, देहरादून में आयोजित IIC Regional Meet-2025 में प्रतिभाग करने का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। जिसमें फेज-2 के अंतर्गत कॉलेज के निम्नलिखित IIC सदस्यों अंकित राजन अग्रवाल, श्वेता गौड़, नाइला नईम, उज्ज्वल कुमार ने केएसवीसीईएम का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतिष्ठित क्षेत्रीय मंच में भागीदारी से प्रतिनिधि दल को नवाचार विशेषज्ञों, स्टार्ट-अप शिक्षाविदों, उद्यमियों एवं नीति-निर्माताओं के साथ संवाद स्थापित करने का अवसर मिला।



इस कार्यक्रम में इनोवेशन एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम की नवीनतम प्रगति, उद्यमिता-आधारित पहला तथा नवाचार संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए उपयोगी रणनीतियों पर महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। केएसवीसीईएम टीम को इस मीट से अनेक व्यावहारिक विचार एवं कार्य योजना प्राप्त हुईं, जिन्हें संस्थान में लागू कर इनोवेशन कल्चर, एंटरप्रेन्योरशिप लर्निंग तथा IIC की सृजनात्मक दृष्टि को और मजबूत किया जाएगा। यह पहल विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों में नवाचार-उन्मुख वातावरण को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। संस्था सचिव कु. उदयन वीरा (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बिजनौर), कु. रुचिवीरा (सांसद मुरादाबाद), रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन एव संस्था निदेशक डॉ. अमित कुमार बंसल ने आईआईसी रीजनल मीट-2025 के आयोजकों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डीन एकेडेमिक्स मनोज कुशवाहा एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, डॉ. शुएब अली खान एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार, गौरव गुप्ता, डॉ. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर कुमार एवं सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि समस्त स्टाफ ने आयोजकों बधाई व शुभकामनाएं दी।

# साइबर अपराध जागरूकता अभियान के अंतर्गत बेगराजपुर में गोष्ठी

## सीओ ने किया ग्रामीणों को जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** साइबर अपराध जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम बेगराजपुर में शनिवार को पुलिस ने ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे ने कहा कि मोबाइल पर आने वाली हर कॉल पर विश्वास नहीं करना चाहिए जो ऐप आपके मतलब का नहीं है उन्हें खोलने घातक हो सकता है।



प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम बेगराजपुर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले काफी दिनों से साइबर अपराध के मामले काफी संख्या में बड़े हैं। इसके लिए जागरूकता एवं सावधानी ही इसका बचाव है। यदि कोई व्यक्ति आपसे ओटीपी के बारे में जानकारी करता है। उसे किसी भी कीमत पर ओटीपी की जानकारी साझा न करें। धोखे से किसी व्यक्ति के साथ कोई भी साइबर अपराध हो जाए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल सूचना दें। ताकि उसे समय से अपराध रोकने में कार्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि कोई भी कल आपके रिश्तेदार बनाकर फोन करता है। तो उसे जांच पड़ताल के बाद ऑनलाइन पैसे दे। अगर कोई लोन के लिए ऑनलाइन लिंक भेजता है। तो उसको ना खोले, आपके साथ फ्रॉड हो सकता है। किसी लालच में आकर ऑनलाइन पैसा बढ़ाने जैसे फ्रॉड के झांसे में ना आए, क्योंकि वह आपको शुरू में पैसा देकर बाद में बड़ी रकम कर सकते हैं और आपका अमाउंट ले सकते हैं, अगर फिर भी किसी के साथ पैसे का फ्रॉड हो जाता है। उन्होंने इस मामले में ग्रामीणों को जन जागरण अभियान चलाकर इस अपराध को रोकने में पुलिस का सहयोग करके पूर्ण सहभागिता करें। इस अवसर पर उन्होंने टैबलेट के माध्यम से वीडियो दिखाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष धीरज नगर वरिष्ठ उप निरीक्षक कुलजीत सिंह सोनू निगम व ग्रामीणों ने भारी संख्या में भाग लिया।

# राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से डीएम की बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जसजीत कौर ने आमजन का आह्वान करते हुए करते हुए कहा कि मतदाता आयोग की निर्धारित समय सीमा 04 दिसंबर का इंतजार न करें बल्कि अपना और अपने परिवार के सदस्यों के गणना प्रपत्र भरकर तत्काल बीएलओ को उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें डिजिटाइज्ड किया जा सके। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं द्वारा के गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे, उनके नाम आगामी वोटर लिस्ट में शामिल नहीं होंगे और वे अपने मताधिकार से वंचित रह जाएंगे।



जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज पूर्वाहन 11:00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित है, जिसमें 2003 की मतदाता सूची के आधार पर मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को प्रेषित किए जाने हैं ताकि समय पूर्वक उनको डिजिटाइज्ड किया जा सके। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा उक्त कार्य के लिए 4 दिसंबर 2025 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है, नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले गणना पत्रों को आगामी मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने सभी मतदाताओं का आह्वान किया कि अपने गणना प्रपत्र 30 नवंबर, 25 तक बूथ लेवल अधिकारियों को जमा कराना सुनिश्चित करें ताकि वे उनको डिजिटाइज्ड कर सकें। उन्होंने बताया कि गणना प्रपत्र मतदाताओं को उपलब्ध कराने एवं उनको भरवा कर बीएलओ को उपलब्ध कराने के लिए पंचायत राज, बेसिक शिक्षा, नगर विकास, महिला एवं बाल कल्याण विकास सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों को लगाया गया है ताकि आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत एसआईआर का कार्य पूर्ण किया जा सके।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, समाजवादी पार्टी से अखलाक पप्पू, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक, कांग्रेस पार्टी से कई आतिफ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# एसआईआर के कार्य में तेजी

शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** नगर व आसपास के क्षेत्रों में एसआईआर का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपने-अपने स्तर पर टीमें गठित कर मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म भरवाने का अभियान शुरू किया हुआ है। मोहल्लों, वार्डों व ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह कैंप लगाकर लोगों को दस्तावेज अपडेट करने में मदद की जा रही है।

नगीना विधायक मनोज पारस ने बताया कि पूरा जनपद बिजनौर एसआईआर कार्य में तेज प्रगति कर रहा है। वहीं नगीना विधानसभा क्षेत्र जिला स्तर पर दूसरे नम्बर पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लगभग साढ़े तीन लाख मतदाताओं में से करीब ढाई लाख एसआईआर फॉर्म जमा हो चुके हैं। विधायक ने शेष बचे लोगों से अपील करते हुए कहा कि जो भी मतदाता अभी तक अपना एसआईआर फॉर्म जमा नहीं कर पाए हैं, वह जल्द से जल्द फॉर्म भरकर जमा करें। यह आपका लोकतांत्रिक अधिकार भी है और कर्तव्य भी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं व टीमों को निर्देश दिए कि वे मतदान सूची को सही कराने में लोगों की पूरी मदद करें और अंतिम तिथि से पहले हर वोटर तक पहुंच बनाएं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि एसआईआर फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर ही रहेगी। इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। डीएम ने साफ कहा कि मतदाता अपना एसआईआर फॉर्म निर्धारित तिथि से पहले ही अवश्य जमा कर दें।

उन्होंने सभी एसआईआर टीमों को भी निर्देशित किया कि कार्यों की निगरानी सतत रखी जाए और किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए। नगर और क्षेत्र में एसआईआर कार्य को लेकर सुबह से देर शाम तक राजनीतिक दलों, समाजसेवी संगठनों और प्रशासनिक टीमों की सक्रियता बनी हुई है।

# भाजपा की आवश्यक बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** आज एक अति आवश्यक बैठक भारतीय जनता पार्टी के गजरौला पाईमार मण्डल अध्यक्ष के निज निवास पर पार्टी के सक्रिय सदस्य एवं पदाधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। जिसमें सेवा निवृत्त, वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता शिक्षा से भावी पीढी को तैयार करने हेतु शिक्षण संस्थान चलाने वाले, पाटी के बूथ संख्या 275 के सक्रिय बूथ अध्यक्ष एमएस रावत जो दो बार पर्वतीय सांस्कृतिक समिति नजीबा. बाद के अध्यक्ष भी रह चुके है, के साथ 31मार्च 2025 को पूरन सिंह भण्डारी के कार्यशाला में 23 मार्च 2025 को आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में उत्तराखण्डी सीधे-साधे भाई बहनों से वसूल किये गये चन्दे से 15मार्च 23 में किये गये प्रोग्राम के व्यय बिल तत्कालीन कोषाध्यक्ष द्वारा अब तक भी न देने व 23 मार्च 2025 में किये गये प्रोग्राम के व्यय बिलो की बाजार प्रमाणिकता जांचे बिना ही जबरन भुगतान प्राप्त करने की कोशिश करने पर अध्यक्ष द्वारा रोके जाने से उत्तेजित होकर सांस्कृतिक मंत्री श्रीमति बन्धना कोटनाला व उनके पति वेदप्रकाश कोटनाला निवासी आदर्श नगर गली नम्बर- एक द्वारा किये गये दुर्व्यवहार व आगे देख लेने की धमकी देने पर उनके भद्र आचरण की कड़े से कड़े शब्दों में निन्द्रा की गयी है और मांग की गयी कि दोनों पति-पत्नी रावत से माफी मांगे अन्यथा सीधे-सीधे उत्तराखण्डी भाईयों से हर रोज किसी न किसी बहाने से धन उगाही के विरूद्ध अगली कार्यवाही की जायेगी। जिसे रोकने के लिए पार्टी उच्चाधिकारियों से शिकायत कर आन्दोलन की रूप रेखा भी बनायी जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उक्त दोनों पति-पत्नी को ही होगी। बैठक में उपस्थित सदस्य व पदाधिकारियों में राजीव अग्रवाल, वरुण कुमार आत्रेय, अरुण सिंह राजपूत, अशोक गहलौत, दिनेश मेहरा, शिवम चौहान, कमल सिंह, वरुण गुप्ता, चंद्रपाल सिंह, जगनेश, अनुज वशिष्ठ, राहुल शर्मा, विपिन, सरदार सुभाष सिंह, कपिल कुमार, पिंकू, संजीव कुमार, अमन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# महापंचायत को सफल बनाने के लिए प्रचार

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान ने स्पष्ट कर दिया है कि एसपी ग्रामीण द्वारा रात्रि में पुलिस फोर्स लेकर किसानों का टेंट उखाड़ने, किसानों से बदतमीजी करने और बेटी कनक के परिवार पर दबाव बनाने जैसे गंभीर मामलों को आगामी महापंचायत में प्रमुख मुद्दे के रूप में रखा जाएगा। संगठन ने कहा कि अब इस पूरे प्रकरण का जबाव जिले की जनता के सामने लिया जाएगा और जिम्मेदार अधिकारियों के रवैये को सुधरवाया जाएगा। मंडल मीडिया प्रभारी रामोद कुमार एवं जिला अध्यक्ष हेमेंद्र धनकड़ ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान के निर्देश पर बिजनौर कैंप कार्यालय में देर शाम आपातकालीन बैठक बुलाई गई। बैठक में पुलिस द्वारा किसानों पर की गई कार्रवाई को तानाशाही करार देते हुए कड़ा विरोध जताया गया। भाकियू पदाधिकारी शुक्रवार को ग्राम झलरी भी पहुंचे, जहां उन्होंने बेटी कनक के पिता संजीव कुमार और ग्रामीणों से मुलाकात की। कनक के मामले ने किसानों की भावनाओं को झकझोर दिया है और इसी कारण पूरा गांव व संगठन एकजुट दिखाई दे रहा है। इसके बाद संगठन ने आठ दिसंबर को कलेक्ट्रेट में विशाल महापंचायत का ऐलान किया, जिसमें हजारों किसान, पदाधिकारी व ग्रामीण शामिल होंगे। महापंचायत में पुलिस की कार्यशैली, एसपी ग्रामीण का व्यवहार और किसान परिवार पर बनाए गए दबाव पर बड़ा निर्णय लिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर, महापंचायत को सफल बनाने के लिए भाकियू के जांबाज सिपाहियों ने आज ही क्षेत्र में व्यापक ब्राह्मण (प्रचार-प्रसार) शुरू कर दिया है, जिससे यह महापंचायत ऐतिहासिक बन सके।

# सेंट मैरी इंटर कॉलेज में रंगारंग कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालागढ़।** सेंट मैरिस इण्टरमीडिएट कॉलेज, भिक्कावाला में पारिवारिक मल्यों को जीवन में अपनाकर नए समाज का निर्माण करने के आह्वान के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। सेंट मैरिज स्कूल में वार्षिक उत्सव रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाया गया। स्कूल के प्रांगण में जिसकी शुरुआत दीपोत्सव के साथ की गई।




डायसिस आफ बिजनौर की शिक्षा समिति के अध्यक्ष बिशप विंसेट नल्लाईपरमबिल, मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार, भाजपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मलकीत सिंह, प्रबंधक फा. फिलिप, प्रधानाचार्या शिजिमौल, स्कूल नायक दिगपाल व हर्षिता ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस दौरान बीते हुए ग्रामीण परिवेश की थीम पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों झूमने पर विवश कर दिया। प्रबंधक ने स्कूल रिपोर्ट प्रस्तुत की। नल्लाईपरमबिल ने संबोधित करते हुए पारिवारिक मूल्यों को वर्तमान परिवेश में आवश्यक बताते हुए नये समाज का निर्माण करने का आह्वान किया। बच्चों को स्टेज पर कार्यक्रम कोश्रपेश करते देख अभिभावक गढ़ अपने मोबाइल से बच्चों के वीडियो और तालियां बजाकर होंसला अफजाई करते रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने बदलते परिवेश और उसका असर समाज पर किस तरह हो रहा है। नाट्य रूपांतरण के द्वारा प्रस्तुत किया। साथ ही हमें किसी भी चीज का हेक्टिक नहीं होना है और सभी चीजों का सदुपयोग करना है। वही कैथोलिक डॉयसिस ऑफ बिजनौर की शिक्षा समिति द्वारा संचालित सेंट मेरीस इण्टीमीडिएट कॉलेज के नन्हे मुन्ने व विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत को सराहा वहीं पारिवा. रिक मूल्यों का वर्तमान परिवेश में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप जलाकर मुख्य अतिथि शिक्षा समिति के चेयरमैन बिशप विन्सेंट नल्लाईपरमबिल, प्रबंधक फादर फिलिप, प्रधानाचार्या सिस्टर शिजिमौल पुत्तेशेरी ने की। विद्यार्थियों ने स्कूल रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसके माध्यम से विद्यालय की उपलब्यिों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों के उजव्वल भविष्य की कामना की। रगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। संच. ालन नेहा चौधरी व विद्यार्थियों नवजोत कौर, आक. ाशा, अर्शप्रीत कौर ने किया।

## एक नजर

### तीन पंचायतों में 289 वोट हटाए गए

**धामपुर।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने धामपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान को तेजी देते हुए हाफिजाबाद बिहारीपुर, मनोहरवाली और भूतपुरी ग्राम पंचायतों के आठ बूथों पर एसआईआर सर्वे के प्रपत्रों की जांच की। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता बूथ नंबर 25 से 32 तक पहुंचे और मौके पर भरे जा रहे फॉर्मों को परखते हुए गलतियों को ठीक कराया। नीरज प्रताप सिंह ने बताया कि इन आठ बूथों पर कुल सात हजार मतदान शामिल होते हैं। इनमें से अब तक 5253 प्रपत्र भरकर जमा कराए जा चुके हैं और 4900 फॉर्म ऑनलाइन अपडेट भी कर दिए गए हैं। शनिवार को कार्यकर्ताओं द्वारा कुल 503 प्रपत्र बीएलओ को सौंपे गए। अभियान के दौरान 289 ऐसे नाम पाए गए हैं जो या तो मृतक हैं, जिनके नाम दोबारा दर्ज हैं या फिर वे किसी अन्य क्षेत्र में स्थानांतरित हो चुके हैं, इसलिए उन्हें हटाने की प्रक्रिया की जा रही है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से बूथ नंबर 28 मनोहरवाली पर भी कार्य की समीक्षा की, जहां कुल 785 वोट दर्ज हैं तथा सभी फॉर्मों को भरकर ऑनलाइन किया जा चुका है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने मनोहरवाली की बीएलओ इमराना के काम की प्रशंसा करते हुए भविष्य में सम्मानित कराने का भरोसा दिया।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**नहटौर।** समर्थ शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के नामांकन एवं स्क्रीनिंग का तीन दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त हो गया। बीआरसी केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षण में 50 चिन्हित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नोडल अधिकारी थम्मन सिंह, चंद्रेश कुमार, बलकरण सिंह एवं स्पेशल एजुकेटर दीपमाला ने 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान की विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने श्रवण विकलांग बच्चों के लिए कोक्लियर इम्प्लांट, पैरों के ऑपरेशन तथा होंठ कटे (क्लीफ्ट लिप) के ऑपरेशन से संबंधित नि:शुल्क चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। दिव्यांग बच्चों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक लियाकत अली, खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### चोरों ने रात में घर खंगाला

**अफजलगढ़।** रेहड़ क्षेत्र के गांव उदयपुर निवासी फहीम अंसारी ने बताया कि वह गुरुवार को पत्नी फिरोजा खातून को दवाई दिलवाने के लिए जसपुर उत्तराखंड गया था। घर पर कोई नहीं था। वह घर का ताला लगा कर गया था। वहां से लौटने में देर होने पर वह क्षेत्र के गांव अंगदपुर में स्थित अपनी ससुराल में रुक गया था। जब शुक्रवार शाम वह घर पहुंचा, तो मुख्य गेट का ताला लगा हुआ था। लेकिन वह जैसे ही रुम के अंदर पहुंचा, तो कमरे का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ था। अलमारी की जांच करने पर पता लगा की चोर अलमारी से पांच हजार की नगदी व सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। इस सामान को लगभग डेढ़ लाख रुपए का आंका जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि चोर दीवार फांदकर अंदर घुसे थे।

### डा. रमेश तोमर ने की समीक्षा



**नजीबाबाद।** विधानसभा क्षेत्र नजीबाबाद भ्रमण व SIR समीक्षा कार्यक्रम मे पहुंचे समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जिला प्रभारी डॉ. रमेश तोमर का स्वागत हुआ। विधायक हाजी तसलीम अहमद के नेतृत्व में आयोजित कैम्प में डा. रमेश तोमर ने एसआईआर कार्य की समीक्षा की। उन्होंने एसआईआर फार्म भरने और जमा कराने की पूरी प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने की जानकारी दी। समीक्षा बैठक मे प्रदेश सचिव खुर्शीद कुरैशी, जिला प्रवक्ता अखलाक पप्पू पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष बीके कश्यप एड, एहतेशाम राजा, अनवर मंसूब देवानन्द भुईयार, मुकीम, विशाल, दाऊद, कदीर कुरैशी, शमीम भाई, आदि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

पहले मेरा नाम सोहराब शमीम था। अब मैंने अपना नाम बदलकर सोहराब अकरम कर लिया है। भविष्य में मुझे अब इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**सोहराब अकरम पत्नी मौहम्मद अकरम निवासी मौहल्ला पतियापाडा, थाना व तहसील चान्दपुर, जनपद बिजनौर।**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. के निर्देश पर यह नोटिस देता हूं कि मेरे मुवक्किल के यहां श्रीमती सीमा पत्नी टीकम सिंह निवासी पोस्ट गजरौला, ग्राम नसरूल्लापुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने अपने निर्मित भवन खसरा नं. 158 ग्राम नसरूल्लापुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर के सापेक्ष में ऋण प्राप्ति के लिए आवेदन किया है। उपरोक्त के संबंध में यदि कोई आपत्ति/दावा किसी बैंक वित्तीय संस्था या उत्तराधिकारीगण या किसी अन्य व्यक्ति को हो, तो इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के भी निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर सम्पर्क कर सकता है।

**- अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मोबाइल नम्बर- 8958840567, 8445429323**

# एसआईआर फॉर्म का समय बढ़ाने की मांग

## सपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा नेता ठाकुर अमित चौहान के नेतृत्व में एसडीएम धामपुर को ज्ञापन सौंप कर एसआईआर फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने की मांग की। ज्ञापन उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त लखनऊ के नाम संबोधित किया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्यक्रम के चलते बीएलओ सहित आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजदूर, किसान और दैनिक कार्य करने वाले लोग पूरे दिन इस प्रक्रिया में उलझे हुए हैं, जिससे उनकी रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। सपा कार्यकर्ताओं ने मांग की कि वर्तमान निर्धारित अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2025 को कम से कम तीन माह आगे बढ़ाया जाए, ताकि सभी नागरिक आवश्यक प्रक्रिया को समय पर पूरी कर सकें और राहत महसूस कर सकें।

ज्ञापन देने वालों में ठाकुर अमित चौहान, नसीम राणा, लाल बहादुर सिंह, निसार अहमद, कुशल पाल सिंह चौहान, मेहताब चौधरी, अरमान अली, मजाहीर हुसैन, धर्मपाल सिंह, मौहम्मद आरिफ अंसारी, मोक्ष पाल सिंह, जावेद सईद, रविंद्र चौहान पप्पू, हुसैन अल्वी, राजबहादुर सिंह, फहीम अहमद राणा, करीमुद्दीन, कपिल वर्मा, अजीम राणा, धर्मवीर सिंह जोशी, मौहम्मद आरिफ अंसारी, पंकज गुप्ता, मुजाहिद हुसैन, अल्ताफ अहमद, हरपाल सिंह समेत सैकड़ों सपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बीएलओ का कार्य कर रही आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** एसआईआर फॉर्म भरने की ड्यूटी में लगी आंगनबाड़ी कार्यकत्री की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन शोक में डूब गए, वहीं विभागीय अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर सांत्वना देने के साथ आवश्यक मदद का भरोसा दिलाते नजर आए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला बड़वान निवासी 56 वर्षीय शोभा रानी पत्नी कृपाल सिंह बूथ संख्या 97 पर बीएलओ की जिम्मेदारी निभा रही थीं। परिजनों के अनुसार वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। शुक्रवार रात अचानक उनकी तबीयत अधिक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेफर किया गया। शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे उनकी मौत हो गई। मृतका की मौत की खबर फैलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर बिजनौर से पहुंचे डीपीओ विमल चौबे ने कहा कि परिजनों द्वारा जानकारी दी गई है कि शोभा रानी पहले से बीमार थीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि फॉर्म भरने को लेकर विभाग की ओर से किसी प्रकार का दबाव नहीं डाला गया था। घटना के बाद परिवार के लोग स्तब्ध हैं और मौहल्ले में दुख का माहौल व्याप्त है।

## एक नजर

### साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया



**नांगल सोती।** साइबर अपराध के प्रति पुलिस ने गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। नांगल थाने के एसआई विनोद कुमार पीपल, आरक्षी प्रवीण चौहान और संजय सैनी ने गांव हरचंदपुर में ग्रामीणों की चौपाल लगाकर साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। इस दौरान एसआई विनोद पीपल ने ग्रामीणों से कहा कि किसी दशा में कभी भी किसी को अपना ओटीपी न बताए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी अनेक तरीकों से ठग का काम कर रहे है, इसलिए सतर्क रहे है। अगर बैंक के नाम से कोई कॉल आए तो कभी भी रिसीव न करे, क्योंकि बैंक आपको कभी भी कॉल नहीं करता है। वहीं अनजाने लिंक को कभी भी रिसीव न करे। आपकी थोड़ी सी लापरवाही आपका बैंक एकाउंट खाली कर सकती है, इसलिए साइबर अपराधियों से सतर्क रहे। इस दौरान अरुण कुमार, नयपाल सिंह, आदेश राणा, मिथुन कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### टीका उत्सव तीन दिसम्बर से



**स्योहारा।** सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि शासन के निर्देश पर 3 दिसंबर से पूरे माह टीका उत्सव मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य शून्य से पांच वर्ष तक के छूटे हुए बच्चों का सौ प्रतिशत टीकाकरण पूरा करना है। ब्लॉक स्योहारा में 5387 बच्चों को टीके लगाए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। टीकाकरण से 11 जानलेवा बीमारियों से बचाव होता है। नियमित टीकाकरण सत्र बुधवार और शनिवार को आयोजित किए जाते रहेंगे। रिक्त उपकेंद्रों पर भी माइक्रो-प्लान के तहत टीका लगाया जाएगा। अधीक्षक डॉ. स्नेही ने बताया कि ओपीवी-1, पेंटा फर्स्ट, एमआर-1 और एमआर-2 जैसे कम कवरेज वाले टीकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सभी टीकों की रियल टाइम रिपोर्टिंग यू-विन पोर्टल पर होगी तथा नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगी। आशा कार्यकर्ता टीकाकरण से एक दिन पहले गांवों में सूचना देंगी। इस अभियान के दौरान किसी को अवकाश नहीं दिया जाएगा। प्रतिदिन लगभग 30 टीकाकरण सत्र संचालित किए जाएंगे। अधीक्षक डॉ. स्नेही ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि उन्हें 11 गंभीर बीमारियों से सुरक्षा मिल सके।

### छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



**चांदपुर।** ग्राम केलनपुर स्थित लोकप्रिय इंटर कॉलेज में पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक द्वारा छात्र छात्राओं को यातायात नियमों एवं साइबर अपराध की रोकथाम सम्बंधी जानकारी उपलब्ध करायी गई। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु वाले छात्र छात्रा को दोपहिया वाहन नहीं चलाना चाहिए तथा बिना डीएल के कोई भी वाहन नहीं चलाना चाहिए। साथ ही कार चलाते समय सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग किया जाना चाहिए। प्रबंधक/संरक्षक प्रो. हरवीर सिंह तोमर ने बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहने और अन्यों को भी जागरूक करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यातयात नियमों के प्रति सचेत रहने के साथ साथ जागरूक रहकर सुरक्षित रहने हेतु आवश्यक सुझाव भी दिये। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को एलईडी के माध्यम से भी यातायात नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राजीव तोमर भी उपस्थित रहे।

### किसानों की समस्याओं पर चर्चा




**जलालाबाद।** किसान सेवा सहकारी समिति लल्लूवाला धनोरा में वार्षिक सामान्य निकाय बैठक का आयोजन हुआ। चौधरी देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता एवं पवन सैनी के संचालन में हुई बैठक में क्षेत्र के किसानों ने विभिन्न समस्याओं एवं मुद्दों पर चर्चा की। कई वक्ताओं ने सरकार द्वारा चलाई जा रही गाय एवं भैंस पालन योजना में दिए जा रहे लोन को नाकाफी बताया। बैठक में उपसभापति सैयद जुल्फिकार, युवा किसान नेता गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू, चौधरी घनश्याम सिंह, ओमपाल सिंह, भूपेन्द्र कुमार, चौधरी बब्बू सिंह, सुरेश राणा, चमन सिंह एड., किसानों सहित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। समिति के लिपिक पवन सिंह ने सभी आगुंतकों का आभार व्यक्त करते हुए जलपान कराया।

# छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह



## सेमिनार के विजेताओं को भी किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विभिन्न विभागों की छात्र परिषद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

शपथ ग्रहण समारोह में विभागीय छात्र परिषद के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित पदाधिकारियों हर्ष कुमार, सफिया फात्मा, अरीबा हयात, निर्भय भारद्वाज, कु. अंशिका, कु. श्रद्धा वत्स, कु. हिफ्जा परवीन, अमन कुमार, ललित कुमार, कु. अदीबा परवीन, कु. दीक्षा, कु. शुमायला मलिक, नवदीप महेश्वरी को प्राचार्या प्रो. साधना के द्वारा शपथ दिलाई गई। उपाध्यक्ष पद के लिए पदाधिकारियों डोली, अलफिया इमरान, मौ. मुबश्शिर, कु. जैनब परवीन, कु. आसिया, अरीबा अफताब, मलाहत जमाल, कु. रीनू, योगिता कुमारी, शीतू, कु. अनुष्का, कु. अरीबा, अक्षत अग्रवाल को महाविद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने शपथ दिलाई। सचिव पद के लिए पदाधिकारियों कु. श्वेता अप्रौलिया, कु. हेमवती, नाजिया परवीन, सत्यम तिवारी, कु. जिया, कु. मुबश्शरा नाज, कु. आलिया, आदित्य, गीता कुमारी, इफरा, कु. महक, कु. बुशरा, मंयक भारद्वाज को प्रो. दिनेश सिंह द्वारा शपथ दिलाई गई। उपसचिव पद पर निर्वाचित पदाधिकारियों कु. महक, कु. नीतू, मुमताज परवीन, कु. शिवानी राजपूत, कु. पायल, मौ. कैफ, कु. आयशा मुबीन, समीर, तनु चौधरी, कु. अर्शी परवीन, समीर अहमद, रितिक, तूबा इमरान को प्रो. महीपाल सिंह ने शपथ दिलाई। कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित पदाधिकारियों ईशा जैदी, दुष्यन्त, कु. तस्मिया नूर, दीपांशु, कु. मनीषा, कु. शीनम नाजिम, नीशू, शगुन देवी, कु. अंजली, कु. रूखसार, प्रशान्त, पीयूष चौधरी को डा. जैनुल आबिदीन ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात 27 नवम्बर 2025 को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित विभागीय सेमिनार में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कु. नाजिया परवीन, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली कु. अर्शी, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली कु. हिमानी तथा सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले कु. मोबिन तथा अन्य सहभागियों को सर्टिफिकेट देकर पुरुस्कृत किया गया। महाविद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्यो, कर्तव्यों तथा अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने नवनिर्वाचित विभागीय पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विभागीय छात्र परिषदों का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना और उनकी विविध समस्याओं का सुनियोजित तथा क्रमबद्ध समाधान प्रदान करना है। ये परिषदें महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में अत्यधिक सक्रिय भागीदारी निभाती हैं। इनके पदाधिकारी अपने-अपने विभागों का प्रतिनिधित्व करते हुए, संस्थान के समग्र संचालन और छात्र-हितैषी माहौल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। विभागीय छात्र परिषद के समन्वयक डॉ. जैनुल आबिदीन रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. प्रदीप कुमार तालान द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रो. महीपाल सिंह, प्रो. दिनेश सिंह, प्रो. अशोक कुमार, डा. (श्रीमती) अखिलेश, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. कुलदीप, डॉ. साजिद अंसारी, आस मौहम्मद, सुरेंद्र सिंह, डॉ. देवेश कुमार, रामबिलास यादव, अरविंद कुमार, मौहम्मद सुलेमान, मौहम्मद सलीम, मौहम्मद आरिफ, डॉ. मीनाक्षी चौहान, पूजा राजपूत, फहीम अहमद, डॉ. राजकुमार, कुमारी इल्मा नाज, गौतम सिंह, नरेंद्र सिंह सहित सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजेश श्रीवास्तव, रवि कुमार, सोनू कुमार आदि का उपयोगी योगदान रहा।

# भूमि पर मालिकाना हक को लेकर दो पक्षों में विवाद



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** नगर के पहाड़ी दरवाजा क्षेत्र स्थित एक भूमि पर शनिवार को मालिकाना हक को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। कोर्ट के आदेश पर भूमि कब्जा दिलाने पहुंची टीम को विरोध के चलते वापस लौटना पड़ा। मामला बढ़ने पर पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले गई।

जानकारी के अनुसार पहाड़ी दरवाजा स्थित उक्त भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। नगर निवासी रईस अहमद का कहना है कि उन्होंने कोर्ट के आदेश के आधार पर इस जमीन का बैनामा कराया है तथा उसी अनुपालन में शनिवार को कब्जा लेने पहुंचे थे। इसी दौरान पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। आरोप है कि जमीन खाली कराने की प्रक्रिया शुरू होते ही दूसरे पक्ष ने विरोध करते हुए दावा किया कि यह भूमि वक्फ बोर्ड की है, ऐसे में किसी प्रकार का बैनामा मान्य नहीं हो सकता। दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक कहा-सुनी और तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। स्थिति को बढ़ता देख पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए दोनों पक्षों को कोतवाली ले गई।

विवादित भूमि पर अंतिम मालिकाना अधिकार किसका है, यह अब अदालत के निर्णय पर ही निर्भर करेगा। वहीं, यह विवाद नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## एसआईआर कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें



**स्योहारा।** मौहल्ला शेखान निवासी बीएलओ मास्टर विजयपाल सिंह विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। मास्टर विजयपाल सिंह अपने मिलनसार स्वभाव और सरल व्यवहार के कारण क्षेत्र में खास पहचान रखते हैं। वर्षों से बतौर शिक्षक व बीएलओ के रूप में लोगों की सहायता करते रहे हैं, जिससे जनता का उन पर गहरा विश्वास कायम है। उन्होंने मौहल्ले में महिलाओं, बुजुर्गों और नौजवानों से मुलाकात कर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से जुड़ी अहम जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह सर्वे मतदाता सूची में सुधार त्रुटि संशोधन और नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए चलाया जा रहा है। इसलिए फॉर्म में दी जाने वाली हर जानकारी सटीक और पूर्ण होनी चाहिए। बीएलओ मास्टर विजयपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे घर बैठे सर्वे टीम की मदद करें और अपने दस्तावेज तैयार रखें ताकि काम सरलता और तेजी से पूरा हो सके। उन्होंने बताया कि कई बार लोग जानकारी की कमी के कारण फॉर्म में गलतियां कर देते हैं, जिससे बाद में नाम कटने या संशोधन कराने जैसी परेशानी होती है। इसलिए अगर किसी को कहीं भी कोई दिक्कत, भ्रम या सवाल हो तो वह सीधे उनसे संपर्क कर सकता है। मास्टर विजयपाल सिंह ने विशेष रूप से युवाओं और 18 वर्ष आयु पूरी कर चुके नए मतदाताओं से कहा कि वे समय पर अपना फॉर्म भरकर जमा करें, क्योंकि यह उनका पहला और सबसे बड़ा लोकतांत्रिक अधिकार है।

# वीकेआईटी में फ्रेशर पार्टी 'आरम्भ 2025'




## छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में चल रहे विभिन्न कोर्सो में शनिवार को नए छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी 'आरम्भ 2025' का आयोजन किया गया। जिसमें नए छात्र-छात्राओं का सीनियर्स छात्र-छात्राओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया।

फ्रेशर पार्टी 'आरम्भ 2025' का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राहुल चौधरी (इन्टरनेशनल कबडड्ी खिलाड़ी), ग्रुप के सस्थापक अशोक कुमार सिंह, चेयरपर्सन श्रीमति सुदेश सिंह, प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, डीन एडमिशन श्रीमती नेहा सिंह एवं डीन एकेडिमिक राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। फ्रेशर पार्टी 'आरम्भ 2025' का संचालन कर रही मानसी चौधारी एंव ज्योति ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया एवं कॉलेज के प्रागंण मे उपस्थित मुख्य अतिथि राहुल चौधरी को प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, ग्रुप के सस्थापक अशोक कुमार सिंह को योगेश कुमार, चेयरपर्सन श्रीमती सुदेश सिंह को अमृता, प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह को राजीव कुमार एंव डीन एडमिशन श्रीमति नेहा सिंह को हिमांशी ने बैच लगाकर एवं फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। माँ सरस्वती की वंदना करके कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके उपरांत छात्र आशीष ने 'तुम ही हो' गीत सुनाकर प्रांगण में उपस्थित सभी का मन मोह लिया। छात्र प्रतिभा ने 'पिंगा-गा-पूरी' गीत पर डांस करके उपस्थित छात्र-छात्राओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मानसी चौधरी एंव ज्योति ने 'आरम्भ 2025' में मिस्टर फ्रेशर एवं मिस फ्रेशर चुनने के लिए भारतीय एवं ब्रिटिश परिधानों पर आधारित नए छात्र-छात्राओं को कैटवॉक के लिए आंमत्रित किया। कैटवॉक करके सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी प्रतिभा को उजागर किया। मिस्टर फ्रेशर एवं मिस फ्रेशर के रिजल्ट आने तक कार्यक्रम का संचालन कर रहे मानसी चौधरी एवं ज्योति ने ज़ैद एंड ग्रुप को ड्रामा (ट्यूशन टीचर) प्रस्तुत करने के लिए बुलाया, जिसमें प्रांगण में उपस्थित सभी को हँसने पर मजबूर कर दिया। इसके उपरान्त छात्र सिमरन ने अपनी मोटीवेशनल शायरी सुनाकर सभी का मनमोह लिया। संचालन कर रही मानसी चौधरी एवं ज्योति ने सभी नए छात्र-छात्राओं को फाईनल कैटवॉक के लिए बुलाया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने कैटवॉक, सिंगिग, सामान्य ज्ञान आदि में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जिसमें मिस्टर फ्रेशर समीर, बी.फार्म. प्रथम वर्ष एवं मिस फ्रेशर शगुन, बी.कॉम. प्रथम वर्ष को चुना गया।कार्यक्रम में योगेश कुमार, अमित कुमार, मौ. जाहिद, संसार सिंह, नागेन्द्र सिंह, तबस्सुम, रोहित कुमार, बीरेन्द्र कुमार, गौरव कुमार, हरेंद्र सिंह मौ. बिलाल, शैंकी बाबू, विपिन कुमार, नरदेव कुमार, गौरव कुमार, गाज़ी अब्बास साहिबा, सलोनी सोती, आदेष, शीतल, मनोज कुमार, प्रिंयका पाल, सीमा, कैसर जहां नावेद, इन्तेज़ार अहमद, मौ. विशाल, दीपक काकरान, मुनेश कुमार, आसमा परवीन, नितिन कुमार, अमित चौधरी, सहदेव, सुरभी, आदित्या, मुरसलीन, वंश, धर्मवीर सिंह, दीपक कुमार आदि सहित भारी संख्या मे छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अय्यूब अंसारी कर रहे एसआईआर में मदद



**अफजलगढ़।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अय्यूब अंसारी ने बढ़ापुर विधानसभा कस्बा अफजलगढ़ क्षेत्र में एसआईआर फॉर्म भरवाने में ग्रामीणों की सहायता की। इस एसआईआर अभियान में सभी लोग ज्यादा से ज्यादा सक्रिय होकर अपने-अपने फॉर्म भरवा कर जमा करें और फॉर्म भरने में अगर कोई दिक्कत आए, तो हमें बताए। एसआईआर अभियान के दौरान अय्यूब अंसारी ने क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं से बात कर ज्यादा से ज्यादा एसआईआर फॉर्म भरवा कर जमा कराने का अनुरोध किया।

### सड़क निर्माण कार्य रुकवाया



**नांगल सोती।** नांगल- चंदक मार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर से मायापुरी तक पीडब्ल्यूडी द्वारा लगभग 500 मीटर सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। शनिवार को ग्रामीणों ने कार्य बंद कराते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था कि सड़क निर्माण में मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री नहीं लगाई जा रही है, जिससे पीछे से सड़क की बजरी उखड़ रही है। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच नहीं करेंगे, तब तक कार्य शुरू नहीं होने दिया जाएगा। उधर पीडब्ल्यूडी के जेई नीरज का कहना है कि जहां से बजरी उखड़ी है, उसे सही कराया जा रहा है। मानक के अनुरूप ही कार्य कराया जाएगा। प्रदर्शन में कुलबीर सिंह, नीटू चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, विपिन कुमार, सत्यवीर सिंह, मोंटी, डिब्लू आदि मौजूद थे।

### बीएलओ को 50 प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश



**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के दृष्टिगत जिले के कम प्रगति वाले मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए उपस्थित बीएलओ एवं सहयोगी कार्मिकों को कड़े निर्देश दिए कि कम से कम 50 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को ऑनलाइन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि 50 प्रतिशत से कम प्रगति करने वाले बीएलओ के खिलाफ उनके विभागीय अधिकारियों के माध्यम से एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा तहसील चांदपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रावटी, संस्कृत विद्यालय, गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज, उलैहढ़ा तथा ग्राम निजामपुर गंज स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे, उन्हीं नाम आगामी नौ दिसंबर 2025 को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सम्मिलित किए जाएंगे।

### निर्धन छात्राओं को स्वेटर वितरित किए



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में निर्धन छात्राओं को ठंड से बचने के लिए सवेरा क्लब द्वारा स्वेटर वितरित किए गए। विद्यालय परिसर में सवेरा क्लब द्वारा प्राइमरी विभाग की 30, इंटर कॉलेज की 40 निर्धन छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए। परमेश्वर अग्रवाल अध्यक्ष सवेरा क्लब ने बताया कि हमारा क्लब समाज सेवा के कार्य कर्ता रहता है, जिसके अंतर्गत छात्राओं को ठंड से बचने के लिए 70 स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष, गौरव माहेश्वरी कोषाध्यक्ष, संजीव अग्रवाल, परमेश्वर अग्रवाल अध्यक्ष सवेरा क्लब, डा. सुरेश चौधरी. अजय कुमार महेश्वरी, विकास गर्ग शिक्षिका डॉक्टर प्रीति रानी, अमृता चौहान, विनोद शर्मा, नीरज, मेघा गुप्ता, हिमांशी रानी, अंजली कुमारी आदि उपस्थित रहीं।

### थाने का वार्षिक निरीक्षण



**नांगल सोती।** सीओ नजीबाबाद ने नांगल थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ ने सभी दस्तावेज दुरुस्त पाए। इस दौरान सीओ नजीबाबाद ने अपराध रजिस्टर, ऑडर रजिस्टर, सुरक्षा समिति रजिस्टर, हवालात रजिस्टर, नकबजनी, सक्रिय अपराधी, जांच पर्ची आदि रजिस्टरों का निरीक्षण किया। सीओ ने सभी दस्तावेजों को दुरुस्त पाया और सभी मौजूद हथियारों को देखा। जिसके बाद सभी हथियार साफ सुधरे और तेल लगे पाए गए। सीओ ने महिला शौचालयों, मैस, आरक्षियों के आवास का निरीक्षण किया। सभी दुरुस्त पाये गये और अच्छी साफ सफाई भी पाई गई।

### भाकियू लोकशक्ति ने मनाया स्थापना दिवस

**नांगल सोती।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने अपना स्थापना दिवस गांव सैदपुरी में जिला कैंप कार्यालय पर केक काटकर बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह ने कहा कि उनका संगठन किसानों के लिए समर्पित है, किसानों की समस्याओं के लिए संगठन ने कई आंदोलन किए है। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह, मंडल प्रभारी जग्गन अली, भूपेन्द्र, मनोज, शहाबुद्दीन, अजयपाल सिंह, मूला सिंह, अमित कुमार, शेर सिंह, यशपाल सिंह, रामअवतार, जाहिद अली, डा. जयप्रकाश सिंह, अंकित चौधरी, मुव्वशीर वेग, हिमांशु, आशीष, गुड्डू भाई, अमरपाल सिंह, अकरम अली, ओमप्रकाश धसीटा, रहीस, जय सिंह, विनीत कुमार, प्रितम सिंह, फुरकान अली, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



सम्भल- बुलंदशहर में हादसे में असमोली क्षेत्र के युवक की मौत पर विलाप करते परिजन।

# बुलंदशहर हादसे में असमोली निवासी युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता



**असमौली।** बुलंदशहर में हुए सड़क हादसे में ग्राम टांडा निवासी युवक की भी मौत हुई। मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक ईंट ढोने का काम करने गया था।

जानकारी के अनुसार, जाहिद अपने साथियों रिजवान पुत्र छिदा खां, उस्मान पुत्र छिदा खां और नजरुल पुत्र सलामतुल्लाह के साथ बुगारासी गांव (जनपद बुलंदशहर) से ट्रैक्टर-ट्रॉली पर ईंट लेकर ऐचौड़ा

**0परिवार में मचा कोहराम, मजदूर की मौत से पत्नी व दो बेटियों के सर से उठा बाप का साया**

कम्बौह जनपद सम्भल) आ रहा था। रास्ते में अचानक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि जाहिद हुसैन की ईंटो में दबकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथी रिजवान, उस्मान और नजरुल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस घटनास्थल की जांच-पड़ताल में जुटी है। मृतक जाहिद हुसैन अपने पीछे दो बेटियां और पत्नी जैनब को छोड़ गया है। परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि हमारे घर में कमाने वाला एक ही था, अब हमारे पालन-पोषण का कोई सहारा नहीं बचा।

# सुन्दरता ही नहीं देश भक्ति की अलख भी जगा रहा है 101 फीट ऊंचा तिरंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कभी सांय होते ही सुनसान हो जाने वाला नगर का मुख्य चौराहा शहर का दिल बन गया है। जबकि चौराहे पर लगा 101 फीट तिरंगा लहराते ही न केवल सुन्दरता में ओर चार चांद लगा दिये हैं,बल्कि हवा में लहराता तिरंगा देश भक्ति की भी अलख जगा रहा है। साथ युवाओं के लिए सबसे अधिक पसंद का बन गया है।

**0 पूर्व चेयरमैन व पूर्व प्रत्याशी ने हवा में लहराते तिरंग को दी सलामी**

नगर के चौधरी सराय स्थित चौराहा कभी सांझ होते ही कम चहल-पहल वाला होकर रह जाता था। लेकिन समय के बाद चौराहे का दिन भी बदल गए हैं। नगर का चन्दौसी चौराहे पर देर रात तक रहने वाली चहल-पहल और रौनक इसी चौराहे पर बनी हुई है। फाउंटेन पार्क का निर्माण होने से चौराहे की रौनक ने उसकी सुन्दरता को बड़ा दिया था अब जबकि नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में मुख्य चौराहे पर 101 फीट का तिरंगा लगाया है। अशोक स्तम्भ के साथ लगा तिरंगे ने न केवल चौराहे की शान और सुन्दरता में ओर भी चार-चाँद लगा दिये हैं बल्कि हवा में लहरा रहा तिरंगा देश भक्ति की अलख भी जगा रहा है। शुक्रवार को लगाय गए तिरंगे ने चौधरी सराय चौराहे को एक ओर नई पहचान दी है बल्कि युवा वर्ग के लिए सैल्फी प्वाइंट हो गया है। इसके अलावाछोटा हो या बड़ा हर किसी को तिरंगा आकृषित कर रहा है। शनिवार को अपने आवास उप नगरी सराय तरीन से अपने प्रतिष्ठान पर जाते पूर्व नगर पालिका परिषद चैयरमेन हाजी नुसरत इलाही की तिरंगा लहराते देश देश भक्ति उबर आयी। उन्होने वाहन को रोका तिरंगे को सलामी दी और अपना फोटो खिंचाया। इतना ही नहीं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य परमेश्वर लाल सैनी तो चन्दौसी से चौधरी सराय चौराहे पर पहुंचे। उन्होने भी पूर्व चैयरमेन हाजी नुसरत इलाही के साथ खड़े होकर तिरंगे को सलामी दी और फोटो खिंचवाये।



सम्भल- चौधरी सराय चौराहा स्थित 101 फीट तिरंगे पर सलामी देते पूर्व चैयरमेन

# ओवरलोड वाहनों पर परिवहन विभाग ने कसा शिकंजा

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** देर से ही सही ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही की याद आ गयी। परिवहन विभाग ने अभियान चलाकर वाहनों की चैकिंग की ओर ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की।

शनिवार को परिवहन विभाग ने थाना असमोली क्षेत्र के सम्भल-जोया मार्ग स्थित पर पीटीओ योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में ओवरलोड डम्फर, ट्रैक्स्ट में जेसीबी और गन्ने से लगे दो ट्रक पर शिकंजा कसा। पकड़े गए 2 बजरी से भरे डम्फर और एक जेसीबी को सीज किया। वही गान्ना लेकर आ रहे दो ओवरलोड ट्रकों का चालान किया। गौरतलब है कि ओवरलोड और डग्गामार वाहन सड़क हादसों की बड़ी वजह बनते हैं। आए दिन ऐसे वाहनों से सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई निर्दोष लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए परिवहन विभाग ने यह सख्त कार्रवाई की है। पीटीओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि कमाई के चक्कर में नियमों की अनदेखी कर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे ओवरलोड वाहनों और डग्गामार गाड़ियों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

# घर से निकलते शालीन वस्त्रों का करें धारण

**0मिशन शक्ति अभियान में प्रोफेसर ने दी नसीहत**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के अंतर्गत छात्राओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाए गए। एमजीएम पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उर्दू विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा..हुमा फातिमा ने छात्राओं से कहा कि जैसा कि मिशन शक्ति का प्रोग्राम रोज ना कोई कोई ना कोई प्रोग्राम होता रहता है कि हम लड़कियां अपनी आत्मरक्षा कैसे करें तो उसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि हम अगर घर से बाहर निकल रहे हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए कि हम अनुशासन में रहे। हमारी तरफ से कोई आंख उठाकर तो हमें उसका पुरजोर विरोधा करें और अगर हम सफर में जा रहे हैं तो हम किसी से ज्यादा बात ना करें कोई हमें कुछ खाने को दे तो उन चीजों से परहेज करें और घर से निकलते समय अपने पर्स में मिर्च, नेल कटर, छोटा चाकू ,पिन वगैरह अपनी सेफ्टी के लिए रखें। और समाज में केवल अपनी ही आत्म सुरक्षा पर ध्यान ना दें बल्कि अगर आपके साथ के अलावा आपके सामने किसी और महिला को असुरक्षा महसूस हो रही है तो उसका भी ख्याल करें और आप उसकी ताकत बनकर उसका भरपूर साथ दें। आत्म निर्भर बने और आप विश्वास से परिपूर्ण रहे। हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. विजयलक्ष्मी शर्मा ने कहा कि सर्वप्रथम बच्चियों को चाहिए कि घर से जब निकलें तो शालीनता का परिचय देते हुए शालीन वस्त्रों को धारण करें। चरित्रवान बनें। उचित अनुचित का ध्यान रखते हुए भी किसी से मित्रता ना करें । आपका उद्देश्य पढ़ना है कॉलेज तक जाना है। और अपने घर तक आना है। ऐसे में यदि कोई आपके साथ विपरीत आचरण करे तो आपको बहुत ही सजग रहना है और बचाव के लिए सदैव अपने साथ मिर्ची के पानी का स्प्रे रखना चाहिए। गलत बात का बलपूर्वक विरोध करना चाहिए। अपनी सुरक्षा करना स्वयं के हाथ में ही होता है। प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेन्द्र सिंह जी ने भी छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में 52 छात्राएँ उपस्थित रहीं। संचालन मिशन शक्ति की संयोजिका डा. रीतू भटनागर ने किया।



सम्भल- एमजीएम पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम में बोलती हुमा फातिमा।

## सपा नेता ने की एसआईआर कार्य की तिथि बढ़ाने की मांग

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की तिथि बढ़ाने की मांग ज़ोर पकड़ती जा रही है। अन्य राजनैतिक दलों के साथ समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एसआईआर का कार्य की अवधि दो माह बढ़ाये जाने की मांग मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की है। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खां ने मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि देश के कई प्रदेशों में एस.आई.आर. का कार्य चल रहा है। लोगों में जागरूकता एवं पूरी प्रक्रिया समझ में ना आने तथा बी.एल.ओ. एवं इससे जुड़े कर्मचारीगण जल्दबाजी में कार्य पूर्ण रूप से करने में असमर्थ नजर आ रहे हैं। जबकि राजनीतिक पार्टी समाजवादी पार्टी द्वारा प्रसार-प्रचार किया जा रहा है परन्तु मतदाताओं द्वारा यह मांग की जा रही है कि भारी संख्या में बूथों पर लोगों के पहँचने पर बी.एल.ओ. द्वारा भी बताया गया है कि नेट सेवा का साफ्टवेयर (सर्वर) डाउन चल रहा है। डाउन होने से भारी संख्या में फार्म अपलोड नहीं हो पा रहे हैं। शादियों का सीजन चलने से फार्म जमा नहीं हो रहे हैं।

# हादसों पर अंकुश को वाहनों पर लगे रिफ्लैक्टर

**0यातायात प्रभारी ने की लोगों से अपने वाहनों पर लगाने की अपील**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** सर्दी के मौसम में सड़क हादसों को रोकने व नियंत्रण के लिए पुलिस अभियान चलाकर वाहनों में रिफ्लेक्ट लगाये। इसके साथ ही यातायात प्रभारी भी लोगों से भी अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने की अपील करें। जिससे क्षेत्र में बिना रिफ्लेक्टर के चल रहे वाहनों रोका जा सके।

यह वाहन न केवल ओवरलोड हैं बल्कि इनके पीछे रिफ्लेक्टर व स्टीकर तक नहीं है। उन पर रिफ्लेक्टर लगाने की व्यवस्था हो। क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों में ज्यादा ट्रैक्टर ट्राली और थ्री व्हीलर हैं। इन ट्रैक्टर ट्राली और थ्री व्हीलर के पीछे रिफ्लेक्टर नहीं है। सर्दी के मौसम में धुंध के कारण व कोहरे में यह दिखाई तक नहीं देते। जिससे अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सर्दी के मौसम में मुसाफिरों के लिए यह यमदूत बन जाते हैं। ओवरलोड वाहनों में सबसे ज्यादा ट्रैक्टर ट्राली है। सर्दी के मौसम को गंभीरता से लेकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस सख्त कदम उठाये। यदि कोई बिना रिफ्लेक्टर के मिलता है तो उसका चालान किया जाना चाहिए। वैसे यातायात पुलिस रिफ्लेक्टर लगा रही है लेकिन इसका दायरा बड़ा होना चाहिए। सर्दी में कोई भी वाहन सड़क पर बिना रिफ्लेक्टर नहीं चलना चाहिए। तभी दुर्घटनाओं से मुक्ति मिल सकेगी और लोगों की जान सुरक्षित रह सकेगी। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पुलिस सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगाये।

## भीम आर्मी की बैठक आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सभी भीम आर्मी भारत एकता मिशन की बैठक रविवार को प्रातः 11:00 बजे ग्राम ऐचोली में आयोजित की जायेगी।

## एक नज़र इधर भी

### जिले के प्रभारी मंत्री वैवाहिक कार्यक्रम में रहेंगे मुख्य अतिथि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार/जनपद के नोडल मंत्री मुख्य अतिथि रहेंगे। रविवार (आज) शासन की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत बड़ा मैदान निकट कलक्ट्रेट परिसर में प्रातः 10 बजे से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति प्रतिभाग करेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार ने बताया कि जनपद में शासन से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के अन्तर्गत 497 का लक्ष्य प्राप्त हुआ जिसके क्रम में 803 आवेदन ऑनलाइन जनरेट हुए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत आयोजन में सम्मिलित होने वाले जोड़ों की बायोमेट्रिक उपस्थिति की जाएगी।

### पीएनबी कर्मियों संग वार्ता कर की समीक्षा

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने जनपद के पी.एन.बी बैंक के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। बैठक में बैंकों और एटीएम में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गयी, जबकि साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों पर भी चर्चा की गयी। बैंकों और एटीएम को आरबीआई के सुरक्षा दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने तथा सुरक्षा के लिए 24 7 सीसीटीवी रिकॉर्डिंग और प्रवेश और निकास बिंदुओं की लगातार निगरानी किए जाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### टीएसआई सुरेश सम्भालेंगे यातायात की कमान

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** टीएसआई सुरेश कुमार द्वारा प्रशिक्षित किए गए गए 15 पुलिसकर्मी संभालेंगे यातायात की कमान जनपद सम्भल में सम्भालेंगे। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा 15 पुलिसकर्मियों को यातायात में भेजा गया है।

### बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन को बैठक एक दिसम्बर को

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड कासमपुर जनपद सम्भल की एक बैठक का आयोजन नूरियों सराय निकट मछली मंडी में मुख्य प्रवक्ता विनोद कुमार के आवास पर दिनांक 1 दिसंबर को सुबह 11 बजे किया जायेगा। बैठक में इच्छुक व्यक्ति हिस्सा लेकर कार्यवाही पूर्ण करा सकते हैं।



बबराला-विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में जानकारी करते अमित यादव।

### कार्यकर्ता एसआईआर में करें सहयोग: अमित

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** सपा नेता ने एसआईआर (विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण) कार्यक्रम सफल बनाने के लिए सपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से इसमें सहयोग करने का आहवान किया। उन्होंने बूथ पर निरीक्षण किया। सपा गुन्नौर विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव ने सपा कार्यकर्ताओं को मतदाता प्रपत्र प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए मतदाता सूची के सही एवं प्रभावी निर्माण की विधि समझाई। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि सभी लोग गांव-गांव में सक्रिय होकर एसआईआर कार्य को सफल बनाने और मतदाताओं का प्रपत्र भरवाने में सहयोग करने की अपील की। पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और एसआईआर कार्य को समयबद्ध और जिम्मेदारी पूर्वक पूरा कराने में बीएलओ का सहयोग करने का आहवान किया। उन्होंने बूथ पर भी जाकर जानकारी ली। इस दौरान सुमित यादव, देवेंद्र सिंह, राजा, शमीम अहमद, शशिकांत आदि रहे।

### फर्जी पुलिसकर्मी बनकर रौब गांठने का आरोपी लिया हिरासत में

**असमोली ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** फर्जी पुलिसकर्मी बनकर रौब गांठने के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस को आरोपी के पास से कई संदिग्ध सामान मिले है। जिसकी पुलिस जाँच कर रही है। पकड़े गए आरोपी पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए है। बताया जाता है कि हिरासत में लिया गया युवक पहले भी फर्जी पुलिस वाला बनकर अवैध उगाही के मामले में जेल जा चुका है। अब फिर से उसको फर्जी पुलिस कर्मी बनकर रौब जमाने का मामला असमोली थाना इलाके के शाहबाजपुर कला का सामने आया है।

### सौंधन में रामनिवास स्मारक के विद्यार्थियों को किया जागरूक

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** कैलादेवी थाना क्षेत्र के सौंधन स्थित रामनिवास स्मारक उदयवीर सिंह इंटर कॉलेज में शनिवार को मिशन शक्ति टीम प्रभारी आंचल सिद्धू ने टीम के साथ सभी छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों की जानकारी देते हुए अभियान चलाया।जबकि साइबर फ्रौड को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया और 1930 हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी।इस दौरान विद्यालय प्रबंधक ओमकार सिंह,प्रधानाचार्य राम भरोसे राणा आदि मौजूद रहे।

# प्रोफेशनल एथिम्स के साथ कार्य करें युवा अधिवक्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** युवा अधिवक्ता एसोसिएशन की बैठक में में अधिवक्ता एकता और प्रोफेशनल ऐथिम्स के अनुसार कार्य करने पर बल दिया।

शनिवार को आयोजित बैठक में अध्यक्ष पुनीत बाबू वार्ष्णेय ने कहा कि युवा अधिवक्ता के लिए शुरूआती समय काफी कठिन होता है, लेकिन वह अपना काय प्रोफेशनल एथिम्स के सिद्धांतों का पालन करते हुए करना चाहिये। उन्होने कहा कि किसी भी कार्य में अनुशासन का होना बहुत ज़रूरी होता है। सचिव चौधरी सुआलेहीन रजा ने कहा कि अधिवक्ता का कार्य पक्षकारों के कानूनी अधिकारों के लिए पैरवी कर उसे न्याय दिलाने तक सीमित नहीं है। बल्कि अधिवक्ता भी कानून प्रहरी भी है। युवा अधिवक्ताओं ने को प्रोफेशनल एथिम्स के नियमां का पालन करना चाहिए। मौ. फराज अर्शी ने कहा कि अधिवक्ता कानून का ज्ञाता होता है। जिसको समाज में विशेष महत्व दिया जाता है। बैठक में अन्य अधिवक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त कर अधिवक्ता एकता पर बल दिया। हिंदवीर सिंह एड. ने कहा कियुवा अधिवक्ता को धैर्य के साथ कार्य करना चाहिए। मौ. माज एड. ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर मौ. अदीब, मौ. इब्राहीम, सोनू गुप्ता, कपिल चन्द्र, निहाल सिंह, गौरव सिंह, आलिया आदि एड. मौजूद रहे।

## उपभोक्ता बिजली बिल योजना का उठाएं लाभ

शाह टाइम्स, संवाददाता

**बबराला।** अधिशासी अभीयन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-बबराला अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विद्युत विभाग की 01 दिसम्बर 2025 से शुरू होने जा रही बिजली बिल राहत योजना के तहत पात्र उपभोक्ता पंजीकरण कराकर विद्युत बिल के मूल बकाये 31मार्च 2025 में 25 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट व सरचार्ज की 100 प्रतिशत छूट प्राप्त कर सकते हैं।विद्युत बिलों को आसान किस्तों में भुगतान करने की सुविधा एवं विद्युत चोरी के प्रकरणों पर जुर्माने में भारी छूट का प्रावधान है। उक्त के दृष्टिगत विद्युत वितरण खंड बबराला के सभी पात्र उपभोक्ताओं विद्युत वितरण खण्ड कार्यालय बबराला, विद्यत वितरण उपखण्ड कार्यालय गुन्नौर,गवां,धनारी, विद्यत उपकेन्द्रों व अपने नजदीकी ग्राहक सेवा केन्द्रों पर ज्यादा लाभ पायें।

# वार्षिकोत्सव में मेधावियों को सम्मानित कर किया प्रोत्साहित

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कायनात इंटर नेयानल स्कूल के वार्षिकोत्सव में मेधावियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जबकि प्रबंधक पुत्र के मुकददस किताब हिफ्ज़ करने की खुशियों को भी साझा किया।

सम्भल हसनपुर मार्ग स्थित स्कूल के वार्षिकोत्सव की शुरूआत होने से पूर्व प्रबंधक पुत्र मौ. अदन के मुकददस किताब हिफ्ज करने पर होने वाली रस्म को अदा किया गया। कम आयु में दीनी और दुनियावी तालीम हासिल करने वाले छोटे बच्चे ने सभी को हतप्रभ्ध कर दिया। तत्पश्चात वार्षिकोत्सव की शुरूआत की गई। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनमोह लिया। कार्यक्रम के बीच में परीक्षा में स्कूल टॉपर्स रायमा कासिम, शारेबा शमीम, शुमाएला को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। समारोह में मौलाना मौ. मियाँ, सांसद जियाउर्रहमान बर्क, सदर विधायक नवाब इकबाल महमूद, बिलारी विधायक, सीबीआई के वकील फरीद अहमद, के एम रफी, के एम जकी, प्रधानाचार्य मौ. इरफान, विधायक कमाल अख्तर मुख्य अतिथि रहे। समारोह में शहर के अन्य स्कूलों के छात्रों ने भी प्रतिभा में भाग लिया। प्रबंधक के एक फहीम और प्रधानाचार्य ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर जकिया फरीदी, माहेरा फरहत, अनम परवीन, मौ. सलीम, तल्हा वकार, मौ. इमरान, साजिद अली, शुभम ठाकुर, कहकशां,अहमद अयाज़, माजिद अली, साकिब हुसैन, अल्तमश हुसैन, बिट्टू हसन आदि ने योगदान दिया।



सम्भल- कायनात इंटरनेशल स्कूल के वार्षिकोत्सव के फेंसी ड्रेस में हिस्सा लेते बच्चे।

# मादक पदार्थों की तस्करी रोकने को जिले के बॉर्डर पर की जाए चेकिंग

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नारकोटिक्स एनकॉर्ड को लेकर आयोजित बैठक में मानस पोर्टल एवं समग्र भारत ड्रग्स की शिकायतों को जारी हेल्पलाईन नम्बरों को लेकर चर्चा की।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आबकारी निरीक्षक रुद्रकांत मिश्र द्वारा बैठक के प्रमुख बिन्दुओं की पुलिस अधीक्षक को जानकारी दी गई। बैठक में मानस पोर्टल एवं समग्र भारत में ड्रग्स की शिकायतों हेतु जारी हेल्पलाइन नंबर 1933 के प्रचार प्रसार को लेकर चर्चा की गयी। पुलिस अधीक्षक ने हेल्पलाइन नंबर की मॉनिटरिंग कीं जानकारी लेते हुए संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि हेल्पलाइन नंबर 1933 की समीक्षा अति आवश्यक है, इस पर जनपद सम्भल से कितनी शिकायतें आती हैं। व्यापार कर एवं आबकारी विभाग संयक्त रूप से राजमार्ग तथा अन्य जनपद से आने वाले मार्गों पर चैकिंग के समय अवैध शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की तस्करी के दृष्टिगत संदिग्ध वाहनों की जांच के संबंध में चर्चा की गयी। पुलिस अधीक्षक ने व्यापार कर विभाग से संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अर्थदण्ड किस माध्यम से प्राप्त हुआ तथा खाते आदि से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। राजमार्ग एवं ढाबों पर अवैध मदिरा की तस्करी एवं मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में भी चर्चा की गयी तथा पुलिस अधीक्षक ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि आबकारी विभाग सम्भल अमरोहा बॉर्डर तथा हजरत नगर गढ़ी बॉर्डर आदि पर भी चैकिंग करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ब्रहमकुमारी प्रजापिता संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा राजघाट बबराला के पास घाट पर साफ सफाई को लेकर कहा जिसपर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आगामी बैठक में ऐसे लोगों को भी बैठक में प्रतिभाग कराएं जोकि नशा करना छोड़ चुके हैं, जन जागरूकता में उनका सहयोग लिया जाए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, आबकारी निरीक्षक रुद्रकांत मिश्र सहित समस्त आबकारी निरीक्षक, औषधि निरीक्षक जयेन्द्र कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं ब्रहम कुमारी प्रजापिता संस्था के प्रतिनिधि आदि उपस्थिति रहे। बैठक में सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्थाओं यथा गायत्री परिवार तथा ब्रहमकुमारी प्रजापिता आदि के द्वारा जनपद में एक युद्ध नशे के विरुद्ध के प्रचार प्रसार को लेकर पुलिस अधीक्षक ने सराहना की।

# निराश्रित गोवंश परेशानी का सबब

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर सहित हाइवे पर निराश्रित गोवंश किसानों की फसलों को बर्बाद करने के साथ सड़क हादसों का भी सबब बन रहे हैं। किसान सर्दी में अपनी फसलों की रखवाली रात मे टार्च व डंडो के सहारे कर रहे है। निराश्रित गोवंश के कारण क्षेत्र में पूर्व में भी कई सड़क हादसे हो चुके हैं। कुछ हादसों में लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं।

गुन्नौर तहसील क्षेत्र में निराश्रित गोवंश की संख्या लगातार बढ़ रही है। यह न केवल दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए परेशानी भी खड़ी कर रहे हैं। वैसे तो क्षेत्र की गोशालाओं में जितने भी गोवंश हैं, उससे कहीं ज्यादा इनका रात में हाइवे की सड़कों पर बसेरा रहता है। आप की जरा सी लापरवाही हादसे का कारण बन सकती है। गोवंश की सुरक्षा के सरकारी दावे भी फेल साबित हो रहे हैं। बबराला के साप्ताहिक बाजार, गुन्नौर नेहरू

**0गांव-गांव संचालित है पैथेलोजी लैब और अस्पताल**

चौराहा, बबराला गुन्नौर रोड पर गांव इटउआ, गुन्नौर से सेंजना रोड समेत नगर के कई हिस्सों का यही हाल है। पेट भरने के बाद यह गोवंश अक्सर रात को सड़कों पर जाकर बैठे मिलेंगे। नगर का व्यस्ततम आगरा-मुरादाबाद व बदायूँ-दिल्ली मार्ग पर गुन्नौर के पास रात के समय गोवंश का जमावड़ा रहता है। इसके अलावा चौराहे पर गोवंश सड़कों पर पहुंच जाते हैं और सड़कों के बीच बैठ जाते हैं। कई बार तो वाहन के हॉर्न की आवाज सुनकर गोवंश विचलित भी हो जाते हैं और इधर-उधर भागने लगते हैं। इससे हादसा होने का डर अधिक रहता है। कई मार्गों पर स्ट्रीट लाइटें बंद होने से हादसों की आशंका बढ़ जाती है। कई दोपहिया वाहन चालक बेसहारा पशुओं के कारण हादसों का शिकार हो चुके हैं।बीच सड़क पर बैठे निराश्रित पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में अनिल कुमार, रवि, देवेंद्र, सुरेश कुमार आदि लोगों से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा रात के समय वाहन चालकों को समस्या होती है। कुछ निराश्रित पशु ऐसे हैं जिनका रंग काला होता है और बीच सड़क पर झुंड़ लगाकर बैठे रहते हैं। तेज गति में आने वाले वाहन चालकों को यह दिखाई नहीं देते। जिसके कारण दुर्घटना घट जाती है। इनको गौशाला में पहुँचाया जाये।

# दुकान से 90 हजार रुपये की चोरी करने के आरोपी को सदर कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरा**

**मुरादाबाद।** सदर कोतवाली पुलिस ने दुकान से हुई 90 हजार रुपये की चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार बीती 27 नवंबर को थाना सिविल लाइंस क्षेत्र निवासी एक महिला ने सदर कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उसकी दुकान के गल्ले से अज्ञात चोर 90,000 रुपये चोरी कर ले गया। घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।चोरी की इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में चल रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत पुलिस टीम ने सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई तेज की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की पहचान विनय कुमार पुत्र हंसराज निवासी बरबलान, शिव मंदिर वाली गली, थाना मुगलपुरा के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने विनय को रेलवे कॉलोनी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम में से 15,000 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में विनय ने खुलासा किया कि उसने यह चोरी अपने साथी शिवम के साथ मिलकर की थी। आरोपी के अनुसार घटना 18 नवंबर की रात को अंजाम दी गई थी। योजना के तहत शिवम ने दुकान तक पहुंचने के लिए सीढ़ी लगाई, जबकि विनय अंदर जाकर गल्ले से रकम उठा लाया। वारदात के बाद दोनों मौके से फरार हो गए थे। चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी जिसके आधार पर पुलिस ने इस चोरी की घटना का खुलासा किया है।वहीं आरोपी द्वारा बताए गए विवरण के आधार पर पुलिस अब उसके फरार साथी शिवम की तलाश में दबिश दे रही है। साथ ही शेष चोरी की रकम की बरामदगी के प्रयास भी जारी हैं।

# पुलिस के साथ रील बनाकर वायरल करने वाले किसान नेता के खिलाफ कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रौब और धाक जमाने के लिए कुंदरकी थाना प्रभारी और पुलिसकर्मियों के साथ थाने के अंदर रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले किसान नेता के खिलाफ उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद कुंदरकी पुलिस ने की कार्यवाही। जानकारी के अनुसार कुंदरकी पुलिस थाने के परिसर में किसान यूनियन से जुड़े एक स्थानीय नेता ने एक रील बनाई और उसे सोशल मीडिया पर स्वयं ही डाल दिया। इसके बाद यह रील सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई और क्षेत्रीय लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देने लगे। इस घटना के बाद पुलिस ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार किसान यूनियन के इस नेता ने अपने साथियों के साथ थाने में प्रवेश किया और कैमरे के सामने खड़े होकर रील बनाई, जिसमें वह थाना प्रभारी के साथ दिखाई दे रहा है।और उसने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा था, सहरा में भी रब चाहेगा तो खिल के रहेगी, इज्जत मेरे हिस्से की मुझे मिलकर रहेगी। पुलिस थानों के भीतर वर्दीधारी पुलिसकर्मियों और सरकारी वाहनों के साथ वीडियो बनाना पुलिस एक्ट और विभागीय नियमों का सीधा उल्लंघन माना जाता है। इसके बावजूद ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

इस घटना के बाद क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुंदरकी क्षेत्र में कुछ व्यक्ति अपने प्रभाव और किसान यूनियन के पद का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। वे कई बार छोटी-छोटी बातों पर थाने के अंदर ही धरना-प्रदर्शन कर दबाव बनाने का प्रयास करते हैं। क्षेत्र में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि यूनियनों में आपराधिक छवि वाले लोग सदस्यता लेकर पुलिस की पकड़ से बच रहे हैं और वह रील और वीडियो के माध्यम से अपनी बढ़ी हुई पहुंच और रुतबा दिखाने में लगे हैं। इस बारे में सीओ बिलारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि थाना परिसर में रील बनाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

वहीं इसके बाद किसान नेता ने वीडियो को अपनी आईडी से डिलीट कर दिया है।

## प्लास्टिक के खिलाफ 31 दिसम्बर तक चलेगा अभियान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** शासन द्वारा प्रदेश भर में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध विशेष अभियान ' 24 नवंबर से 31 दिसंबर तक चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ नगर क्षेत्रों में स्वच्छता को सुदृढ़ करना तथा नागरिकों में प्लास्टिक-मुक्त जीवनशैली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है।

प्रतिबंधित प्लास्टिक उपयोग, भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान पॉलीथिन रखने, बेचने या उपयोग करने वालों पर-दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। प्रतिबंधित पॉलीथिन की जब्ती और सिंगल यूज प्लास्टिक रखने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग, भंडारण एवं विक्रय करने वालों पर जुमार्ना वसूला जाएगा।

## युवक ने पत्नी के मामा पर लगाया उसकी पत्नी को गायब करने का आरोप

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** प्रेम विबाह करके सुकून के साथ जीवन यापन कर रहे दंपति के जीवन में उस वक्त बुरा समय आ गया जब ससुराल वालों के बहकावे में आकर युवक ने पत्नी को ससुराल भेज दिया जहां से उसकी पत्नी को गायब कर दिया गया पीड़ित ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। लकी कुमार पुत्र करन सिंह का कहना है कि उसने थाना स्योहारा के गांव रहटोली की लड़की से 30 जून 2025 को कोर्ट मैरिज की थी। इस शादी से उसके ससुराल वाले खुश नहीं थे और उसे व उसकी पत्नी को नुकसान पहुंचाना चाहते थे कुछ दिन बाद ससुराल वालों ने उसे और उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर कर अपनी बातों में ले लिया पहली नवंबर को पत्नी के मामा रणबीर निवासी अलीपुरा खालसा थाना छजलैट अपने घर बुलाकर ले गए और घर ले जाकर पत्नी का मोबाइल छीन कर उसे गायब कर दिया। उसने पत्नी से मिलना चाहा तो ना ससुराल वालों ने उससे बात कराई और ना ही उसे मिलने दिया गया। पीड़ित ने अपने स्तर से काफी प्रयास किया नाकाम होने पर उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के यहां प्रार्थना पत्र देकर पत्नी को बरामद करते हुए उसके साथ भिजवाए जाने की मांग उठाई पीड़ित ने इस मामले को लेकर पत्नी के साथ अनहोनी होने की भी आशंका व्यक्त की है।

# आईटीआई के बाहर दुकानें बनकर तैयार

## रोजगार सृजन के लिए तैयार हुई 100 से अधिक नई दुकानें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगरपालिका क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। नगर में अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान कई दुकानों को तोड़ा गया था, जिससे कई लोग बेरोजगार हो गए थे। ऐसे प्रभावित लोगों को दोबारा रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने एक निजी कंपनी के माध्यम से पिछले एक वर्ष से लोहे के बीम और चादरों से बनी आधुनिक दुकानों का निर्माण कराया है। ये सभी दुकानें शटरयुक्त हैं और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) चन्दौसी के बाहर सुव्यवस्थित तरीके से स्थापित की गई हैं।

इन दुकानों को बेरोजगार युवक अपने स्व-रोजगार के लिए ले सकते हैं। इसके लिए लगभग पांच लाख रुपये की निर्माण राशि जमा करनी होगी, जिसके बाद वे अपना व्यापार आरंभ कर सकेंगे। सरकार की ओर से इन दुकानों में पानी, सफाई और विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। कंपनी ने अब तक 100 से अधिक दुकानें तैयार कर हाईवे किनारे स्थापित कर दी हैं। कंपनी का दावा है कि यदि यह मॉडल सफल रहता है तो बड़े स्तर पर और दुकानें भी बनाई जाएंगी। प्रत्येक दुकान का वजन लगभग 1250 किलोग्राम से अधिक है। दुकानों के बाहर इंटरलॉकिंग ईंटें बिछाई गई हैं और परिसर की खूबसूरती बढ़ाने के लिए पौधे भी लगाए गए हैं। बताया जाता है कि मुरादाबाद के पार्श्वनाथ प्लाजा में भी इसी प्रकार की दुकानें स्थापित की गई थीं, जहां दुकानदारों का कारोबार सफलतापूर्वक चल रहा है।

चन्दौसी में भी यह पहल बेरा. ेजगारों के लिए नए अवसर और आय का स्थायी स्रोत साबित हो सकती है।

# दलपतपुर अलीगंज मार्ग पर सड़क हादसे में पांच साल के मासूम बच्चे की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** मूंढापांडे थाना के अलीगंज दलपतपुर मार्ग पर गो. विंदपुर खुर्द निवासी मिलक वूजपुर आशा के रहने वाले भूरा का पांच वर्षीय पुत्र मोहम्मद अहरम सुबह के वक्त परचून की दुकान से दादी के साथ नाश्ते का सामान लेकर अपने घर जा रहा था मार्ग पार करते समय तेज रफ्तार आईशर कंटेनर ने टक्कर मार दी, टक्कर लगने से बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई परिजनों ने केंटर और चालक को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने केंटर और चालक को थाने भेज दिया वही बच्चों की मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों का कहना है कि हमें कोई भी कानूनी कार्यवाही नहीं करनी है परिजनों ने पंचनामा भरकर पुलिस को दे दिया है।

मृतक के परिजन कोई भी कार्यवाही नहीं चाहते हैं।

# टिमिट में बिजनेस मैनेजमेंट विषय पर ऑनलाइन गेस्ट लेक्चर का आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से फ्रॉम एक्सल तो पावर बीआई:द जर्नी ऑफ डाटा इन बिजनेस मैनेजमेंट विषय पर एक ज्ञानवर्धक ऑनलाइन गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस सत्र की संसाधन व्यक्ति डॉ. कोमल शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर, केआईईटी इंस्टीट्यूट गाजियाबाद रहीं, जिन्होंने छात्रों को एक्सेल से लेकर पावर बीआई तक डेटा विश्लेषण की संपूर्ण प्रक्रिया को सरल और व्यावहारिक रूप में समझाया।

कार्यक्रम में बीबीए प्रथम सेमेस्टर के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और डेटा की भूमिका, बिजनेस एनालिटिक्स, रिपोर्टिंग तथा विजुअलाइजेशन के महत्व को विस्तार से जाना। डॉ. शर्मा ने वास्तविक व्यावसायिक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि आधुनिक उद्योगों में डेटा-आधारित निर्णय लेना किस प्रकार प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान करता है। कार्यक्रम की सफलता पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने आयोजित सत्र की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे विशिष्ट एवं उपयोगी लेक्चर छात्रों को नई तकनीकों और व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ते हैं।

जो भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए सीखने और तकनीकी दक्षता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ।

# बिजली बिलों में एक दिसम्बर से मिलेगा उपभोक्ताओं को छूट का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** बिजली बिल राहत योजना 2025- 26 का शुभारंभ एक दिसम्बर से होगा उक्त जानकारी एसडीओ द्वारा दी गई बताया कि इस दौरान उपभोक्ता अपने विद्युत बिलों के ब्याज में भारी छूट का लाभ उठा सकते हैं यह योजना तीन चरणों में लागू की जा रही है प्रथम चरण माह दिसंबर 2025, द्वितीय चरण माह जनवरी 2026 एवं तृतीय चरण माह फरवरी 2026 होगा। योजना के प्रथम चरण में अधिकतम छूट का लाभ उठाया जा सकता है योजना की अंतिम तिथि 28-02-2026 है माह दिसंबर में ब्याज में सर्वाधिक छूट रहेगी इसके अतिरिक्त मूलधन में भी अधिकतम 25% की छूट रहेगी जिसका लाभ तभी उठाया जा सकता है जब उपभोक्ता द्वारा पंजीकरण करवाने के पश्चात 30 दिन के भीतर पूर्ण बकाया जमा कर दिया जाए योजना के अंतर्गत पंजीकरण कराने के लिए 2000 की पंजीकरण राशि जमा करनी होगी योजना का लाभ सभी घरेलू उपभोक्ता सभी वाणिज्य उपभोक्ता उठा सकते हैं इसी के साथ- साथ साथ विद्युत चोरी के प्रकरणों में राजस्व निर्धारण की धनराशि पर भारी छूट का प्रावधान किया गया है।

ऐसे उपभोक्ता जिन पर पूर्व में विद्युत चोरी में किसी कारणवश कोई कार्यवाही की गई है और उसका निस्तारण नहीं हो पाया है वह भी भारी छूट का लाभ उठा सकते हैं सभी कलेक्शन एजेंसी जनसेवा केंद्र, विद्युत सखी, फिंच प्रतिनिधि एवं मीटर रीडर इत्यादि के लिए प्रोत्साहन धनराशि का प्रावधान किया गया है ये सभी लोग ऐसे सभी उपभोक्ता जिन्होंने कभी बिल जमा नहीं किया अर्थात नेवर पैड उपभोक्ता और ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने काफी समय से बिल जमा नहीं किया है अर्थात लॉन्ग अनपेड उपभोक्ता के बिल जमा करवा कर प्रति पंजीकरण अधिकतम 100 और एकमुश्त जमा करने पर इसके अतिरिक्त पंजीकरण के बाद प्राप्त धनराशि का 5% , प्रोत्साहन धनराशि के रूप में प्राप्त कर सकते हैं।

एसडीओ ने जन सेवा केंद्र संचालकों से कहा कि उपखंड कार्यालय से ऐसे बकाये दारों की लिस्ट प्राप्त कर ले।

# एसआईआर मुद्दे पर सपा पर बरसे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा संवैधानिक संस्थाओं में अविश्वास फैलाना लोकतंत्र के खिलाफ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एसआईआर को लेकर जारी राजनीतिक गर्माहट के बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। सिविल लाइंस स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सपा नेताओं द्वारा संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास का वातावरण बनाना लोकतंत्र और देश दोनों के हित में नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा का उद्देश्य समाज में भ्रम और अस्थिरता पैदा करना है।भूपेंद्र सिंह ने कहा किं प्ट एक पूरी तरह संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत केवल अपात्र मतदाताओं को सूची से हटाया जाता है ताकि देश की जनता द्वारा चुनी जाने वाली सरकार सही और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से बने। उन्होंने सपा पर आरोप लगाया कि पार्टी रोहिंग्या और घुसपैठियों को मताधिकार देने का एजेंडा चलाकर देश को कमजोर करने की साजिश कर रही है, लेकिन जनता सब जानती है और ऐसे प्रयास कभी सफल नहीं होंगे।उन्होंने कहा कि बिहार में भी विपक्ष ने ऐसा ही नकारात्मक माहौल बनाकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन जनता ने उन्हें जवाब दे दिया। संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का जो प्रयास सपा कर रही है, वह न तो स्वीकार्य है और न ही सफल होगा।महमूद मदनी के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भूपेंद्र सिंह ने कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार जनादेश देकर सत्ता सौंपी है। इसके बाद से कांग्रेस और इंडिया गठबंधन से जुड़े कई नेता निराश और हताश दिखाई देते हैं। ऐसे में बयानबाजी कर समाज में अनिश्चितता और भ्रम का माहौल पैदा करने की कोशिश की जा रही है।उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र बेहद मजबूत है और जनता को अपनी संस्थाओं पर पूरा विश्वास है। विपक्षी नेताओं को चाहिए कि वे लोकतंत्र की मर्यादा को समझें और दर्पण को दोष देने के बजाय अपने आचरण पर नजर डालें। उन्होंने भरोसा जताया कि देश सरकार और संविधान के प्रति जनता के विश्वास के बल पर आगे बढ़ता रहेगा।

# पहले आप-पहले आप के चक्कर में हो रहा सड़क चौड़ीकरण का काम लेट



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** पहले आप पहले आप के चक्कर में नगर के चौड़ीकरण का काम प्रभावित हो रहा है। लेकिन दोनों पक्ष इस स्थिति को साफ करने को तैयार नहीं है सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक सड़क किनारो पर जल निगम एवं गैस कंपनी द्वारा पाइप लाइन दबाई गई थी जो की सड़क चौड़ीकरण के क्षेत्र में आ गई चौड़ीकरण के दौरान सड़क बढ़ाने के उपरांत दाबी गई पाइप लाइन के ऊपर सड़क बनने पर पाइप लाइन में आई कमी को दूर नहीं किया जा सकता। इसके लिए संबंधित विभाग द्वारा अपनी पाइप लाइन वहां से हटाने थी। लेकिन विभाग का कहना है कि सड़क निर्माण करने वाली कंपनी पाइप लाइन को हटाए और सड़क निर्माण करने वाली कंपनी कहना है की पाइप लाइन हटाना उनकी जिम्मेदारी नहीं है। संबंधित विभाग चाहे तो हटाए अन्यथा वह इस पर सड़क निर्माण करेंगे। इस चक्कर में सड़क के चौड़ीकरण की एक साइड पर काम अधूरा पड़ा हुआ है जबकि दूसरी साइड एक-दो दिन में कंप्लीट होने की कगार पर पहुंच चुकी है। कुल मिलाकर पहले आप पहले आप के चक्कर से सड़क के चौड़ीकरण का काम प्रभावित होता दिखाई दे रहा है।

# लॉ स्टुडेंट्स में हमेशा रहे सीखने की ललक: बार अध्यक्ष आनन्द मोहन गुप्ता

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की ओर से लेक्स कर्निवाल- चैप्टर 2 के तहत पांचवें मूट कोर्ट में मुरादाबाद द बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनन्द मोहन गुप्ता ने बतौर जज की शिरकत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** द बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनन्द मोहन गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि कहा, लॉ स्टुडेंट्स कभी भी अपने आप को परफेक्ट न समझें। आपमें सीखने की उत्सुकता हमेशा बनी रहनी चाहिए। आप कभी भी और कहीं से भी ज्ञानार्जन कर सकते हैं। तीर्थंकर महाव. ीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के मूट कोर्ट में लॉ स्टुडेंट्स के प्रजेंटेशन से गदगद श्री गुप्ता बोले, टीएमयू के मेधावी लॉ स्टुडेंट्स और अनुभवी फैकल्टीज का मैं कायल हूं। श्री गुप्ता तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की ओर से लेक्स कर्निवाल-चौप्टर 02 के समापन मौके पर बोल रहे थे। इससे पूर्व लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने बुके देकर द बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष श्री आनन्द मोहन गुप्ता का बुके देकर स्वागत किया। डीन प्रो. दीक्षित ने उम्मीद जताई, लेक्स कर्निवाल- चौप्टर 02 लॉ स्टुडेंट्स के लिए मील का साबित होगा। लॉ कॉलेज के कैंपस में आयोजित लेक्स कर्निवाल- चौप्टर 02 के तहत आयोजित मूट कोर्ट में बतौर जज शामिल हुए। अंत में उन्होंने विजेता स्टुडेंट्स को पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर डॉ. अमित वर्मा की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। दूसरी ओर वन नेशन, वन इलेक्शन पर पार्लियामेंट्री डिबेट भी हुई, जिसमें वन नेशन, वन इलेक्शन के पक्ष में तर्क रखने पर खुशी गुप्ता जबकि विपक्ष में बहस करने पर इशू कुमार शुक्ला बेस्ट स्पीकर बने। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार, आईक्यूएसी के डायरेक्टर प्रो. नीतीश मिश्रा, सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह आदि शामिल रहे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार सिंह के स्वागत भाषण के साथ हुआ। बहस के दौरान लॉ स्टुडेंट्स ने वन नेशन, वन इलेक्शन के पक्ष और विपक्ष में अनेक महत्वपूर्ण तर्क प्रस्तुत किए। सत्ता पक्ष ने समय, धन और प्रशासनिक संसाधनों की बचत, बार-बार मोरल कोड ऑफ कंडक्ट के कारण रुकने वाली योजनाओं से मुक्ति, चुनावी थकान के समाधान जैसे मुद्दों पर जोर दिया। दूसरी ओर विपक्ष ने जवाबदेही कमजोर पड़ने, संघीय ढांचे पर संभावित प्रभाव, लॉजिस्टिक चुनौतियों, सुरक्षा बलों पर बढ़ते बोझ और संवैधानिक जटिलताओं से जुड़े तर्क प्रस्तुत किए। मत विभाजन में प्रस्ताव वन नेशन, वन इलेक्शन तो पारित हुआ, लेकिन प्रतियोगिता में विपक्ष को उसके सशक्त और तथ्यपरक तर्कों के आधार पर विजेता घोषित किया गया। लेक्स कार्निवाल में लॉ के डॉ. अतुल कुमार, श्री वैभव कुमार, डॉ. बिशनानंद दुबे, डॉ. सौरभ बटार, डॉ. योगेश चंद गुप्ता के अलावा लॉ के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संच. ालन डॉ. माधव शर्मा ने किया।

**महाराजा हरिश्चन्द्र (पी0जी0) कालेज, मुरादाबाद-244001 (उ0प्र0)**

**महाविद्यालय में निम्नलिखित स्थायी पद के लिये आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है**

**कनिष्ठ सहायक**-कुल पद 01 ( अन्य पिछड़ा वर्ग-01 )

**शैक्षणिक अर्हता**-शासनादेश -19/2015/581/ सत्तर-2-2015-16 (645) 2011 दिनांक 03 नवम्बर 2015 के अनुरूप इण्टरमीडिएट एवं डोएक (DOEACC) / नाइलेट (NIELIT) द्वारा प्रदत्त CCC प्रमाण पत्र /सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र तथा हिन्दी / अंग्रेजी में कमश 25/30 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति।

**वेतनमान**- 5200-20200 ग्रेड पे- रु 2000 /- लेवल 3

**आयु सीमा** - दिनांक 01.07.2025 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 40 वर्ष पूर्ण होनी चाहिये। आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थियों को अधिकतम आयु सीमा में उ0प्र0 सरकार के शासनादेश अनुसार छूट प्रदान की जायेगी।

अर्ह एवं इच्छुक अभ्यार्थी महाविद्यालय में कार्यालय कक्ष से दिनांक 30.11.2025 से किसी भी कार्यदिवस में रु0 300 का नकद भुगतान कर आवेदन पत्र क्रय करके समस्त शैक्षणिक तथा अन्य प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित दो प्रतिलिपियो सहित रजिस्टर्ड डाक द्वारा 21.12.2025 तक प्राप्त कराना सुनिश्चित करे। कनिष्ठ सहायक पद के लिए अभ्यार्थी साक्षत्कार एवं टंकण हेतु दिनांक 23.12.2025 को प्रातः 10 बजे प्राचार्य कक्ष में समस्त मूल प्रमाण पत्रों तथा मूल पत्राजातों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करे। साक्षत्कार हेतु अभ्यार्थीयों को प्रथक से कोई सूचना नही दी जायेगी। साक्षात्कार हेतु मार्ग व्यय देय नही होगा।

**प्राचार्य/सचिव**

# किसान की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा काशीपुर मार्ग पर नहर पटरी की पक्की सड़क पर शुक्रवार दोपहर हुए विवाद ने बड़ा रूप ले लिया, जब बाइक सवार और कार चालक के बीच हुई कहासुनी में बचाव करने पहुंचे किसान को स्कॉर्पियो चालक ने कार से रौंद डाला।

गंभीर रूप से घायल किसान की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि आरा.पी कार लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के परिजनपों की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जाच शुरू कर दी।

नगर निवासी अपनी बाइक के साथ पशुपति फैक्ट्री के पास स्थित फरीदनगर जाने वाली नहर की पटरी पर खड़ा था। इसी दौरान एक काली रंग स्कॉर्पियो का चालक वहां पहुंचा और दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। पास में नहर से अपने खेत मे गेहूं की फसल की सिंचाई कर रहे थे।

नगर के मोहल्ला मनिहार निवासी 65 वर्षीय हसमत अली खां उर्फ भोला ने मारपीट देख दोनों को शांत कराने का प्रयास किया। तभी स्कॉर्पियो कार चालक ने दोनों पर कार चढ़ाने की कोशिश की। फहीम किसी तरह बच गया, लेकिन कार किसान हसमत अली पर चढ़ गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार के शोर मचाने पर आस-पास के लोग मौके की ओर दौड़े, लेकिन भीड़ को आता देख स्कॉर्पियो चालक कार सहित फरार हो गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल किसान को तत्काल नगर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पत्नी रईसा, बेटे अब्दुर्रहमान, और भाई जफर खां, आबिद खान, इदरत खां, शहादत खां, खुर्शीद खान, मोहम्मद अली का रो-रोकर बुरा हाल था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बूथों पर लगी रही भीड़, आज भी चलेगा विशेष अभियान

**बिलारी।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 30 बिलारी विधानसभा क्षेत्र में सभी मतदान केदो में बीएलओ और सुप. रवाइजर सक्रिय रहे। मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर प्रपत्रों को जमा किया। बीएलओ ने उनके फॉर्म भरवाने में सहायता की। सपा, भाजपा, बसपा के बीएलए बी सक्रिय दिखाई दिए।



एसडीएम विनय कुमार सिंह, तहसीलदार अंकित गिरी, नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव कानूनगो यशपाल गिरी आदि ने भी बूथों का निरीक्षण किया सभी बूथों पर कुछ मतदाताओं का ब्यौरा बीएलओ को नहीं मिल पा रहा है बताया जा रहा है कि अनेक लोग हिमाचल, पंजाब, हरियाणा आदि अन्य राज्यों में काम करने गए हुए हैं। इधर डुप्लीकेट वोट भी काटने का काम चल रहा है। खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह ने भी सहसपुर गांव का भ्रमण कर सभी बीएलओ से डबल वोट काटने का काम पूरा करने को कहा। जूनियर हाई स्कूल बिलारी, कन्या जूनियर बिलारी, सहसपुर प्राइमरी और जूनियर, मोहम्मद इब्राहिमपुर, थांवला, सोंडारा आदि सभी स्थानों पर बीएलओ सक्रिय दिखाई दिए। मतदाताओं में भी जागरूकता और जिम्मेदारी देखी जा रही है। कई बीएलओ ने बताया कि हमारा 80% से अधिक कार्य पूरा हो चुका है रविवार को भी सभी बूथों पर इसी प्रकार अभियान चलेगा।

# जमीनी विवाद सुलझाने के लिए बुलाई गई बैठक खूनी संघर्ष में बदल गई

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के बिस्कुट फैक्ट्री में शनिवार की शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब जमीनी विवाद सुलझाने के लिए बुलाई गई बैठक खूनी संघर्ष में बदल गई। जानकारी के अनुसार इमरतपुर उधो निवासी राहिल पुत्र जुम्मा और भोलू हसन के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार शाम इस मामले में समझौते की बातचीत के लिए दोनों पक्ष एकत्र हुए थे। बताया गया कि मीटिंग के दौरान कहासुनी अचानक बढ़ गई और विवाद इतना तीखा हो गया कि किसी ने राहिल के सिर पर वार कर दिया। हमले में राहिल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। देर शाम तक पीड़ित की ओर से पुलिस को शिकायत पत्र नही दिया गया।



# बैंकों और एटीएम बूथों पर पुलिस टीमों ने चलाया चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में शुक्रवार को जनपदीय पुलिस द्वारा व्यापक बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत शहर और देहात क्षेत्र के सभी प्रमुख बैंक शाखाओं, एटीएम एवं उनके आसपास सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया।पुलिस टीमों ने बैंकों के बाहर तथा आसपास मौजूद संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और गति.विधियों की सघन जांच की। इस दौरान बैंक परिसर में आने-जाने वाले ग्राहकों से भी आवश्यक जानकारी लेते हुए उन्हें सतर्क रहने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए जागरूक किया गया।अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम, इमरजेंसी बटन, सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी और कैश वैन सुरक्षा व्यवस्था की गहन पड़ताल की। जहां कहीं कमियां पाई गईं, वहां संबंधित शाखा प्रबंधकों को तुरंत सुधार करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि सुरक्षा उपकरणों का सही और समय पर कार्यरत होना ग्राहकों तथा बैंक की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

एसएसपी सतपाल अंतिल के निर्देशानुसार बैंक प्रबंधकों और सुरक्षा कर्मियों को बताया गया कि भीड़भाड़ वाले समय में विशेष सावधानी बरतें तथा बैंक के प्रवेश द्वार पर आने-जाने वाले लोगों की निगरानी बढ़ाएं। उन्हें यह भी निर्देश दिए गए कि संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति दिखने पर बिना देरी सूचना कंट्रोल रूम या नजदीकी पुलिस थाने को दें।पुलिस अधिकारियों ने एटीएम बूथों की भी विशेष चेकिंग की और वहां लगे कैमरे, सेंसर तथा सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। बैंक चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस की सख्ती और सतर्कता से लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई।




# त्रिवेणी चीनी मिल में पुलिस व मिल प्रशासन ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, शुगर यूनिटदूरानीनांगल के केन यार्ड परिसर में शनिवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी और मिल प्रशासन की ओर से संयुक्त सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा अशीष प्रताप सिंह ने की। अभियान के तहत गन्ना लदे वाहनों एवं किसानों के निजी वाहनों पर दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए लाल कपड़ा और रिफ्लेक्टिव रिडियम टेप लगाए गए। इस दौरान डिलारी थाना इंचार्ज कृष्ण कुमार भंगेला, रानीनांगल चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह, उपाध्यक्ष वी. वेंकटरथनम्, महाप्रबंधक (गन्ना) टी.एस. यादव एवं उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) भी मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी अशीष प्रताप सिंह ने वाहन चालकों और किसानों को रात में कोहरे के दौरान सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया। उन्होंने गन्ना ढोने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर और लाल कपड़ा लगाने की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया। उपाध्यक्ष वेंकटरथनम् ने साफ कहा कि बिना रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप तथा लाल कपड़ा लगाए जो वाहन क्रय केन्द्रों से गन्ना लेकर आएंगे, उन्हें मिल गेट पर टोकन जारी नहीं किया जाएगा। उन्होंने किसानों से दुर्घटना-निरोधक उपायों का पालन करने की अपील की। महाप्रबंधक (गन्ना) टी.एस. यादव ने किसानों को स्वच्छ, जड़-पत्ती रहित और ताजा गन्ना आपूर्ति करने की सलाह दी।



साथ ही उन्होंने कहा कि किसान अपनी उपज को कोल्हू व क्रेशर पर न बेचें, बल्कि चीनी मिल में आपूर्ति कर अपने बेसिक कोटे में वृद्धि करें। उन्होंने किसानों को उन्नतशील गन्ना प्रजातियों सी-0118, 98014, 15023, 16202 एवं सीओएलके-94184 की बुआई बढ़ाने का सुझाव दिया। अभियान के दौरान पुलिस टीम और मिल प्रशासन द्वारा अनेक वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए तथा सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

# आज वोट काटा जा रहा है, कल मकान -खेत-जमीन-जाति-आरक्षण से नाम काटा जाएगा : कमाल अख्तर

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार का एसआईआर को लेकर मुरादाबाद के ैप्त प्रभारी कांठ विधायक कमाल अख्तर ने सभी विधायकों, पूर्व विधायकों, और विधानसभा सभा प्रभारियों की बैठक ली। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभारी विधायक कमाल अख्तर कहा ये लोकतंत्र के साथ धोखाधड़ी है। जनता जागरूक हो, आज वोट काटा जा रहा है कल को खेत-जमीन-मकान-राशन-जाति-आरक्षण से नाम काटा जाएगा फिर बात खातों और मध्यवर्ग के लॉकर तक पहुँच जाएगी। ये देशवासियों के खघ्लाफ एक बहुत बड़ी साजिश है जो अंग्रेजों की गुलामी से भी खघ्राब स्थिति में ले जाएगी। ये समय जागने का है और एक-एक वोट बचाने का है। हमारी सभी से अपील है एकजुट हों और भाजपा के इस महा-षड्यंत्र का पर्दाफाश करें। जो दल भाजपा को अपना सहयोगी मान रहे हैं, सबसे पहले भाजपा उन्हीं का खघत्मा करेगी। इसीलिए हमारी प्रत्येक जनपद वासियों से अपील है कि सारे काम छोड़कर ैप् की घपलेबाजी को रोकें। भाजपा, भाजपा के संगी-साथी और भाजपा सरकार की तिकड़ी व चुनाव आयोग के कुछ भ्रष्ट लोग पूरी चुनावी व्यवस्था का अपहरण कर रहे हैं। अनेकों बूथ ऐसे भी जिसमे 2003 की लिस्ट खुल भी नहीं रही हैं अनेक बूथ गायब हैं।भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों की सरेआम लूट से देश को बचाएं और वोट के रूप में अपनी पहचान को भी, नहीं तो कल को ये आप सभी को ही पराया साबित कर देंगे। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा अब भाजपा के लिए सत्ता से बढ़कर कुछ नहीं है। जिस तरह सेएसआईआर में बीएलओ की जान जा रही है और निर्दयी भाजपा सरकार लोगों के दुख के लिए शोक प्रकट न करके, उल्टा जिनकी जान जा रही है, उनके ऊपर ही कामचोरी का जो आरोप लगा रही है वो बेहद निंदनीय है।




सत्ता के अहंकार में भाजपा सरकार ये मानकर चल रही है कि काम के दबाव में किसी की मृत्यु होने पर भी न तो हम अपनी व्यवस्था सुधारेंगे न ही कोई मुआवजा देंगे। भाजपा के कट्टर समर्थक तक इससे शर्मिंदा हैं और जनाक्रोश की प्रतिक्रिया के डर से उन लोगों के घर तक नहीं जा पा रहे हैं। बैठक मे जिलाध्यक्ष श्री जयवीर सिंह यादव, ैप् मुरादाबाद प्रभारी कांठ विधायक कमाल अख्तर, देहात विधायक हाजी नासिर कुरेशी, बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम पूर्व कुंदरकी विधायक हाजी रिजवान,पूर्व नगर विधायक हाजी यूसुफ अंसारी, महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी, पूर्व जिलाध्यक्ष अतहर हुसैन अंसारी,जिला महासचिव फुरकान अली, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिंघल, केसर अली कुद्दूसी, शोएब हसन पाशा, जयपाल सिंह सैनी, जुगल किशोर वाल्मीकि, गुलजार अहमद, वसीम कुरैशी,महेंद्र पाल सिंह, चौधरी अमानुल्लाह खान, नवीन यादव, नाजिम सैफी, मोईनुद्दीन,विकास चौधरी,अमित प्रजापति मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )।** सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत हो गई पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना स्योहारा के गांव कुरी बांगर निवासी रामकिशन सिंह अपने दामाद सुभाष पुत्र बृजपाल निवासी भैंसली जमालपुर थाना कांठ के घर पर रहकर जीनस पेपर मिल अगवानपुर में नौकरी करते थे।

27 नवंबर की शाम करीब 7:30 बजे वह पेपर मिल से ड्यूटी कर साइकिल द्वारा आ रहे थे। तभी सराय खजूर के सामने आ रहे बाइक सवार अखिलेश पुत्र ना मालूम निवासी नया फरीदपुर ने जोरदार टक्कर मार दी।

इस टक्कर से रामकिशन की मौके पर मौत हो गई आरोप है की बाइक चालक नशे की हालत में बाइक चला रहा था। सुभाष की शिकायत पर पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ मुक.दमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

# ट्रैफिक नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को हेलमेट और चॉकलेट देकर किया सम्मानित

■ परिवर्तन 'दी चेंज' संस्था ने यातायात माह के तहत वाहन चालकों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** यातायात माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा को लेकर परिवर्तन ष्दी चेंजष् संस्था ने शनिवार को एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया। यह कार्यक्रम हनुमान मूर्ति तिराहा और फव्वारा चौराहे पर आयोजित किया गया, जिसमें संस्था के स्वयंसेवकों ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया। कोहरे के मौसम में बढ़ने वाली दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए लोगों को विशेष सावधानियां बरतने की अपील की गई।अभियान के दौरान गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के छात्रों ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को चॉकलेट देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार गिरीश द्विवेदी तथा प्रोफेसर अदिति सिंधु का विशेष सहयोग रहा। फव्वारा चौराहे पर संस्था के सदस्यों ने स्वयं हेलमेट पहनकर लोगों को हेलमेट के महत्व के बारे में जागरूक किया तथा सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया।संस्था की ओर से एक विशेष पहल के तहत मुरादाबाद के यूट्यूबर अमान अली के सहयोग से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले चिन्हित पाँच वाहन चालकों को हेलमेट भेंट किए गए।



संस्था पदाधिकारियों ने उन्हें नियमित रूप से हेलमेट पहनने और अपने परिवार को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की।अभियान के दौरान यातायात पुलिस के टीआई मिथलेश कुमार, टीएसआई हरिकेश सिंह, टीएसआई राम कुमार तोमर, कांस्टेबल मो. अजहर एवं सुनील सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे। वहीं संस्था की ओर से संस्थाध्यक्ष कपिल कुमार, आदित्य कुमार, प्रिंस कुमार समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं पदाधिकारी शामिल हुए।

# नारी ही है समाज की नेतृत्वकर्ता

## देवेंद्र पाल में हुआ सप्तशती संगम कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के डॉक्टर देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सप्तशती संगम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें भारी तादात में महिलाएं पहुंची।

इस बीच मातृशक्ति की शक्ति के बारे में बताया गया। शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ चंचल सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजू रानी चौधरी, सीमा क्वात्रा, पल्लवी सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरुआत की। मंजू चौधरी ने कहा की नारी ही समाज की नेतृत्वकर्ता होती है। हमारी जिम्मेदारी एक बेटी के रूप में एक ग्रहणी के रूप में, एक मां के रूप में होती है, अनेकों रूपों में नारी अपना अतुलनीय योगदान देती है। डॉक्टर चंचल सिंह ने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में मां के लिए नई चुनौती से निपटने के लिए सशक्त प्रयास करने होंगे। इस मौके पर मातृशक्ति के योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान पूनम सिंह, शालू सिंह प्रीति, सुप्रीत ने सहयोग दिया।



शालू ने सभी अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम का संचालन शिखा दक्ष ने किया।

# एसपी सिटी ने फरियादियों की शिकायतों को सुन निस्तारण के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने शनिवार को आयोजित जनसुनवाई में फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनकी शिकायतों के त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपने-अपने मुद्दे पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखे, जिनमें पारिवारिक विवाद, भूमि संबंधी मामले, स्थानीय झगड़े, धोखाधड़ी और साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं।एसपी नगर ने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि फरियादियों को अनावश्यक रूप से पुलिस कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए थानों पर ही जनसुनवाई प्रणाली और महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिन शिकायतों का समाधान थाना स्तर पर संभव है, उन्हें वहीं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए।पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि फरियादियों के साथ संवे.दनशील व्यवहार किया जाए और हर पीड़ित को न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि थानों पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान के साथ स्वागत किया जाए और किसी भी तरह की लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने लंबित मामलों की समीक्षा भी की और निर्देश दिया कि गंभीर मामलों को प्राथमिकता देते हुए जल्द निपटाया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को टीम भावना के साथ काम करने और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए निरंतर तत्पर रहने को कहा।एसपी नगर की इस पहल से लोगों में पुलिस विभाग के प्रति भरोसा बढ़ा है और नागरिकों ने उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का समाधान अब अधिक तेजी और पारदर्शिता के साथ होगा।



मुरादाबाद। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह अपने कार्यालय में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों सुनते हुए।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रोहित-विराट कोहली के दम पर टेस्ट हार का बदला लेने उतरेंगी टीम इंडिया



**दोनों टीमें मुकाबले से पहले जबरदस्त अभ्यास में लगी हुई ताकि वे मैच में अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल कर सके**

**रांची, वार्ता।** झारखंड की राजधानी रांची के जेएससीए स्टेडियम में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाना है। यह मुकाबला काफी खास माना जा रहा है क्योंकि टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली लंबे समय के बाद वापसी कर रहे हैं, जिससे भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी। कप्तानी केएल राहुल करेंगे जबकि टीम बिना शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और जसप्रीत बुमराह के खेलेगी। दोनों टीमें मुकाबले से पहले जबरदस्त अभ्यास में लगी हुई हैं ताकि वे मैच में अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल कर सकें। दोनों टीमों के बीच वनडे मैचों का इतिहास काफी टक्कर का रहा है। अब तक कुल 58 वनडे मुकाबले खेले गए हैं जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने 30 मैच जीते हैं जबकि भारत 27 बार विजेता रहा है। इस बार भारत 3-0 से जीतकर क्रिकेट में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहता है और टेस्ट सीरीज की हार का बदला लेना चाहता है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका ने 2023 में भी तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली थी, जिसमें भारत ने 2-1 से जीत हासिल की थी। घरेलू मैदान पर भारत ने पिछले 15 सालों में वनडे में 71 प्रतिशत मैच जीते हैं जो भारतीय टीम के लिए एक बड़ी ताकत है। पिछले मैचों में दक्षिण अफ्रीका ने 25 साल बाद भारत में टेस्ट सीरीज जीतकर अपनी ताकत दिखाई है।

लेकिन वनडे में भारत का पलड़ा भारी माना जाता है। रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारत ने अब तक 6 वनडे मैच खेले हैं, जिनमें 3 में जीत हासिल की है। इस बार का मैच धोनी के शहर में होने वाला है, जो भारतीय टीम के लिए शुभ माना जाता है। जेएससीए स्टेडियम का मैदान और वहां के दर्शकों का उत्साह भारतीय खिलाड़ियों को खास ऊर्जा देता है। तीनों मुकाबले 30 नवंबर, 3 दिसंबर और 6 दिसंबर को क्रमशः रांची, रायपुर और विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे। इस सीरीज में भारत के पास टेस्ट की हार का हिसाब बराबर करने का मौका है। साथ ही यह मुक.ाबला विराट कोहली और रोहित शर्मा के लिए भी खास होगा क्योंकि ये दोनों खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बनने वाले हैं। दोनों की जोड़ी टीम इंडिया के लिए बड़ी ताकत साबित होने वाली है। इस मुकाबले में फैंस को एक बेहतरीन क्रिकेट मैच देखने को मिलेगा जहां टीम इंडिया अपनी सीमित ओवरों की क्षमता दिखाकर दक्षिण अफ्रीका को मजबूत चुनौती देने के लिए तैयार है। यह मैच और भी खास है, क्योंकि अक्टूबर 2022 के बाद रांची में वनडे खेला जाएगा, जब भारत ने इसी मैदान पर दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया था।

## धीमी पिच पर मौसम का मिजाज सही रहने की उम्मीद

- **तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज झारखंड के रा ची में होगा**

**रांची, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 30 नवंबर को झारखंड के रांची में जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। रांची की पिच सामान्य तौर पर धीमी रहती है, जिससे हाई-स्कोरिंग मुकाबलों की संभावना कम रहती है। पहले बैटिंग करने वाली टीम का औसत स्कोर 265 है, जो आधु.निक क्रिकेट के हिसाब से कम माना जाता है, पर इससे बड़ा स्कोर भी बन सकता है। पिच पर शुरूआत में तेज गेंदबाजों का प्रभाव रहेगा, उसके बाद स्पिनर्स मैच में अहम भूमिका निभाएंगे। यहां अभी तक 6 मैच खेले गए हैं, जिनमें भारत ने 3 मैच जीते, 2 में हार के साथ एक मैच बिना रिजल्ट रहा। टॉस के आधार पर, टॉस जीतने वाली टीम का जीत प्रतिशत 33-33प्रतिशत है जबकि टॉस हारने वाली टीम का 50प्रतिशत रहा है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच कुल 94 वनडे मैच हुए हैं, जिसमें साउथ अफ्रीका ने 51 मैच जीते हैं और भारत के नाम 40 जीते हैं। इस पिच और टीम संयोजन को देखते हुए मैच में धीमी पारी और रणनीतिक खेल देखने को मिल सकता है, जहां स्पिनर्स का बड़ा रोल होगा और कप्तान केएल राहुल की नेतृत्व क्षमता पर भी निगाहें टिकी होंगी। वहीं मौसम की बात की जाए तो 30 नवंबर को होने वाले वनडे मैच के दौरान मौसम में बादलों का डेरा रहेगा, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक, बादल छाए रहने के कारण न्यूनतम तापमान 13-14 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 21-22डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। मैच के दौरान हवाएं चलेंगी, लेकिन दोपहर तक वे कम हो जाएंगी।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## ईरान फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल ड्रॉ का बॉयकॉट करेगा

**तेहरान, वार्ता।** ईरान का फुटबॉल फेडरेशन 2026 फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल ड्रॉ सेरेमनी का बॉयकॉट करेगा, क्योंकि यूनाइटेड स्टेट्स ने उसके डेलीगेशन के कई खास सदस्यों को वीज़ा देने से मना कर दिया है, जबकि ड्रॉ 5 दिसंबर को वालशगटन, डीसी में होना है। यह घोषणा करते हुए, फेडरेशन के प्रवक्ता आमिर मेहदी अलावी ने बताया कि यह फैसला ईरान के खेल और युवा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के साथ जरूरी पूछताछ, अंदरूनी चर्चा और सलाह-मशविरे के बाद लिया गया। उन्होंने यूएस के कामों की निंदा करते हुए इसे 'खेल के खिलाफ' बताया। अलावी ने कन्फर्म किया कि फीफा को बॉयकॉट के बारे में बताया गया था और प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो समेत उसके अधिका.रियों को वीज़ा के मुद्दे के बारे में बता दिया गया है।

## शांत व वेंकटेश प्रसाद के बीच होगी अध्यक्ष पद की जंग

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शनिवार को शांत कुमार की उम्मीदवारी को बहाल कर दिया है।

इसी के साथ अब आगामी कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए टीम बृजेश के केएन शांत कुमार और वेंकटेश प्रसाद के बीच सीधा मुकाबला होगा। न्यायालय ने चुनाव अधिकारी के 24 नवंबर के फैसले को चुनौती देने वाली शांत कुमार की याचिका को मंजूरी दी। शांत कुमार की उम्मीदवारी को तकनीकी आधार पर इसलिए रद्द कर दिया गया था कि डेक्कन हेराल्ड और प्रजावाणी स्पोर्ट्स क्लब का 200 रूपया का बकाया था, जोकि केएससीए के सदस्य हैं।

## वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उप्र के गुरु-शिष्य की जोड़ी ने लहराया जीत का परचम

- **हरीश चन्द्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल व युवा छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता**

**लखनऊ, वार्ता।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में आगरा जिले के इटौरा स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र और कक्षा 11 के छात्र रमन कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया है।

हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया, जबकि युवा छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाया। वर्ल्ड पावर लिलफ्टग चैंपियनशिप 2025 में 40 से अधिक देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय मंच पर, गुरु और शिष्य की जोड़ी ने देश को गौरान्वित किया। शिक्षक हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया। वहीं छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता।

प्रदेश सरकार की खेल नीतियों के कारण दोनों खिलाड़ियों का चयन हाल ही में गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उनके दमदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ था। हरीश चंद्र ने सीनियर 77 किग्रा वर्ग में गोल्ड जीतने के साथ ही डेडलिफ्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया था, जबकि रमन कुमार ने सब-जूनियर 56 किग्रा वर्ग में गोल्ड जीता था। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने इस उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोलंबो में मिली यह ऐतिहा.सिक उपलब्धि पूरे प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय है। सर्वोदय विद्यालय इटौरा के छात्र और शिक्षक ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर जो प्रदर्शन किया है, वह आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। योगी सरकार हमेशा खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सर्वोदय विद्यालय इटौरा लगातार खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में अग्रणी रहा है। विभाग अब इस सफलता को आगे बढ़ाने के लिए सुविधाओं को और मजबूत कर रहा है। जिला समाज कल्याण अधिक.ारी घासीराम प्रजापति ने बताया कि जल्द ही विद्यालय में अत्याधुनिक पावर लिलफ्टग लैब बनकर तैयार हो जाएगी। इसके लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा 10 लाख रुपए की धनराशि भी दी गई है।

## कनाडा को 14-3 से रौंदकर भारत फाइनल में

- **मैच की शुरुआती चौथे मिनट में नीलकांत ने गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई**

**मलेशिया, वार्ता।** एक हाई-स्कोरिंग मुकाबले में भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को कनाडा को 14-3 से रौंदकर पूल शीर्ष पायदान के साथ सुल्तान अजलान शाह कप के फाइनल में जगह बना ली है।

मैच की शुरुआत चौथे मिनट में नीलकांत शर्मा के गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद पदार्पण के बाद अच्छी फॉर्म में चल रहे राजिंदर सिंह ने 10वें मिनट में गोल किया। अगले ही मिनट में कनाडा के ब्रेंडन गुरलियुक ने गोल दागकर जवाबी हमला किया। अगले कुछ मिनटों में जुगराज सिंह और अमित रोहिद.ास ने क्रमशः 12वें और 15वें मिनट में दो और गोल किए। इस 4-1 की बढ़त ने भारत को दूसरे



क्वार्टर में अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने में मदद की। इस टूर्नामेंट के लिए टीम के सीनियर स्टार्स को आराम दिया गया था, इसलिए युवा खिलाड़ियों पर बेहतर प्रदर्शन करने की जिम्मेदारी थी और उन्होंने उसी के अनुरूप प्रदर्शन किया। इस क्वार्टर में राजिंदर ने 24वें मिनट में, दिलप्रीत सिंह ने 25वें मिनट में और जुगराज ने 26वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। 7-1 से आगे चल रही भारतीय टीम को कोई रोक नहीं पा रहा था, लेकिन कनाडा ने तीसरे क्वार्टर में अपने अटैक में थोड़ा बदलाव किया, जिससे 35वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला। मैथ्यू सरमेंटो ने इसे पोस्ट में डालने में कोई गलती नहीं की और स्कोर 7-2 कर दिया। इस बीच, जुगराज ने इस क्वार्टर में 39वें मिनट में गोल करके अपनी हैट्रिक बनाई, और सेल्वम कार्ति ने 43वें मिनट में गोल करके भारत की बढ़त को 9-2 तक पहुंचा दिया।

## लेबनान ने भारत को 2-0 से हराया

- **इस टूर्नामेंट में ग्रुप डी मैचों की मेजबानी के लिए अहमदाबाद को चुना गया है**

**अहमदाबाद, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ, गुजरात राज्य फुटबॉल संघ और गुजरात खेल प्राधिकरण, एशियाई फुटबॉल परिसंघ अंडर 17 द्वारा आयोजित, एशिया कप क्वालीफायर 2026 एका एरेना, ट्रांसस्टेडिया स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला जा रहा है। इस टूर्नामेंट के ग्रुप डी मैचों की मेजबानी के लिए अहमदाबाद को चुना गया है। ग्रुप डी में मेजबान भारत के अलावा ईरान, फलस्तीन, चीनी ताइपे और लेबनान की टीमें हिस्सा ले रही हैं। कल दिन का दूसरा और टूर्नामेंट का 8वां मैच भारत और लेबनान के बीच खेला गया। मैच के 24वें मिनट तक दोनों टीमें अच्छा खेल रही थीं। लेबनान के जर्सी नंबर 21 एंटोनी असफ ने 25वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से गोल पोस्ट के कोने के शीर्ष पर एक शक्तिशाली किक मारकर गोल किया। लेबनान के लिए दूसरा गोल 37वें मिनट में पॉल माक्रो ने किया। हाफ टाइम तक स्कोर लेबनान के पक्ष में 2-0 रहा। हाफ टाइम के बाद भारतीय टीम ने गोल करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। इस नतीजे के बाद भी अगर भारत 30 नवम्बर के आखिरी मैच में ईरान से जीत जाता है तो भारत और ईरान के अंक बराबर हो जाएंगे और अगर अंक बराबर होते हैं तो हेड टू हेड में भारत क्वालिफाई कर जाएगा, क्योंकि क्वालीफिकेशन भारत और ईरान के बीच होने वाले मैच के आधार पर तय होना है। 30 नवम्बर को पहला मैच शाम 4-30 बजे चीनी ताइपे और फलस्तीन के बीच होगा।

## भारतीय एथलेटिक्स कैलेंडर में 32 के बजाए 40 इवेंट होंगे

- **भुवनेश्वर मार्च में कलिंगा स्टेडियम में नेशनल इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले एडिशन को भी होस्ट करेगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स से पहले एथलीटों की तैयारी और बिल्ड-अप को ज्यादा से ज्यादा करने पर ध्यान देने के लिए भारत का 2026 एथलेटिक्स कैलेंडर 32 से बढ़ाकर 40 इवेंट का कर दिया गया है। 2026 के लिए घरेलू इंडियन एथलेटिक्स कैलेंडर 24 जनवरी को रांची में 60वीं नेशनल क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप से शुरू होगा और 27 अक्टूबर को चेन्नई में 41वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के साथ खत्म होगा। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) मार्च में अपना पहला बड़ा घरेलू ट्रैक एंड फील्ड कॉम्पिटिशन होस्ट करेगा, जो ओडिशा के भुवनेश्वर में पहली नेशनल इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के साथ होगा। एएफआई 2026 कैलेंडर में भारत अगस्त में भुवनेश्वर में अपना पहला वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर इवेंट भी होस्ट करेगा, जो 2025 में इसी जगह पर हुए ब्रॉन्ज लेवल मीट से बेहतर होगा। भुवनेश्वर मीट के अपग्रेडेड स्टेटस से रैंकिंग पॉइंट्स बढ़ेंगे, जिससे इसकी अपील बढ़ेगी और टॉप एथलीट्स का एक मजबूत ग्रुप आएगा। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम ने इस साल अगस्त में ब्रॉन्ज लेवल मीट होस्ट किया था। भुवनेश्वर मार्च में कलिंगा स्टेडियम में नेशनल इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले एडिशन को भी होस्ट करेगा। एएफआई एक और नया इंडोर कॉम्पिटिशन शुरू कर रहा है, वह है फर्स्ट इंडियन इंडोर ओपन कंबाइंड इवेंट्स और पोल वॉल्ट कॉम्पिटिशन, जो मई की शुरूआत में भुवनेश्वर में ही होगा। इसके अलावा, एक नई 16-पार्ट की रीजनल सीरीज - इंडियन एथलेटिक्स सीरीज - अप्रैल से सितंबर तक चलेगी, जिसका मकसद जमीनी स्तर पर लोगों की भागीदारी को बढ़ाना है। यह सीरीज देश भर के कई राज्यों में होगी।

## भारतीय जूनियर पुरुष टीम ने चिली को 7-0 से रौंदा

**चेन्नई, वार्ता।** भारतीय हॉकी टीम ने पूल बी के मुकाबले में चिली के खिलाफ 7-0 से शानदार जीत के साथ एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 में अपने अभियान की शुरूआत की। चेन्नई के एग्मोर में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में शुक्रवार को टूर्नामेंट का उद्घाट समारोह का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में भारतीय टीम के लिए रोसन कुजूर ने (16वें, 21वें), दिलराज सिंह ने (25वें, 34वें), अजीत यादव (35वें), अनमोल एक्का ने (48वें) और रोहित (59वें) ने गोल किए। इस बीच, इंडियन गोलकीपर विक्रमजीत सिंह और प्रिंस दीप सिंह ने बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हुए क्लीन स्लेट बनाए रखा।

पहले क्वार्टर की शुरूआत थोड़ी घबराहट वाली रही, जिसमें मेहमान टीम ने काफी उम्मीदें दिखाईं और ज्यादा अनुभवी भारतीय टीम के सामने डटी रही। उन्होंने भारत को आसान मौके नहीं दिए, भले ही घरेलू टीम के स्टाइलिश स्ट्राइकर दिलराज सिंह ने सर्कल में कुछ अच्छे मौके बनाए। हालांकि पहले क्वार्टर में कोई खास सफलता नहीं मिली, 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिलने के बावजूद, भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरूआत 16वें मिनट में एक तेज गोल के साथ शानदार तरीके से की। रोसन कुजूर ने यह गोल दागकर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई। 21वें मिनट में रोसन ने फिर से गोलकर टीम की बढ़त लगभग तुरंत दोगुना कर दिया। इसके बाद दिलराज सिंह ने 25वें मिनट में एक गोल करके भारत को तीसरे क्वार्टर में जाने से पहले 3-0 की मजबूत बढ़त दिला दी।

## पहली बार शनिवार या रविवार को नहीं होगा डब्ल्यूपीएल का फाइनल

- **फाइनल 5 फरवरी को होगा, टूर्नामेंट की शुरुआत 9 जनवरी से होगी और इसमें दो डबल हेडर मैच होंगे**

**मुंबई, वार्ता।** 2026 विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का फ़ाइनल पहली बार शनिवार या रविवार को नहीं खेला जाएगा। फ़ाइनल 5 फरवरी (गुरुवार) को होगा। टूर्नामेंट की शुरूआत 9 जनवरी से होगी और इसमें दो डबल हेडर मैच होंगे, दोनों शनिवार को खेले जाएंगे। यह 28 दिनों का टूर्नामेंट दो शहरों (नवी मुंबई और वडोदरा) में आयोजित किया जाएगा। शुरूआती 11 मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाएंगे। दोनों डबल हेडर भी यहीं होंगे। बाक़ी 11 मैच वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेले जाएंगे। 3 फरवरी का एलिमिनेटर और 5 फरवरी का फ़ाइनल इन्हीं 11 मैचों में शामिल है। डब्ल्यूपीएल ऑक्शन के दिन चेयरमैन जयेश जॉर्ज ने गुरुवार को तारीफ़ और वेन्यू की पुष्टि की। पहले मुक़ाबले को छोड़कर सभी मैच शाम के समय खेले जाएंगे। जिस सप्ताह में डब्ल्यूपीएल का फ़ाइनल होने वाला है, उस हफ्ते कई और बड़े टूर्नामेंट होंगे।

पुरूष अंडर 19 वर्ल्ड कप डब्ल्यूपीएल फ़ाइनल के अगले दिन 6 फ़रवरी को समाप्त होगा। पुरूष टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होगा। पहली बार डब्ल्यूपीएल जनवरी और फ़रवरी की विंडो में आयोजित किया जाएगा।। शुरूआती तीन सीजन फ़रवरी और मार्च में आईपीएल से पहले आयोजित किए गए थे। इस बार लीग किसी बड़ी अंतर्राष्ट्रीय सीरीज से नहीं टकराएगी। मुंबई इंडियंस ने पिछली बार डब्ल्यूपीएल का खिताब जीता था।

उनकी टीम टूर्नामेंट के तीन संस्करण में दो बार खिताब जीत चुकी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु वह दूसरी टीम है जिसने इस खिताब को हासिल किया है।दिल्ली कैपिटल्स तीनों सीजन में उपविजेता रही है। गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्स अभी तक फ़ाइनल में नहीं पहुंची हैं। डब्ल्यूपीएल खत्म होने के दस दिन बाद भारत ऑस्ट्रेलिया का ऑल फॉर्मेट दौरा शुरू करेगा। यह दौरा 15 फ़रवरी से 9 मार्च तक होगा, जिसमें तीन टी20 तीन वनडे और एक टेस्ट शामिल है।

डब्ल्यूपीएल 2026 शेड्यूल
नवी मुंबई, पहला चरण
9 जनवरी: मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु।

## अगर माही भाई मैच देखने आते हैं तो वह पल हमारे लिए बहुत खास होगा: कुएल राहुल



**रांची, वार्ता।** विवार को राजधानी रांची क्रिकेट के रोमांच से सराबोर होने वाली है। जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। मैच से पहले दोनों टीमें पूरी तरह मैदान पर उतरी दिखीं। भारतीय खिलाड़ियों ने नेट्स में जमकर पसीना बहाया तो दक्षिण अफ्रीका की टीम भी अपने प्लान को धार देने में जुटी रही। शनिवार को फुल टीम प्रैक्टिस के बाद भारतीय टीम के कप्तान केएल राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मैच से जुड़ी कई अहम बातों पर खुलकर चर्चा की। राहुल ने कहा कि रांची में खेलना हमेशा खास रहा है, क्योंकि यह शहर क्रिकेट की धड़कनों से भरा हुआ है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि यह महेंद्र सिंह धोनी का शहर है। यहां क्रिकेट नस-नस में दौड़ता है। अगर माही भाई स्टेडियम में मैच देखने आते हैं, तो वह पल हमारे लिए बहुत खास होगा। यहां दर्शकों का समर्थन हमेशा जबरदस्त रहता है। राहुल के इस बयान ने प्रेस रूम में मौजूद पत्रकारों के चेहरे पर भी मुस्कान ला दी। पत्रकारों द्वारा किए गए सवालों का जवाब देते हुए राहुल ने टीम संयोजन, विकेटकीपिंग विकल्प और स्पिनर्स के खिलाफ टीम की चुनौतियों पर भी खुलकर बात की। ऋषभ पंत की भूमिका पर पूछे गए सवाल के जवाब में राहुल ने कहा कि अंतिम निर्णय मैच के दिन ही होगा। राहुल ने कहा कि 'पंत भी टीम में हैं। वह शानदार फॉर्म में हैं। यह कल ही तय हो पाएगा कि वह विकेटकीपिंग करेंगे या सिर्फ बैटिंग पर ध्यान देंगे। टीम मैनेजमेंट इस पर विचार कर रहा है। टीम इंडिया हाल के दिनों में स्पिनर्स के खिलाफ कमजोर नजर आई है। इस पर भी राहुल ने साफ कहा कि टीम इस चुनौती को अच्छी तरह समझती है और इसे सुधारने के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुराने और अनुभवी बैट्समैन से हम लगातार सीख रहे हैं कि स्पिन को बेहतर कैसे खेलें। आने वाले समय में हम इस विभाग में और मजबूत होंगे। हर सत्र में हम स्पिनरों पर खास फोकस करके प्रैक्टिस कर रहे हैं। बॉलिंग और बैटिंग रणनीति को लेकर राहुल ने ज्यादा खुलासा तो नहीं किया, लेकिन यह जरूर कहा कि टीम हालात के अनुसार अपनी प्लानिंग कर चुकी है। उन्होंने बताया कि इस विकेट पर शुरूआत में बैटिंग थोड़ी चुनौतीपूर्ण हो सकती है, लेकिन मिडल ओवर्स में रन बनाने के अवसर जरूर मिलेंगे। राहुल ने कहा कि डेथ ओवर्स में टीम की बॉलिंग यूनिट काफी मजबूत है, और सभी गेंदबाज अपनी-अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट हैं।

## नेमार ने सांतोस को 3-0 से अहम जीत दिलाई

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** नेमार ने एक गोल किया और दूसरे गोल की नींव रखी, जिससे सांतोस ने शुक्रवार को ब्राज़ील के सीरी ए में स्पोर्ट रेसिफे पर 3-0 से घरेलू जीत हासिल करके रेलीगेशन का डर कम कर दिया। होस्ट टीम ने 25वें मिनट में गोल किया जब नेमार काउंटरअटैक पर गुइलहर्मे के पास पर दौड़े और अंदर कट करने से पहले एक लो ड्राइव मारा जो गोलकीपर गेब्रियल वास्कोनसेलोस को उनके पास वाले पोस्ट पर छका गया। स्पोर्ट के मिडफील्डर लुकास काल ने सांतोस को दूसरा गोल दिया जब उन्होंने छह-यार्ड बॉक्स के अंदर हाथापाई के बाद गलती से गेंद को अपने ही नेट में डाल दिया। नेमार की कॉर्नर से डिलीवरी के बाद जोआओ श्मिट ने एक शानदार हेडर से नतीजे पर कोई शक नहीं जताया।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मूढ़ापाण्ड़े क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के गंभीर मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की जानकारी के बाद पीड़ित परिवार द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने सख्त धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।जानकारी के अनुसार, बीती 25 नवंबर को थाना मूढ़ापाण्ड़े क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ आरोपी सुमित ने दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां ने यह भी बताया कि जब उन्होंने शिकायत करने का प्रयास किया तो आरोपी पक्ष ने गाली-गलौज और मारपीट कर उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की।तहरीर के आधार पर थाना मूढ़ापाण्ड़े में मामला पंजीकृत किया गया। पोस्को एक्ट की धाराएँ दर्ज होने से स्पष्ट है कि पुलिस इस प्रकरण को गंभीर अपराध की श्रेणी में मानकर तेजी से कार्यवाही कर रही है।विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। इसी क्रम में शनिवार को उप निरीक्षक दीपक चौहान ने पुलिस टीम के साथ दबिश देकर आरोपी सुमित पुत्र आनन्द कुमार, निवासी ग्राम धतुर्रा मेघानगला उर्फ पैपटपुरा, थाना मूढ़ापाण्ड़े को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नाबालिग से जुड़े अपराधों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। मामले की विवेचना तेजी से जारी है और शेष कानूनी कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस ने यह भी कहा कि पीड़िता और उसके परिवार को सुरक्षा एवं न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।



## दहेज उत्पीड़न में महिलाओं सहित 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर

**कांठ (शाह टाइम्स)।** दहेज उत्पीड़न को लेकर पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जनपद अमरोहा थाना देहात क्षेत्र के गांव आरोही निवासी विनोद कुमार पुत्र सीताराम का कहना है कि उसने अपनी बहन रीना की शादी विवेक पुत्र गुलाल सिंह निवासी फोल्डा पट्टी थाना छजलैट के साथ इसी साल 28 मई को की थी जिसमें हैसियत के मुताबिक काफी दहेज दिया लेकिन विवेक उसके भाई लोकेंद्र कोशिंदर मां मालेश सीनू आदि इस दहेज से खुश नहीं थे और वह कार की मांग करते चले आ रहे थे।

मांग पूरी न करने पर आए दिन रीना के साथ मारपीट करते रहते थे जानकारी मिलने पर उसने उन लोगों से बात की तो उन्होंने उसे भी धमकी देनी शुरू कर दी।

पीड़ित विनोद थाने पहुंचा और उसने तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# बाबेपुर व भगतपुर मिर्जा में बदमाशों ने मचाया उत्पात

## तमंचे की बट से महिलाओं के साथ की मारपीट, किशोरी घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र के गांव बाबेपुर व भगतपुर मिर्जा में शुक्रवार की रात्रि चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया और एक घर की महिलाओं के साथ मारपीट की जिसमें एक किशोरी घायल हो गई।

शुक्रवार की रात्रि लगभग एक से दो बजे के बीच चोरों ने बाबेपुर में कान्ती पत्नी पुष्पेन्द्र के घर में घुसकर उत्पात मचाया। घर में घुसकर कमरें में सो रही कान्ती व छोटी बहन रुपा की आंख खुलने पर बदमाशों को देख शोर मचाने का प्रयास किया तो ढाठाबंद चार बदमाशों ने दोनों बहनों के साथ मारपीट की जिसमें छोटी बहन रुपा को सिर में तमन्चे की बट मारकर घायल कर दिया और तमन्चा दिखाकर, कानों से सोने के कुंडल, नाक से सोने की लौंग व कानो की बालीं निकलवा लीं और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। सुबह होने पर कान्ती ने हरियाणा में मजदूरी करने गये पति पुष्पेन्द्र को फोन पर सूचना दी है।

वहीं दूसरे गांव भगतपुर मिर्जा में चोरों ने रजनेश के घर को निशाना बनाया। घर के पीछे दीबार में नकब लगाकर चोरी कर ली। घर में सो रही रजनेश की पत्नी बबीता को आहट होने पर आंख खुल गई। बबीता की आंख खुलने पर चोर नगदी व चांदी की पाजेब लेकर भाग गये।

बबीता ने बताया कि लगभग रात एक बजे के आसपास चोर घर में रखे आठ हजार रुपए व चांदी की पाजेब निकाल कर ले गए।

# मानव जीवन भगवान के भजन के लिए ही है: अर्द्धमौनी

**मुरादाबाद।** दुर्गा मन्दिर, अमर गंगा भवन, गुरहट्टी चौराहा में आयोजित एकादशी हरिनाम संकीर्तन में कथा व्यास आचार्य धीरशान्त दास'अर्द्धमौनी' ने बताया कि एकादशी भगवान श्रीकृष्ण की कृपा दिलाने वाली पवित्र तिथि है। भगवान् के लिये ही संसार में रहो। हरेक काम भगवान् के लिये ही करो। फिर आपकी मात्र क्रिया भजन हो जायेगी। जबतक किसी चीज पर किसी का ममत्व बना रहता है, तबतक वह भगवान के अर्पण नहीं हो सकती। जबतक मनुष्य किसी वस्तु पर से अपना अधिकार हटा नहीं लेता तबतक श्रीनारायणदेव उसे स्वीकार नहीं करते। श्रीभगवान् मंगलमय हैं, उनकी देख-रेख में ही सब कुछ होता है। भगवान् की कृपा ही सब कुछ कराती है। हम लोग जबतक भगवान् के सामने निर्दोष हैं, तबतक यहाँ की किसी भी घटना से हमारी यथार्थ में कोई हानि कदापि नहीं हो सकती। यदि हमारा दोष नहीं होगा तो हम पर क्यों कुछ होगा और यदि कुछ हो ही जाय तो वह किसी पूर्वकर्म के फलदानोन्मुख प्रारब्ध के कारण होगा, वह होना ही चाहिये। उसमें हमारा मंगल ही होगा। हमें उसके लिये चिन्ता क्यों करनी चाहिये? जिसको अपने जीवन में एक बार भी सच्चे संत के दर्शन का, उससे उपदेश प्राप्त करने का, उसके कर स्पर्श का और उसकी चरणधूलि सिर चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हो गया, वह परम आनंद और परम शांति का सहज अधिकारी हो गया।अन्तकाल में मनुष्य कितना ही अचेत क्यों न हो, पर मरनेसे पहले, प्राण छूटते समय उसको चेत होता ही है। अगर चेत होते ही वह भगवन्नाम सुन ले तो उसका कल्याण हो जायगा। व्यवस्था में रानी गुप्ता, संदीप गुप्ता, अल्का गुप्ता, रागिनी गुप्ता, भगवती प्रसाद जेटली, नेहा जेटली, कनव-उदित जेटली, कनन गुप्ता, डा0 अहाना गुप्ता, हर्षित गुप्ता, अर्पित गुप्ता, कुमोद गुप्ता, राजेश गुप्ता, आनन्द गुप्ता, मनीषा गुप्ता, गीता गुप्ता, आदि ने सहयोग दिया।

# सड़कें बनीं रेत का गोदाम, हाईवे किनारे रेत बजरपुर का अंबार, राहगीर परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर में हाईवे के दोनों ओर बेखौफ तरीके से रखी जा रही रेत, बजरफुट की सामग्री अब दुर्घटनाओं को दावत दे रही है। कई दुकानदारों ने हाईवे किनारे बड़े-बड़े ढेर लगा रखे हैं, मानो सड़क नहीं गोदाम हो। रिटेल विक्रेता ट्रॉली और डंपर भरकर सामग्री उतारते हैं, जिससे हाईवे लगातार संकरा होता जा रहा है। हल्की-सी हवा चलते ही उड़ने वाली धूल राहगीरों और बाइक सवारों की आंखों में पड़कर उन्हें घायल कर देती है। शहर के लगभग हर मुख्य मार्ग की यही तस्वीर है। हैरानी की बात यह है कि प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि इन्हीं रास्तों से गुजरते हैं, पर समस्या पर कोई ध्यान नहीं। कभी-कभार औपचारिक रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है, लेकिन कुछ ही दिनों में हालात फिर पुराने जैसे हो जाते हैं, जैसे व्यवस्था पर किसी का नियंत्रण ही न हो। एक वर्ष पहले तत्कालीन उपजिलाधिकारी ने बहजोई रोड, आईटीआई मार्ग और रहोली रोड से अतिक्रमण हटवाया था पर कुछ दिन बाद ही दोबारा सड़क पर



रेत-बजरफुट फैलने लगा। इससे पहले चार वर्ष पूर्व रेत-बजरी की फिसलन से बाइक सवार ट्रक के नीचे आ गया था और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। रहोली रोड चौराहे पर भी ऐसा ही हादसा हो चुका है, जिसमें बाइक सवार दंपत्ति घायल हुए थे। कुछ समय के लिए रेत-बजरफुट सड़क किनारे रखने पर रोक भी लगाई गई, पर विक्रेताओं ने फिर से सड़क पर सामान डालना शुरू कर दिया। वर्तमान में मुरादाबाद-चंदौसी हाईवे पर विश्वकर्मा धर्मकांटे से लेकर सेक्रेड हार्ट स्कूल तक हाईवे किनारे रेत-बजरफुट का अंबार लगा है, जबकि यह शहर में प्रवेश का प्रमुख मार्ग है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन तभी जागता है जब कोई बड़ा हादसा हो जाए। लोगों ने मांग की है कि स्थाई समाधान निक. ाला जाए ताकि हादसे रुकें और हाईवे फिर से सुरक्षित बन सके।

## एक नजर

### समस्याओं को लेकर जीएसटी कमिश्नर से मिले व्यापारी



**मुरादाबाद।** जीएसटी कमिश्नर ग्रेड 1 अशोक कुमार सिंह से संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर व्यापारिक समस्याओं को प्रस्तुत किया। व्यापारियों ने सचल दल इकाइयों द्वारा छोटे कारीगरों और व्यापारियों को रास्ते में रोककर माल पकड़ने और अनावश्यक चेकिंग पर अपनी आपत्ति जताई।व्यापारियों ने कहा कि कारीगर अक्सर अनफिनिश माल लेकर आते हैं, जिसे रास्ते में रोका जाता है और उनसे हर्जाना मांगा जाता है। इसके अलावा, सचल दल इकाइयों के साथ मौजूद पुलिस स्टाफ द्वारा व्यापारियों के साथ किए जाने वाले व्यवहार पर भी व्यापारियों ने नाराजगी व्यक्त की।जीएसटी कमिश्नर अशोक कुमार सिंह ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा और किसी भी स्थिति में व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा।इस अवसर पर संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### शत-प्रतिशत डिजिटाइज्ड फार्म के लिए बीएलओ कल्पना त्यागी सम्मानित



**चन्दौसी।** कोई कार्य कठिन नहीं होता, बस उसे करने का जज्बा होना चाहिए। कई लोग कार्य को बोझ समझते हैं, लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जो कठिन से कठिन कार्य को समय से पहले पूरा करने में महारत रखते हैं। सरकार द्वारा कराए जा रहे एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) कार्य को महत्वपूर्ण कार्य माना जाता है। इस कार्य में सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है, जितना दायित्व बीएलओ का है।

उतना ही जिम्मा फार्म भरने वालों पर भी है। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने समयावधि से पूर्व शत-प्रतिशत एसआईआर फार्म पूरा करने वालों को सम्मानित किया। उन्हें प्रशासकीय पत्र और 2100 रुपये देकर पुरस्कृत किया गया शनिवार को उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी ने जिलाधिकारी के निर्देशन में ब्लॉक बनियाखेड़ा की बीएलओ कल्पना त्यागी को बूथ संख्या 50 के शत-प्रतिशत डिजिटाइज्ड फार्म पूरा करने पर सम्मानित किया। उन्हें एक पुष्प, कंबल और मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है और सभी बीएलओ से अपेक्षा है कि वे निर्धारित समयावधि में सभी एसआईआर फार्म जमा कर डिजिटाइज्ड कराएं।

### अधिवक्ता परिषद ब्रज जिला इकाई की मासिक बैठक संपन्न



**मुरादाबाद।** अधिवक्ता परिषद ब्रज जिला इकाई मुरादाबाद की मासिक बैठक आज शाम 3 बजे जिला बार सभागार में संपन्न हुई। बैठक में परिषद के पदाधिकारियों, गणमान्य सदस्यों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्ण सहभागिता की। विधान दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री अनिल पाल सिंह जी रहे, जिन्होंने संविधान की महत्ता, उसके मूल सिद्धांतों तथा अधिवक्ताओं की जिम्मेदार भूमिका पर विस्तारपूर्वक अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर श्री रवि प्रकाश राय जी को मुरादाबाद जिले का उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने की औपचारिक घोषणा की गई, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। डीजीसी सिविल अजयगुप्ता ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे न्याय ये ही नीति अधिवक्ता परिषद की है कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजीव कुमार तिवारी ने की तथा संचालन स्मिता गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में अजय वीर त्यागी, सुरिंदर पाल सिंह, क्ळब्बपअपस अजय गुप्ता, सरदार प्रकाशवीर सिंह, शिवनोद गुप्ता, श्रीमती रेनू गुप्ता, श्रीमती तबस्सुम , अतुल चौधरी, श्री अनूप भारती, श्रीमती अनुराधा सिंह सहित अनेक अधिवक्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# आकाश कोरियन ताईकांडों अकादमी में बेल्ट टेस्ट हुआ आयोजित

**कांठ (शाह टाइम्स)।** आकाश कोरियन ताइक्वांडो अकादमी में आज बेल्ट टेस्ट परीक्षा का आयोजन हुआ जिसमें खिलाड़ियों की तकनीक अभ्यास स्तर और अनुशासन का परीक्षण किया गया।

टेस्ट लेने आए मुरादाबाद ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव आलोक कुमार ने कहा कि यह परीक्षा खिलाड़ियों की प्रगति का महत्वपूर्ण चरण होती है। जिसमें उनके कौशल की पंच तकनीक तथा शारीरिक संतुलन का मूल्यांकन किया जाता है। उन्होंने परिणाम शीघ्र ही घोषित किए जाने की घोषणा की और कहा कि परिणाम के अनुसार ही बेल्ट ग्रेड निर्धारित की जानी है। अकादमी के कोच हर्ष शर्मा ने बेल्ट टेस्ट बच्चों को निरंतर अभ्यास और सुधार के लिए प्रेरित किया। रितिका शर्मा ने कहा कि खिलाड़ी अपनी मेहनत के दम पर आगे बढे और बड़े मंचों तक पहुंचकर क्षेत्र का नाम रोशन करें।




इस मौके पर मधुर त्यागी वैदिक सहगल अक्षिता चौहान श्रेष्ठ वस्तु नव्या अहलावत अथर्व बिश्नोई खुशी राजविका सिंह कामाक्षी माहेश्वरी साकेत मोहन अग्रवाल ऋषिका शर्मा जीविशा सहित काफी खिलाड़ी मौजूद रहे।

# लेखपाल सुधीर कुमार की मौत पर विरोध प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर जिले के सभी लेखपालों ने तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन फतेहपुर जिले में तैनात 2024 बैच के लेखपाल सुधीर कुमार की आत्महत्या के विरोध में आयोजित किया गया। लेखपालों ने प्रशासन पर गंभीर लाप. रवाही और अनावश्यक दबाव डालने का आरोप लगाया तथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। संघ के अध्यक्ष शिवम शर्मा ने कहा कि सुधीर कुमार एसआईआर कार्य में लगे हुए थे और उन पर अधिकारियों द्वारा कार्य की प्रगति बढ़ाने का अधिक दबाव डाला गया। सुधीर कुमार की शादी 26 नवंबर 2025 को होने वाली थी। इसके लिए उन्होंने अवकाश मांगा, लेकिन प्रशासन ने छुट्टी नहीं दी और लगातार दबाव डालते रहे। इसी कारण वे मानसिक तनाव में आ गए और उन्होंने आत्महत्या कर ली। धरना-प्रदर्शन के दौरान लेखपालों ने कहा कि यह घटना पूरे विभाग के लिए गहन चिंता का विषय है और वे दोषियों पर कठोर कार्रवाई होने तक आंदोलन जारी रखेंगे।

विरोध प्रदर्शन में संघ के अन्य पदाधिकारी और लेखपाल जैसे अतुल पाठक, वरुण सक्सैना, संजीव कुमार, सुगंधा गुप्ता, गब्बरसिंह, गोपाल सिंह और दानवीर सिंह भी मौजूद रहे।

# समझौता कराकर 10 परिवारों को मिलाया




**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के नेतृत्व में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श-सुलह केंद्र की बैठक पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई। बैठक का आयोजन प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार की व्यवस्था में और परामर्श केंद्र प्रभारी डा. रुकमपाल सिंह की देखरेख में किया गया। बैठक में पति-पत्नी के बीच हुए आपसी विवादों को सुलह और समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। कुल 81 पत्रावलियों को सुना गया, जिनमें से 30 का समाधान किया गया और 10 परिवारों को पुनः मिलाया गया। वहीं 17 पत्रावली में आवेदक द्वारा सहयोग न देने के कारण उन्हें बंद किया गया और 03 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की सिफारिश की गई। इस अवसर पर विधिक परामर्शदाता और काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय, बबीता शर्मा, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, कंचन महेश्वरी, तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक, म0कां0 ज्योति आदि उपस्थित रहे।

# गोकुलदास कॉलेज में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गोकुलदास गर्ल्स कॉलेज के राजनीतिक शास्त्र विभाग के सौजन्य से मिशन शक्ति फेजख्5 के अंतर्गत महिलाओं के अधिकार एवं सुरक्षा विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने की।

उन्होंने कहा कि समय की आवश्यकता है कि प्रत्येक महिला अपने कानूनी अधिकारों, संवैधानिक सुरक्षा और उपलब्ध सरकारी सहायता तंत्र से परिचित हो, ताकि वह किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति का सामना दृढ़ता से कर सके।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर अपर्णा जोशी और प्रोफेसर एकता भाटिया ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। प्रोफेसर अपर्णा जोशी ने महिला सुरक्षा से जुड़े प्रमुख कानूनी प्रावधानों, हेल्पलाइन नंबरों और




सरकारी सहायता तंत्र पर विस्तार से जानकारी दी।

वहीं, प्रोफेसर एकता भाटिया ने डिजिटल सुरक्षा, साइबर अपराध और सोशल मीडिया उपयोग के दौरान सावधानियों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को सतर्क रहने की सलाह दी।महाविद्यालय की उप प्राचार्य एवं मुख्य अनुशासिका प्रोफेसर किरण साहू ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य में कहा कि जब महिलाएं अपने अधिकारों और सुरक्षा उपायों से परिचित होती हैं, तब वे न केवल खुद को सुरक्षित रख पाती हैं बल्कि सही निर्णय लेने में भी सक्षम बनती हैं।कार्यक्रम का संच. ालन एवं संयोजन प्रोफेसर मीनाक्षी शर्मा ने किया। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान की उद्देशिका तथा छात्राओं की सक्रिय भागीदारी को समाज में सकारात्मक बदलाव का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।कार्यक्रम में शिक्षिकाओं प्रोफेसर सुदेश कुमारी, प्रोफेसर प्रवीण सैनी, प्रोफेसर किरण त्रिपाठी, प्रोफेसर अनुराधा सिंह, प्रोफेसर सीमा गुप्ता, प्रोफेसर आंचल गुप्ता, प्रोफेसर करुणा आनंद, प्रोफेसर इंदू सिंह राजपूत, डॉ. प्रीति पांडे, डॉ. प्रेमलता कश्यप, डॉ. शेफाली अग्रवाल, डॉ. रूपाली गुप्ता, शिवानी गुप्ता, डॉ. प्रज्ञा मित्तल, डॉ. मोनिका सिंह, डॉ. सीमा रानी, अपर्णा तिवारी, डॉ. रितु निरवाल, डॉ. रेनू शर्मा और डॉ. सविता अग्रवाल आदि की विशेष उपस्थिति रही।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया और महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर जागरूकता तथा कानूनी अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानक. ारी प्राप्त की। अंत में प्राचार्या प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने सभी शिक्षिकाओं, वक्ताओं और छात्राओं का आभार व्यक्त किया तथा राजनीतिक शास्त्र विभाग के इस सफल आयोजन की सराहना की।



इंडोनेशिया। पश्चिमी सुमात्रा के मलालाक में बाढ़ से प्रभावित गांव में क्षतिग्रस्त घरों के पास से गुजरते लोग।

## ए-320 परिवार के विमानों में अनिवार्य मॉडिफिकेशन का निर्देश

**नई दिल्ली।** भारत सहित दुनिया भर में एयरबस के ए-320 परिवार के विमानों के लिए अनिवार्य हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर अपडेट के आदेश जारी किए गए जिससे उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। एयर इंडिया के बेड़े में ए-320 परिवार के 104 विमान हैं। इंडिगो के पास 318 और एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास 40 विमान ए-320 परिवार के हैं। इस प्रकार देश में इस समय ए-320 परिवार के कुल 462 विमान परिचालन में हैं। सूत्रों ने बताया कि करीब 300 विमानों पर मॉडिफिकेशन की जरूरत होगी।

## जहाज में लगी आग सुरक्षित निकाले गए 25 भारतीय

**इस्तानबुल।** तुर्की के तट के करीब शनिवार को काला सागर में एक टैंकर में 'बाहरी टक्कर' के कारण आग लग गई। इसमें 25 चालक दल के सदस्य भारतीय थे, जिन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है। इस बीच, तुर्की के एक अन्य टैंकर विराट में भी कुछ देर बाद 'बाहरी टक्कर' के कारण आग लगी। यह जहाज भी गांबिया के ध्वज तले समुद्र में सफर कर रहा था। तुर्किए के समुद्री मामलों के महानिदेशालय ने यह जानकारी दी। महानिदेशालय ने अपने शुरुआती बयान में कहा कि बचाव कर्मियों को घटनास्थल से वापस लाने की तैयारी की जा रही है।

# अमेरिका ने अफगानियों के वीजा पर लगाई रोक

## वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी के बाद ट्रम्प सरकार का फैसला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की ट्रम्प सरकार ने वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी की घटना के बाद शुक्रवार से अप्रवासियों के खिलाफ जांच तेज और सघन कर दी है। साथ ही अमेरिकी विदेश विभाग ने अफगान नागरिकों के लिए वीजा जारी करने पर भी रोक लगा दी है।

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प के विदेश विभाग ने अफगानिस्तान के सभी लोगों को वीजा जारी करने पर रोक लगा दी है। अमेरिका के लिए अब अपने देश और अपने लोगों की सुरक्षा से बड़ी कोई प्राथमिकता नहीं है। विदेश विभाग के फैसले के बाद अमेरिकी सरकार ने देशभर में सभी शरण संबंधी फैसलों को भी तुरंत प्रभाव से रोक दिया है। बीते बुधवार को अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में बेहद सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में हुई गोलीबारी के बाद ट्रम्प प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया है। इस गोलीबारी में नेशनल गार्ड्स की एक महिला सैनिक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। इससे पहले अमेरिका के अप्रवासन विभाग के निदेशक जोसेफ एल्डो ने भी पुष्टि की थी कि अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अगले आदेश तक अफगानिस्तान के नागरिकों को वीजा जारी न करें। यह रोक तब तक जारी रहेगी, जब तक अमेरिकी सरकार अमेरिका में मौजूद हर अफगान नागरिक की पूरी तरह से सुरक्षा जांच नहीं कर लेती। वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी के आरोपी की पहचान अफगान मूल के रहमानुल्ला लकनवाल के रूप में हुई थी, जो साल 2021 में अमेरिका आया था। रहमानुल्ला को इसी साल अमेरिका में शरण दी गई थी। गोलीबारी की घटना से नाराज राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रम्प प्रशासन ने 19 देशों के ग्रीन कार्ड धारकों के दस्तावेजों की सघन जांच का भी आदेश दिया है। ट्रम्प सरकार के इस फैसले से ग्रीन कार्ड धारकों में डर का माहौल पैदा हो गया है। जिन 19 देशों के ग्रीन कार्ड होल्डर्स के दस्तावेजों की जांच का फैसला किया गया है, उनमें अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणतंत्र, इक्वेटोरियल गिनी, एरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान, यमन, बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला का नाम शामिल है।




■ अमेरिका के लिए अब अपने देश और अपने लोगों की सुरक्षा से बड़ी कोई प्राथमिकता नहीं है

# लंदन में भारत-पाक की डिबेट कैंसिल

## पाक ने भारत पर पीछे हटने का आरोप लगाया, भारतीय वक्ता बोले: इल्जाम झूठा, ईमेल-कॉल रिकॉर्ड दिखाए

**लंदन।** ब्रिटेन में ऑक्सफोर्ड यूनियन में भारत-पाकिस्तान के बीच 27 नवम्बर को होने वाली डिबेट कैंसिल हो गई। पाकिस्तान और भारत के वक्ताओं को इस डिबेट में हिस्सा लेना था। अब दोनों देशों ने एक-दूसरे पर बैठक से पीछे हटने का आरोप लगाया है। पहले पाकिस्तान ने गुरुवार को दावा किया था कि भारतीय वक्ता ऑक्सफोर्ड यूनियन में होने वाली डिबेट से पहले आखिरी मौके पर भाग गए, इसलिए उन्हें 'वॉकओवर' (बिना लड़े मिली जीत) मिल गया। इसके बाद भारतीय सीनियर एडवोकेट जे साई दीपक ने आरोपों को झूठा बताते हुए खुलासा किया कि पाकिस्तानी टीम ही आखिरी वक्त पर बहस में शामिल नहीं हुई, जिसके बाद डिबेट को रद्द करना पड़ा।

दीपक ने सबूत के तौर पर ईमेल और कॉल रिकॉर्ड पेश किए। उन्होंने कहा कि, भारतीय टीम बहस के लिए तैयार थी, लेकिन पाकिस्तान ने डिबेट कैंसिल करवा दी। मामले में ऑक्सफोर्ड यूनियन न ऑक्सफोर्ड यूनियन दुनिया की सबसे मशहूर और पुरानी स्टूडेंट डिबेट सोसाइटी है। भारत-पाकिस्तान के बीच भी यहीं बहस होनी थी। ऑक्सफोर्ड यूनियन (ओयू) में गुरुवार रात भारत-पाकिस्तान के वक्ताओं के बीच डिबेट होना तय था। ओयू दुनिया की सबसे पुरानी स्टूडेंट डिबेट सोसाइटी है। 1823 में स्थापित ओयू को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के छात्र चलाते हैं। हालांकि यह यूनिवर्सिटी का आधिकारिक हिस्सा नहीं है। यह एक आजाद छात्र संगठन है। ओयू में दुनियाभर के बड़े नेता, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, अभिनेता, लेखक भाषण दे चुके हैं। बहसें लाइव होती हैं, जिसे यूट्यूब पर लाखों-करोड़ों लोग देखते हैं। बहस के बाद जीत-हार दर्शकों के वोट से तय होती है। इस बार भारत-पाकिस्तान के वक्ताओं के बीच होने वाली बहस का टाइटल **'India' Policy Towards Pakistan is a Populist Strategy Sold as Security Policy'** रखा गया था। इसे आसान भाषा में समझें तो इसका मतलब है, 'भारत की पाकिस्तान पर बनाई गई नीतियां जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं, लेकिन उन्हें सुरक्षा की जरूरत बताया जाता है।' इस डिबेट को ओयू के अध्यक्ष मूसा हर्राज ने ऑर्गनाइज किया था। मूसा पूर्व पीएम बेनजीर भुट्टो, पूर्व राष्ट्रपति अहमद नवाज और इसरार खान के बाद इसके अध्यक्ष बनने वाले चौथे पाकिस्तानी हैं। भारत की तरफ से डिबेट में शामिल होने वाले 3 लोग-पूर्व चीफ जनरल डड नरवणे, बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट थे।

जबकि पाकिस्तान की तरफ से लेफ्टिनेंट जनरल जुबैर महमूद हयात, पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार और पूर्व राजनयिक डॉ. मोहम्मद फैसल शामिल होने वाले थे। भारत की ओर से भारतीय सीनियर एडवोकेट जे साई दीपक डिबेट के आयोजकों के साथ संपर्क में थे। ऑक्सफोर्ड यूनियन ने बहस से दो दिन पहले दीपक को बताया कि खराब तबीयत के कारण स्वामी और नरवणे शामिल नहीं हो सकते हैं, और उनसे दूसरे विकल्प सुझाने के लिए कहा गया। दीपक यूनियन के पास कोई विकल्प लेकर पहुंचते इससे पहले ही उन्हें फोन करके बताया गया कि बहस के लिए सुहेल सेठ और शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी से संपर्क कर लिया है और उन्होंने पुष्टि भी कर दी है। 26 तारीख को यूनियन ने दीपक को फोन करके बताया कि शॉर्ट नोटिस के कारण सुहेल सेठ और प्रियंका चतुर्वेदी नहीं आ सकेंगी। प्रियंका चतुर्वेदी ने भी साफ कहा कि जुलाई में उन्हें न्योता मिला था, लेकिन आयोजकों ने महीनों चुप्पी साधे रखी और 25 नवम्बर को अचानक मेल किया।



■ 1823 में स्थापित ओयू को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के छात्र चलाते हैं

■ यह यूनिवर्सिटी का आधिकारिक हिस्सा नहीं है यह एक आजाद छात्र संगठन है

## भारत ने श्रीलंका में राहत सामग्री की दो और खेप भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका में ऑपरेशन 'सागर बन्धु शुरू' के तहत शनिवार को राहत सामग्री की दूसरी और तीसरी खेप भेजी। भारत ने दूसरी और तीसरी खेप में क्रमश 12 टन और 9 टन राहत सामग्री भेजी है। भारत अब तक श्रीलंका में 27 टन राहत सामग्री भेज चुका है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर दो अलग-अलग पोस्ट में कहा कि भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका को मदद की दो खेप भेजी है। उन्होंने कहा कि पहली खेप में वायु सेना के मालवाहक विमान सी-130 जे में लगभग 12 टन सहायता सामग्री कोलंबो भेजी है जिसमें टेंट, तिरपाल, कंबल, स्वच्छता किट और भोजन के पैकेट हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि दूसरी खेप में वायु सेना के मालवाहक आईएल-76 विमान में नौ टन राहत सामग्री कोलंबो भेजी गई। इसके अलावा दो बचाव टीमें और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के 80 सदस्य भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब तक श्रीलंका में समुद्र और वायु मार्ग से लगभग 27 टन राहत सामग्री भेज चुका है तथा और राहत सामग्री भी भेजी जाएगी। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका में चक्रवाती तूफान 'दित्वा' के कारण जान-माल का भारी नुकसान हुआ है और 70 लोगों की मौत हुई है तथा बड़ी संख्या में लोग लापता बताए गए हैं।

## चीन की नई वैश्विक शर्तों से दुनिया में अस्थिरता

**कोलकाता।** कोलकाता में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वैश्विक राजनीति और आर्थिक समीकरणों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय ऐसे मोड़ पर है जहां अमेरिका और चीन की नई नीतियों ने अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को अस्थिर कर दिया है। बदलते हालात में देशों के सामने यह तय करना मुश्किल हो गया है कि उन्हें प्रतिस्पर्धा पर ध्यान देना चाहिए या उन समझौतों पर जो बैक चौनल में होते रहते हैं। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका अब पुराने ढांचे के तहत दुनिया का नेतृत्व नहीं कर रहा, बल्कि एक-एक देश के साथ सीधे और नई शर्तों पर बातचीत कर रहा है। दूसरी ओर, चीन भी अपने नियमों पर ज्यादा कठोरता से काम कर रहा है। इस स्थिति में दुनिया के कई देश असमंजस में हैं और संभावित जोखिमों से बचने के लिए सभी विकल्प खुले रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण, सप्लाई असुरक्षा और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण देश हर आकस्मिकता के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। जहां संभव हो, वे कठिन विकल्पों से बच रहे हैं और जहां फायदा दिख रहा है, वहां तुरंत निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण विभिन्न क्षेत्रों में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स की मांग और उत्साह में तेजी आई है।

# भारतीय छात्रों के लिए अब और आसान होगी ब्रिटेन में पढ़ाई

■ NISU-ICEF ने लंदन में किया रणनीतिक गठजोड़

लंदन। भारतीय छात्रों के हितों को सुरक्षित करने और उनकी विदेश शिक्षा यात्रा को अधिक पारदर्शी बनाने के लक्ष्य के साथ नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड अलम्नी यूनियन (एनआईएसएयू) ब्रिटेन और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा क्षेत्र की प्रमुख संस्था आईसीईएफ ने शुक्रवार को लंदन में एक नया रणनीतिक साझेदारी समझौता किया। यह गठजोड़ भारत-ब्रिटेन शिक्षा क्षेत्र में सही, जिम्मेदार और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रियाओं को बढ़ावा देगा।

इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को आवेदन के शुरुआती चरण से लेकर कोर्स पूरा होने तक विश्वसनीय और तथ्य आधारित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। एनआईएसएयू ब्रिटेन ने कहा कि यह सहयोग पारदर्शिता बढ़ाने, गलत जानकारी रोकने और मानक सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आईसीईएफ के सीईओ मार्कस बैडे ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को स्पष्टता, पारदर्शिता और भरोसेमंद सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनआईएसएयू के साथ जुड़ने से दोनों संस्थाएं मिलकर सरहदों के पार एक बेहतर और सुरक्षित छात्र-केन्द्रित प्रणाली विकसित कर सकेंगी। भारत-ब्रिटेन के बीच नैतिक और पारदर्शी भर्ती प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना, छात्रों और संस्थानों के लिए साझा गुणवत्ता मानक और दिशा-निर्देश तैयार करना और ऐसा संयुक्त डाटा और विश्लेषण तैयार करना, जो शिक्षा नीति और अंतर्राष्ट्रीय बेस्ट प्रैक्टिस को प्रभावित कर सके। एनआईएसएयू की संस्थापक और चेयर सैनम अरा. रा ने कहा कि आईसीईएफ की लंबे समय से गुणवत्ता पर जोर देने की नीति भारतीय छात्रों को सही समय पर सही सलाह सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने कहा कि यह गठजोड़ छात्रों को भर्ती प्रक्रिया के केंद्र में रखने पर आधारित है। शिक्षा नियमों और वीजा नीतियों में लगातार बदलाव के बीच विश्वसनीय जानकारी की जरूरत पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। दोनों संस्थाएं उम्मीद कर रही हैं कि यह साझेदारी भारत में अवैध एजेंटों की गति. विधियों पर लगाम लगाने में मदद करेगी। इस दिशा में एनआईएसएयू ब्रिटेन ने दुनिया का पहला छात्र-केंद्रित एजेंट ऑफ द ईयर अवार्ड शुरू किया है, जो फरवरी 2026 में पहली बार दिया जाएगा।

# भारत-म्यांमार ड्रग रैकेट केस में बड़ा खुलासा

## भारतीयों के जीएसटी विवरण का पड़ोसी देश में हुआ गलत इस्तेमाल

■ एजेंसी ने 21 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया

**नई दिल्ली।** क्रॉस-बॉर्डर नारकोटिक्स तस्करी की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। ईडी ने बताया कि म्यांमार मूल के लोगों ने भारतीय नागरिकों के जीएसटी प्रमाण पत्रों का दुरुपयोग कर ड्रग्स बनाने के लिए जरूरी कच्चा माल खरीदा। यह खुलासा एजेंसी की उस कार्रवाई के दौरान सामने आया है, जब ड्रग्स तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में भारत-म्यांमार सीमा पर पहली बार तलाशी ली गई थी।

ईडी ने 27 नवम्बर को अपनी इस विशेष कार्रवाई के तहत मिजोरम के आइजोल और चंपाई (भारत-म्यांमार बॉर्डर) में कई ठिकानों पर छापेमारी की। इसके अलावा असम के करीमगंज जिले के श्रीभूमि क्षेत्र और गुजरात के अहमदाबाद में भी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान जुटाए गए सबूतों से पता चला है कि भारतीय नागरिकों ने म्यांमार के लोगों के लिए सूडोइफेड्रिन टैबलेट और कैफीन एन्हाइड्रस खरीदे।

इन रसायनों का उपयोग सीमापार मेथामफेटामिन जैसी सिंथेटिक ड्रग्स के उत्पादन में किया जाता है। एजेंसी के अनुसार, यह नेटवर्क न केवल ड्रग्स की तस्करी में शामिल था, बल्कि अवैध वित्तीय लेनदेन और धन शोधन के जरिए इसकी कमाई को भी छिपाया जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि म्यांमार नागरिकों ने भारतीय नागरिकों के जीएसटी क्रेडेंशियल्स का दुरुपयोग कर ड्रग निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे पदार्थों की खरीद को वैध दिखाया।

एजेंसी के अनुसार, इस योजना ने मादक पदार्थों के विनिर्माण की आपूर्ति शृंखला को बढ़ावा दिया, भारत-म्यांमार की पोरस यानी बेहद संवेदनशील और खुली सीमा वाले इलाकों जैसे मिजोरम को प्रभावित कर रही थी। इसमें कई भारतीय राज्यों तक वित्तीय और तस्करी के संबंध थे और इन गतिविधियों के माध्यम से धन शोधन किया गया। छापेमारी के दौरान कुछ हवाला संचालकों और अन्य लोगों से 46.7 लाख रुपये की नकदी जब्त की गई व एजेंसी ने 21 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया।

## साइबरस्पेस गवर्नेंस के लिए दीर्घकालिक तंत्र में सुधार पर जोर

**बीजिंग।** चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के महासचिव शी जिनपिंग ने साइबरस्पेस गवर्नेंस के लिए दीर्घकालिक तंत्र में सुधार के महत्व पर जोर दिया है। शुक्रवार को सीपीसी केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के एक समूह अध्ययन सत्र की अध्यक्षता करते हुए शी जिनपिंग ने एक स्वच्छ, स्वस्थ और सुदृढ़ ऑनलाइन वातावरण विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। शी ने कहा कि 2012 में 18वीं सीपीसी राष्ट्रीय कांग्रेस के बाद से, पार्टी ने साइबरस्पेस गवर्नेंस को उच्च प्राथमिकता दी है, इंटरनेट पर मुख्यधारा के मूल्यों, मुख्यधारा के विचारों और मुख्यधारा की संस्कृति को लगातार सुदृढ़ किया है।

# पाक-अफगान में फिर तेज हुआ तनाव

## पाकिस्तान सेना ने तालिबान पर घुसपैठ कराने का लगाया आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। पाकिस्तान सेना ने आरोप लगाया है कि अफगान तालिबान देश में आतंकियों की घुसपैठ में मदद कर रहा है। सेना का दावा है कि अफगान सीमा चौकियां न सिर्फ पाकिस्तानी पोस्टों पर फायरिंग कर रही हैं बल्कि इस दौरान आतंकियों और तस्करों को सीमा पार कराने के लिए कवर भी दे रही हैं।

आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में यह गंभीर आरोप लगाए। उनके अनुसार, अफगान तालिबान की तरफ से सीमा पर तैनात पाकिस्तानी पोस्टों पर फायरिंग की जाती है और उसी समय आतंकियों व तस्करों को खाली जगहों से पाकिस्तान में प्रवेश कराया जाता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की सीमा चौकियां आमतौर पर परस्पर सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं, लेकिन मौजूदा हालात इससे बिल्कुल अलग हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर होने वाले हमले बेहद समन्वित होते हैं। फायरिंग का मकसद आतंकियों को पार कराना और तस्करों की गाड़ियों को आगे बढ़ाना होता है। उन्होंने दावा किया कि कई बार पोस्टों पर हमला कर नीचे से तस्करों के वाहन गुजारे जाते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तान-अफगान सीमा 2,500 किलोमीटर लंबी है, जहां पाकिस्तान ने 15 से 25 किलोमीटर की दूरी पर सैन्य चौकियां बनाई हैं। उन्होंने कहा कि इतनी लंबी सीमा को पूरी तरह सील करना संभव नहीं है, जैसा कि अमेरिका भी मैक्सिको सीमा पर नहीं कर पाया। इस कारण अवैध घुसपैठ को पूरी तरह रोकना चुनौती है। उन्होंने बताया कि 4 नवम्बर से अब तक 4910 खुफिया आधारित अभियानों (आईबीओ) को अंजाम दिया गया है, यानी औसतन रोज 233 अभियान। इन अभियानों में 206 आतंकियों को ढेर किया गया। जनवरी से अब तक 67023 अभियान चलाए गए, जिनमें से 53 हजार से अधिक बलूचिस्तान और 12800 से ज्यादा खैबर पख्तूनख्वा में हुए। प्रवक्ता ने कहा कि जनवरी से अब तक 4729 आतंकी घटनाएं हुईं। पाकिस्तान ने फिर कहा कि अफगान तालिबान टीटीपी को सुरक्षित पनाह दे रहा है, जिससे दोनों देशों के संबंध बिगड़ते जा रहे हैं।



■ फायरिंग का मकसद आतंकियों को पार कराना और तस्करों की गाड़ियों को आगे बढ़ाना होता है

# 62 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने की शादी

## पत्नी 16 साल छोटी, प्रधानमंत्री रहते शादी करने वाले अल्बनीज पहले नेता

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने शनिवार को अपनी पार्टनर जोडी हेडन से शादी की। 62 साल के अल्बनीज ऑस्ट्रेलिया के पहले ऐसे पीएम बन गए हैं जिन्होंने पद पर रहते हुए शादी की। अल्बनीज ने 46 साल की जोडी हेडन से कैनबरा में पीएम ऑफिस में शादी की। हेडन फाइनेंशियल सर्विस में काम करती हैं।

अल्बनीज ने फरवरी 2024 में हेडन से सगाई थी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक शब्द में पोस्ट किया-मैरिड। उन्होंने वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वे बो-टाई पहनकर अपनी मुस्कुराती दुल्हन का हाथ थामे दिख रहे हैं। अल्बनीज और हेडन सोमवार से शुक्रवार तक ऑस्ट्रेलिया में ही हनीमून मनाएंगे, जिसका पूरा खर्च अपनी जेब से देंगे यानी कोई सरकारी मदद नहीं लेंगे। ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज ने 14 फरवरी 2024 को वैलेंटाइन डे पर सगाई की थी। ऑस्ट्रेलियाई पीएम की यह दूसरी शादी है। उन्होंने 2019 में अपनी पूर्व पत्नी कार्मेल टेबट से तलाक लिया था। यह शादी 19 साल चली। इस रिश्ते से उनका एक बेटा नाथन है। अल्बनीज और हेडन की मुलाकात 2020 में मेलबर्न में एक बिजनेस डिनर में हुई। थी। हेडन की भी यह दूसरी शादी है। हालांकि हेडन की पहली शादी और तलाक की जानकारी पब्लिक नहीं है। लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बनीज को उनके अपने 'अल्बो' नाम से बुलाते हैं। एंथनी का जन्म 2 मार्च, 1963 को ऑस्ट्रेलिया के शहर कैंपरडॉउन के रूढ़िवादी कैथोलिक ईसाई परिवार में हुआ। एंथनी ने जब से होश संभाला सिर्फ मां को ही अपने आसपास देखा, पिता को नहीं। जब उन्होंने पिता के बारे में पूछा तो उन्हें बताया गया था कि उनकी मां विदेश यात्रा पर गई थीं, वहां उनके पिता से मिलीं, उनसे शादी हुई और जब वह ऑस्ट्रेलिया लौटीं तो एक कार दुर्घटना में उनके पिता की मौत हो गई। वह इसी कहानी पर भरोसा करके बड़े हुए। एंथनी जब 14 साल के हुए थे, तब उनकी मां ने एक शाम खाने के बाद बैठकर असली सच बताया। उन्होंने कहा कि असल में उनकी शादी नहीं हुई थी। वह इटली में एक आदमी से मिली थीं, उसके साथ रिश्ता बना और वह गर्भवती हो गईं। एंथनी के पिता कार्लो क्रूज शिप के मैनेजर थे। साल 1962 में एक विदेश यात्रा के दौरान उनकी मैरियन से मुलाकात हुई। दोनों के बीच प्यार हो गया। कार्लो की किसी और महिला से सगाई हो चुकी थी। वह परिवार और समाज के डर से पुराना रिश्ता तोड़ नहीं सके।



■ अल्बनीज ने 14 फरवरी 2024 को वैलेंटाइन डे पर 46 साल की जोडी से की थी सगाई

## लूव म्यूजियम चोरी के चौथे आरोपी पर मामला दर्ज

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में मौजूद दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालय 'लूव म्यूजियम' में हुई चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए चौथे आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बीएफएमटीवी ने मामले से संबंधित सूत्रों के हवाले से शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए शख्स पर चोरी में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होने का आरोप है। पेरिस के अभियोजक कार्यालय ने मंगलवार को कहा था कि चार आरोपी हिरासत में लिए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तो इनमें से सिर्फ एक म्यूजमि में घुसने वाले चार-सदस्यीय गिरोह का हिस्सा हो सकता है।

# पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक

**ढाका।** पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री और बीएनपी प्रमुख खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक है। इसी बीच उनके बेटे और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान, जो 2008 से लंदन में रह रहे हैं, ने कहा है कि उनका बांग्लादेश लौटना पूरी तरह उनके नियंत्रण में नहीं है।

तारिक रहमान ने शनिवार तड़के फेसबुक पर लिखी पोस्ट में कहा कि हर बेटे की तरह मैं भी इस कठिन समय में अपनी मां के पास रहना चाहता हूं। लेकिन यह फैसला मैं अकेले नहीं ले सकता। कुछ संवेदनशील कारण हैं, जिन पर अभी विस्तार से बोलना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि उनकी 80 वर्षीय मां खालिदा जिया को छाती में इंफेक्शन होने के बाद 23 नवम्बर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यह संक्रमण दिल और फेफड़ों दोनों को प्रभावित कर रहा है। रहमान ने कहा कि उनकी मां की हालत गंभीर संकट में है और वह आईसीयू में लगातार निगरानी में हैं। देश-विदेश के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। बीएनपी ने शुक्रवार को बयान जारी कर लोगों से उनके लिए दुआ करने की अपील की थी। तारिक रहमान ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कौन-सी परिस्थिति उनके वापस आने में बाधा है।

# रणवीर नहीं दीपिका को पड़ी रणबीर की जरूरत



**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर और दीपिका पाद.ुकोण का बड़े पर्दे पर फिर से साथ आना उनके फैंस की लगातार ख्वाहिशों में से एक रहा है और ऐसा लगता है कि यह जल्द ही होने वाला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अयान मुखर्जी अपनी अपकमिंग फिल्म में दोनों को कास्ट करेंगे और अगर लेटेस्ट डेवलपमेंट पर यकीन किया जाए, तो यह राज कपूर और नरगिस की फिल्म चोरी चोरी से थोड़ा-बहुत अडैप्टेड होगा। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि हाल के समय में रणबीर कपूर की फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है वहीं रणवीर सिंह की फिल्में उतनी नहीं चली हैं। इसलिए इस वक्त रणबीर कपूर के करियर का ग्राफ ऊंचा देखा जा रहा है। वहीं दीपिका पादुकोण के करियर की बात की जाए तो मां बनने के बाद उनकी 8 घंटे कि शिफ्ट की डिमांड के चलते एक के बाद एक फिल्में उनके हाथ से चली गई है।

दूसरी ओर उनकी पिछली फिल्में भी कुछ खास नहीं दिखा पाई है। हाल ही में दीपिका ने एक पोस्ट भी लाइक की थी जिसमें उनके फैंस ने रणबीर के साथ फिल्म करने मांग की थी। तो ऐसे में लगता है कि दीपिका भी रणबीर के साथ फिल्म करने में दिलचस्पी ले रही हैं। ऐसे में अयान की फिल्म का अपडेट आना फैंस के लिए खुशखबरी जैसा है। रणबीर कपूर अपने दादा और हिंदी सिनेमा के शोमैन राज कपूर की डायरेक्ट की हुई फिल्म को फिर से करेंगे। खबर है कि आने वाले प्रोजेक्ट में आज के जमाने का ट्विस्ट होगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि नई मूवी में स्टोरीलाइन नहीं होगी, हालांकि, सेंट्रल कहानी वही रहेगी, लेकिन मॉडर्न सेटिंग में। इतना ही नहीं, खबर है कि रणबीर इस फिल्म के साथ RK फिल्म्स बैनर को फिर से शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। यह नए बैनर के तहत उनका पहला प्रोडक्शन होगा। रणबीर और दीपिका एक दशक बाद फिर से साथ काम करेंगे। उन्हें आखिरी बार इम्तियाज अली की तमाशा 2015 में साथ देखा गया था। अयान मुखर्जी के डायरेक्शन में बनी ए जवानी है दीवानी में त्ज्ञ और क्च की केमिस्ट्री आज भी उनके फैंस को पसंद है। एक फैन ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने प्रोड्यूसर्स और फिल्ममेकर्स से रिक्वेस्ट की कि वे रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण को एक फिल्म के लिए स्क्रीन पर साथ लाएं। वीडियो में उन्होंने कहा कि प्रोड्यूसर्स को कलेक्शन की चिंता करने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि जिस मूवी में वे दोनों होंगे, वह बहुत बड़ी हिट होगी। इस पोस्ट पर दीपिका पादुकोण का लाइक देखकर फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है। रणबीर कपूर की अपक. मिंग फिल्मों में संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर है जिसमें उनके साथ विक्की कौशल और आलिया भट्ट हैं। यह फिल्म अगले साल अगस्त में रिलीज होगी। उनके पास नितेश तिवारी की बड़ी फिल्म रामायण भी है। दूसरी ओर दीपिका अगली बार एटली की फिल्म में दिखेंगी जिसमें अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं हुआ है। वह अभी शाहरुख खान की किंग में काम कर रही हैं। यह अगले साल थिएटर में आएगी।



## रणवीर सिंह ने इफ्फी 2025 में रजनीकांत से मुलाकात की

**पणजी।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत को महान शख्सियत बताते हुए कहा कि वह इतने बड़े नहीं हैं कि उनके जैसे महान शख्सियत के बारे में कुछ कह सकें। रजनीकांत को फिल्म इंडस्ट्री में 50 वर्ष पूरे करने पर 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव इफ्फी में सम्मानित किया गया।

इस दौरान रणवीर सिंह, रजनीकांत से मिले। यह सिर्फ एक मुलाकात नहीं थी बल्कि यह परंपरा, आकर्षण और एक ही जगह खड़ी दो बड़े क्रिएटिव ताकतों का जश्न था। जब रणवीर स्टेज पर आए और रजनीकांत को नमस्कार किया, तो उन्होंने कहा, मैं इतना बड़ा नहीं हूं कि इतनी महान शख्सियत के बारे में कुछ कह सकूं, रणवीर सिंह ने इसी बात से फिर एक बार सबका दिल जीत लिया। रजनीकांत और रणवीर जब दोनों ने मंच पर एक-दूसरे का अभिवादन किया, तो माहौल अचानक बदल गया: फैन्स खुशी से झूम उठे, कैमरे लगातार चमकने लगे और यह पल फिल्म इतिहास में दर्ज होने जैसा बन गया।उनकी बातचीत सिर्फ स्टार पावर नहीं दिखा रही थी। यह दो फिल्मी दुनिया के मिलकर आने जैसा था, जैसे रणवीर की अच्छी एक्टिंग और रजनीकांत की सादगी भरी लेकिन बेहद असरदार पहचान का मिलना। दोनों अपने-अपने तरीके से एक अलग पहचान रखते हैं। रणवीर नई पीढ़ी के वो स्टार हैं जो स्टार बनने का मतलब बदल रहे हैं, जबकि रजनीकांत वो स्टार हैं जिन्हें लोग सबसे बड़ा सुपरस्टार मानते हैं। लाखों लोग उन्हें सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक महान इंसान की तरह देखते हैं।

# 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का हुआ भव्य समापन



**पणजी।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 का शुक्रवार की शाम गोवा के डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में भव्य समापन हुआ।

पिछले नौ दिनों 20-28 नवम्बर के दौरान, गोवा भर में फैले फिल्म महोत्सव के स्थलों पर दमदार कहानियों और जीवंत प्रदर्शनों ने सिल्वर स्क्रीन और मंचों को अपनी कला से जगमगा दिया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए और कला के लिए एक वैश्विक भावना देखने को मिली। प्रतिष्ठित और उभरते कलाकारों की रेड कार्पेट पेशकश, शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रतिष्ठित तथा नई सिनेमाई प्रतिभाओं को सम्मानित करने वाले पुरस्कारों ने इस शाम को सिनेमा प्रेमियों के लिए यादगार बना दिया। उत्सव का समापन रत्चापूम बूनबंचचोक द्वारा निर्देशित फिल्म यह यूजफुल घोस्ट के प्रदर्शन के साथ हुआ, सिनेमा की एक ऐसी अनूठी प्रस्तुति, जिसने कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों और पुरस्कारों में प्रशंसा हासिल की है।शाम के समारोहों के बीच, बहुप्रतीक्षित पुरस्कारों की घोषणा के साथ इस पूरे समारोह के वो खास पल सामने आए, जिसमें उन प्रतिभाशाली रचनाकारों और उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

जिन्होंने अपनी कलात्मक उत्कृष्टता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एशले मेफेयर द्वारा निर्देशित स्किन ऑफ यूथ ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक पुरस्कार हासिल किया। मराठी फिल्म गोंधल के निर्देशक संतोष दवाखर को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सिल्वर पीकॉक पुरस्कार मिला। स्पेनिश फिल्म अ पोएट के मुख्य अभिनेता उबेइमार रियोस को सर्वश्रेष्ठ पुरुष अभिनेता का सिल्वर पीकॉक पुरस्कार मिला। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए सिल्वर पीकॉक पुरस्कार, लिटिल ट्रबल गर्ल्स की निर्माता जारा सोफिया ओस्तान द्वारा स्वीकार किया गया। माई फादर्स शैडो के निर्देशक अकिनोला डेविस जूनियर को विशेष निर्णायक मंडल पुरस्कार मिलामाई फादर्स शैडो के निर्देशक अकिनोला डेविस जूनियर को विशेष निर्णायक मंडल पुरस्कार मिला।

# किियारा और सिद्धार्थ ने बेटी सराया की पहली तस्वीर शेयर की



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के पॉपुलर कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने अपनी नवजात बेटी के नाम का खुलासा किया है। एक दिल छू लेने वाले इंस्टाग्राम पोस्ट में दोनों कलाकारों ने बताया कि उन्होंने अपनी छोटी राजकुमारी का नाम सराया मल्होत्र रखा है। साथ ही उन्होंने कपल के हाथों में बेटी के नन्हे-नन्हे पैरों की एक कोमल तस्वीर भी शेयर की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हमारी दुआओं से हमारी गोद में हमारी दैवीय आशीर्वाद, हमारी राजकुमारी, सराया मल्होत्रा। इस जोड़ी ने इससे पहले 16 जुलाई को अपनी बेटी के जन्म की खुशखबरी फैंस के साथ साझा की थी।

एक्टर सिद्धार्थ और कियारा ने फरवरी 2023 में राजस्थान में शानदार लेकिन निजी समारोह में शादी रचाई थी। दोनों पहली बार फिल्म शेरशाह की शूटिंग के दौरान मिले और प्यार हो गया। वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा हाल ही में तुषार जलोटा के निर्देशन में बनी और दिनेश विजन की मैडॉक फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म ष्परम सुंदरीष में नजर आए थे, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री जान्हवी कपूर थीं। अभिनेत्री कियारा आडवाणी की सबसे हालिया रिलीज फिल्म वॉर 2 रही, जिसका निर्देशन आयान मुखर्जी ने किया है। इसमें एक्टर हृतिक रोशन ने एक बार फिर कबीर का किरदार निभाया। सीक्वल में जूनियर एनटीआर और श्री हृतिक रोशन के बीच देशसेवा के अपने-अपने आदर्शों के लिए जोरदार टक्कर देखने को मिली। वॉर 2 रजनीकांत की फिल्म कुली के साथ रिलीज हुई थी, जिसमें नागार्जुन भी मुख्य भूमिका में हैं।

# महावतार नरसिम्हा बेस्ट एनिमेटेड कैटेगरी में ऑस्कर की रेस में शामिल



**मुंबई।** भारत की पौराणिक एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स में बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म की ऑस्कर रेस में शामिल हो गई है। अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने 2026 के ऑस्कर के लिए विचाराधीन 35 एनिमेटेड फीचर फिल्मों की एक सूची जारी की है, जिससे भारतीय फिल्म बड़े अंतरराष्ट्रीय दावेदारों में शामिल हो गई है। ऑस्कर में महावतार नरसिम्हा का मुकाबला के-पॉप डेमन हंटर, जूटोपिया 2 और डेमन स्लेयर किमेत्सु नो याइबा इनफिनिटी कैसल जैसी हिट फिल्मों से होगा। एएमपीएएस ने एक आधिकारिक घोषणा में कहा कि 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए एनिमेटेड फीचर फिल्म कैटेगरी में 35 फीचर फिल्में विचार के लिए मौजूद हैं। कुछ फिल्में अभी क्वालिफाई नहीं हुई हैं। इन्हें प्रक्रिया पूरी करनी होगी और वोटिंग प्रोसेस में आगे बढ़ने के लिए सभी कैटेगरी नियमों का पालन करना होगा।

वोटिंग राउंड के बाद आखिरी पांच नॉमिनी की घोषणा की जाएगी। एकेडमी ने आगे साफ किया कि एनिमेशन शाखा के सदस्य अपने आप कैटेगरी में वोट करते हैं, जबकि दूसरे एकेडमी सदस्य अगर कम से कम देखने की जरूरतें पूरी करते हैं तो वे इसमें शामिल हो सकते हैं। इंटरनेशनल फीचर फिल्म के लिए शामिल की गई एनिमेटेड फीचर फिल्म भी एनिमेटेड कैटेगरी में योग्य हैं, और फिल्म इसके अलावा बेस्ट पिक्चर और दूसरे अवॉर्ड के लिए भी क्वालिफाई कर सकती हैं। अश्विन कुमार द्वारा निर्देशित और होम्बले फिल्म्स के तहत शिल्पा धवन द्वारा प्रोड्यूस की गई, महावतार नरसिम्हा भगवान नरसिम्हा की कहानी है, जो भगवान विष्णु के आधे इंसान, आधे शेर के अवतार हैं। यह फिल्म विष्णु के दस अवतारों से प्रभावित , प्लान किए गए सात-भाग वाले महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स का पहला भाग है। फिल्म अभी नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

# एक्शन फिल्म स्वयंभू की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** निकिल सिद्धार्था, साम्युक्था और नभा नटेश की आने वाली ऐतिहासिक एक्शन फिल्म स्वयंभू की शूटिंग पूरी हो गई है। इस मौके पर मेकर्स ने राइज ऑफ स्वयंभू नाम का एक खास वीडियो जारी किया। इस वीडियो में फिल्म की भव्य दुनिया, शानदार सेट्स और बड़े पैमाने पर हुए काम की झलक दिखाई गई है। मेकर्स ने एक और बड़ी खबर साझा की है। फिल्म के ओवरसीज विदेशों में राइट्स फार्स फिल्म ने खरीद लिए हैं। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक जबरदस्त वीडियो डालकर बताया कि ओवरसीज राइट्स फार्स फिल्म को बेच दिए गए हैं। मनोरंजन जगत के कुछ बेहतरीन टेक्निशियंस और क्रिएटर्स, डायरेक्टर भरत कृष्णमाचारि, केजीएफ और सालार के म्यूजकि डायरेक्टर रवि बसरूर, बाहुबली और आरआरआर के सिनेमैटोग्राफर के.के. सेंथिल कुमार, बाहुबली के एडिटर तमीराजू और कई अन्य प्रतिभाशाली आर्टिस्ट, सभी इस महत्वाकांक्षी फिल्म की तैयारी में जुड़े हुए हैं। फिल्म की शूटिग में लगभग 170 दिन लगे। स्वयंभू को पिक्सेल स्टूडियोज के भूवन और श्रीकर ने प्रोड्यूस किया है। भारत के गौरवशाली इतिहास और शाश्वत वैभव को समर्पित यह भव्य फिल्म अगले साल 13 फरवरी को महाशिवरात्रि के मौके पर दुनियाभर में रिलीज होगी।

# दिल्ली के बाद अब राजस्थान में भी टैक्स फ्री हुई फिल्म 120 बहादुर




**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार-अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर को दिल्ली के बाद अब राजस्थान में भी टैक्स-फ्री कर दिया गया है।

फिल्म 120 बहादुर हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस साल की सबसे ज्यादा इंतेजार की जाने वाली फिल्मों में से एक, यह फिल्म मीडिया और बॉलीवुड सेलिब्रिटीज दोनों से जबरदस्त तारीफें बटोर रही है। दिल्ली के बाद इसे अब राजस्थान में भी टैक्स-फ्री घोषित कर दिया गया है। फरहान अख्तर ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, ष्हम राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। यह उनका सम्मानजनक कदम है, जो मेजर शैतान सिंह भाटी पीवीसी और चार्ली कंपनी के प्रत्येक सैनिक के असाधारण साहस को श्रद्धांजलि देता है। फिल्म 120 बहादुर, 13 कुमाऊं रेजिमेंट के 120 भारतीय सैनिकों की जबरदस्त बहादुरी को दिखाती है, जिन्होंने 1962 के युद्ध में हुई मशहूर रेजांग ला की लड़ाई में हिस्सा लिया था। फरहान अख्तर इस फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी, पीवीसी, की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपने साथियों के साथ मिलकर भारतीय सेना के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण लड़ाइयों में से एक में हर मुश्किल के सामने डटे रहे। इस फिल्म रजनीश रेजी घई ने निर्देशित किया है और इसे रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर एक्सेल एंटरटेनमेंट और अमित चंद्रा ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज ने प्रोड्यूस किया है।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108